# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार, 19 फरवरी 2025


## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के लिए एक और मौका

### 21 फरवरी तक बढ़ाई गई अंतिम तिथि



नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के लिए आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा के लिए आवेदन करने की समयसीमा को आगे बढ़ा दिया है। ताजा नोटिस के अनुसार, उम्मीदवार अब 21 फरवरी, 2025 तक आवेदन कर सकेंगे। प्रारंभिक, मुख्य और शेष पेज 4 पर

चार्टर्ड अकाउंटेंट आस्था अग्रहरि वैश्य ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 के संदर्भ में हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा

# इन्वेस्टर समिट से आकर्षित होंगे निवेशक,मप्र की समृद्धि और विकास को लगेंगे पंख

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 मप्र के औद्योगिक विकास और समृद्धि को उड़ान देने वाला होगा। इस प्रकार के कार्यक्रमों से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को सरकारी नीतियों की जानकारी सहजता से प्राप्त होती है। वे अपनी समस्याओं को और अपनी अपेक्षाओं को सरकार तक वन टू वन पहुंचा पाते हैं। मप्र संभावनाओं का प्रदेश रहा है। जिला स्तर पर लैंड बैंक सब्सिडी योजनाएं पावर कनेक्टिविटी 5500 किमी का राजमार्ग, 6 एयरपोर्ट स्थापित किया जा चुके हैं। यह निवेशकों को निश्चित रूप से आकर्षित करेगा। यह बात राजधानी भोपाल की ख्याति प्राप्त चार्टर्ड अकाउंटेंट आस्था अग्रहरि वैश्य ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 के संदर्भ में हरिभूमि से चर्चा करते हुए कही।






मध्यप्रदेश में जिला स्तर पर लैंड बैंक सब्सिडी योजनाएं पावर कनेक्टिविटी, 5500 किमी का राजमार्ग और 6 एयरपोर्ट स्थापित किए जा चुके हैं

## टूरिज्म हेल्थ केयर, नवकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स की अनंत संभावनाएं

चार्टर्ड अकाउंटेंट आस्था ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से प्रदेश में नए उद्योगों का और नए रोजगार का सृजन होगा और राज्य का राजस्व भी बढ़ेगा। इससे राज्य और देश को आर्थिक लाभ होगा। मध्यप्रदेश में विशेष रूप से टूरिज्म हेल्थ केयर, नवकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स की अनंत संभावनाएं हैं। साथी खनिज, कॉटन जैसे रॉ-मैटेरियल तकनीकी कौशल एवं औद्योगिक कामगार की उपलब्धता दर्शाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। टेक्सटाइल एवं फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में विदेशी निवेशकों से खासी उम्मीद की जा रही है, इन दोनों ही क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के अनगिनत अवसर उत्पन्न किया जा सकते हैं।

### भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बनने में मप्र का अहम योगदान

भारत को पांचवीं से तीसरी अर्थव्यवस्था बनने में मध्य प्रदेश का अहम योगदान रहे, इसके लिए सरकार पूरी तरह प्रयासरत दिखती है। इसमें यह समिट मील का पत्थर साबित हो सकती है। अब तक के सभी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट भोपाल से बाहर हुए हैं। यह पहली बार है कि जिस भोपाल में किया जा रहा है। यह समिट मध्य प्रदेश सरकार की ओर से एग्रेसिव मार्केटिंग की झलक को भी दर्शाता है।

### राज्य में आर्थिक समृद्धि व विकास की सतत धारा प्रवाहित हो

आस्था ने कहा कि मप्र की जनता यह आशा कर रही है कि विदेशी व स्वदेशी निवेशकों के माध्यम से राज्य में आर्थिक समृद्धि व विकास की सतत धारा प्रवाहित हो। हमारा मप्र समृद्धशाली और विकसित हो। उम्मीद है कि 5 वर्षों में 20 लाख रोजगार और जीडीपी को 2.9 लाख करोड़ से बढ़कर 6 लाख करोड़ का तय लक्ष्य पूरा होगा। *इंपैक्ट फीचर*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कान्हा नेशनल पार्क में ब्रिटिश पर्यटक की मौत

**बालाघाट।** कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में एक ब्रिटिश पर्यटक की मौत हो गई। यूनाइटेड किंगडम के मिस्टर



रोस गोल्डस्वर्थी (69) 17 फरवरी को आगरा से कान्हा उद्यान पहुंचे थे। मुक्की में सफारी के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें तुरंत बैहर अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है।

### जबलपुर के निजी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**जबलपुर।** शहर के एक निजी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली। किसी अंजान शख्स ने



स्कूल के ऑफिशियल मेल आईडी पर मेल कर धमकी दी थी। स्कूल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस और बच्चों के परिजनों को सूचना दी। बम डिस्पोजल की टीम मौके पर पहुंची। जांच में बम या कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली।

### 10 दिन बाद फिर शुरू हुई प्रेमानंद महाराज की यात्रा

**मथुरा।** मथुरा के वृंदावन के प्रमुख संत प्रेमानंद जी महाराज ने मंगलवार को 10 दिन बाद अपनी



पदयात्रा निकाली। यात्रा कृष्ण शरणम से शुरू हुई और संत जी के आश्रम हित राधा केली कुंज में सामाप्त हुई। हजारों भक्तों ने दर्शन किए। बता दें एक सोसाइटी के लोगों द्वारा यात्रा का विरोध किया गया था। जिससे 6 फरवरी के बाद यात्रा स्थगित कर दी थी।

रायसेन में मुख्यमंत्री डॉ.यादव, केंद्रीय मंत्री चौहान ने किया 'नक्शा सर्वे अभियान' लॉन्च

# शिवराज बोले: चुटकियों में सुलझेगा जमीन विवाद, लोगों को मिलेगा डिजिटल 'नक्शा'



नक्शा प्रोजेक्ट के तहत 23 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश इस योजना से जुड़े हुए हैं, प्रदेश के 10 नगरों सहित देश के 152 नगरों का ड्रोन की मदद से सर्वेक्षण होगा और डिजिटल मैपिंग कर भूमि अधिकार अभिलेख का डिजिटलीकरण किया जाएगा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

प्रदेश के रायसेन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को शहरी सर्वेक्षण 'नक्शा' पायलट परियोजना का शुभारंभ किया। शिवराज ने कहा कि यह केवल रायसेन या मध्यप्रदेश का कार्यक्रम नहीं है। यहां से पूरे हिंदुस्तान का नक्शा कार्यक्रम लॉन्च किया जा रहा है।

23 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश इस योजना से जुड़े हुए हैं, लेकिन मेरी इच्छा थी कि मैं यह कार्यक्रम रायसेन से शुरू करूं। अब जमीन के विवाद चुटकियों में सुलझेंगे और लोगों को डिजिटल नक्शा मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत ड्रोन-सैटेलाइट से शहरी जमीन का सर्वे होगा और सरकारी रिकॉर्ड सही-साफ दिखेंगे। केंद्रीय भूमि संसाधन विभाग ने डिजिटल इंडिया लैंड शेष पेज 4 पर



ड्रोन-सैटेलाइट से होगा शहरी जमीन का सर्वे सरकारी रिकॉर्ड सही-साफ दिखेंगे



### मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले

### कांग्रेस बंद हो जाएगी, लेकिन लाड़ली बहना योजना नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बंद हो जाएगी, लेकिन लाड़ली बहना योजना बंद नहीं होगी। इस मामले में वह दुष्प्रचार करती रहती है। उन्होंने कहा कि नक्शा योजना से किसानों को फायदा होगा। हर खेत को पानी और बिजली मिलेगी। आपके अपने गांव में, आपके शहर में, आपके अनुभाग में ड्रोन से सर्वे करके नक्शे के आधार पर काम किया जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि वॉटर शेड का कार्यक्रम भी शुरू किया गया है। इसमें शेष पेज 4 पर

### इस योजना का यह होगा फायदा

नक्शा प्रोजेक्ट का फायदा यह होगा कि भूमि का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होने से शहरी क्षेत्र की संपत्तियों का सटीकता से सीमांकन हो सकेगा। इससे संपति के स्वामित्व की जानकारी रजिस्टर्ड होगी और भूमि से जुड़े रिकॉर्ड डिजिटली उपलब्ध होंगे। भूमि के डिजीटालाइजेशन के साथ आम व्यक्ति अपनी संपति की जानकारी ऑनलाइन एक शेष पेज 4 पर

### तीन चरणों में पूरा होगा यह पायलट प्रोजेक्ट

नक्शा प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के 10 नगरों सहित देश के 152 नगरों का ड्रोन की मदद से सर्वेक्षण होगा और डिजिटल मैपिंग कर भूमि अधिकार अभिलेख का डिजिटलीकरण किया जाएगा। इस पायलेट प्रोजेक्ट को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में एरियल सर्वे होगा। इसमें शहरी आवासीय आबादी की हाई रेज्युलूशन इमेज ली जाएगी और डिजिटल मानचित्र बनाया जाएगा। इसके बाद थ्री डी मॉडल तैयार होगा। इससे सतह से जमीन की ऊंचाई को आसानी से मापा जा सकेगा। दूसरे चरण में एरियल सर्वे के डाटा को फील्ड सर्वे से वैरीफाइ किया जाएगा। और तीसरे चरण में दावा-आपत्तियों को बुलाया जाएगा। प्रक्रिया पूरी होने के बाद डाटा नक्शा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा और संपत्ति मालिकों को भूमि अभिलेखों की तमाम जानकारी के साथ अर्बन प्रॉपर्टी कार्ड मिलेगा।

भिंड में मौत बनकर दौड़ा डंपर



## ग्रामीणों के लोडिंग वाहन को मारी टक्कर, 5 की मौत, 20 लोग घायल

शादी समारोह से लौट रहे थे, सभी आपस में रिश्तेदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिंड

नेशनल हाईवे क्रमांक 719 पर जवाहरपुरा गांव के पास तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खड़े लोडिंग वाहन को टक्कर मार दी।

हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। 20 घायल हैं। लोडिंग वाहन को टक्कर मारने के बाद डंपर ने बाइक को भी चपेट में ले लिया। हादसा मंगलवार सुबह करीब 5 बजे हुआ। हादसे के शिकार सभी लोग जवाहरपुरा गांव में शादी से अपने गांव भवानीपुरा लौट रहे थे। सभी आपस शेष पेज 4 पर

### सीएम ने जताई संवेदना आर्थिक मदद का ऐलान

उधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 1-1 लाख और सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने एक्स पर कहा कि मेरी संवेदनाएं सभी शोकाकुल परिजनों के साथ है। हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनके समुचित उपचार की व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन को आदेश दिया गया है।

रीवा में डंपर ने दो बाइक को मारी टक्कर

## 5 युवकों को रौंदा, 4 ने मौके पर ही दम तोड़ा



### मृतक एक ही परिवार के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

जिले में मंगलवार को एक ट्रक ने दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी, जिससे एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक शख्स घायल भी हो गया। दुर्घटना जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर चुरहटा थाना क्षेत्र के तहत रीवा-सेमरिया रोड पर मरहा गांव के पास सुबह करीब 10.30 बजे हुई। बताया गया है कि पीड़ित दो शेष पेज 4 पर

### परिजनों ने किया चक्काजाम

हादसे के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क जाम कर दिया। विरोध प्रदर्शन में शामिल एक प्रत्यक्षदर्शी रजनीश शुक्ला ने दावा किया कि तेज रफ्तार ट्रक ने दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी, सवारों को कुचल दिया और मौके से भाग गया। उन्होंने बताया कि चार लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। मृतकों की पहचान आशीष साकेत, शिव बहादुर साकेत, सागर साकेत और आशिक साकेत के रूप में हुई है।

अश्लील कंटेंट को लेकर ग्वालियर हाई कोर्ट में याचिका

## कोर्ट ने केंद्र से सोशल मीडिया रील्स से जुड़े नियमों की मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्वालियर

सोशल मीडिया पर फैल रही अश्लीलता और रील्स के जरिए उसका प्रचार करने के खिलाफ देश में पहली बार एक जनहित याचिका दायर की गई है।

यह याचिका ग्वालियर स्थित मुरार निवासी अनिल बनवारिया द्वारा, उनके अधिवक्ता अवधेश सिंह भदोरिया के माध्यम से हाईकोर्ट में दायर की गई है। इस याचिका में सोशल मीडिया पर रील्स के जरिए




अश्लील सामग्री दिखाए जाने और इसके समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर चिंता जताई गई है। हाईकोर्ट में इस मामले की अहम सुनवाई सोमवार को हुई, जिसमें न्यायालय ने केंद्र सरकार से सोशल शेष पेज 4 पर

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट का अहम आदेश

## पीथमपुर में 27 फरवरी से जलाया जाएगा यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड का कचरा जलाने के मामले पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने पीथमपुर में 340 टन यूनियन कार्बाइड जहरीले कचरे को जलाने के लिए कहा है। कोर्ट ने कहा कि यह एक ट्रायल रन के तौर किया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि 27 फरवरी को पहले चरण में 10 मीट्रिक टन कचरा जलाया जाए। इसके बाद इसी मात्रा के दो दौर यानी



कुल तीन प्रारंभिक चरण पूर्ण किए जाएं। इस प्रक्रिया में प्रदूषण नियंत्रण मंडल सहित अन्य की गाइडलाइन का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शेष पेज 4 पर

### *ट्रायल रन के दौरान इन नियमों का करना होगा पालन*

*ट्रायल रन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की शर्तों के अनुपालन में विभिन्न फ़ीड दरों, जैसे 90 किलोग्राम/घंटा,135 किलोग्राम/घंटा, 180 किलोग्राम/घंटा, या 270 किलोग्राम/घंटा पर इस जहरीले कचरे के एक हिस्से का निपटान शामिल होगा। प्रत्येक ट्रायल रन में तीन से चार दिन लगेंगे। बता दें जनवरी 2025 में कचरा पीथमपुर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया था। इसके बाद कचरा कंटेनरों से बाहर नहीं निकाला गया।*

बम निरोधक दस्ते टीम ने यात्रियों के सामान की सघन जांच की

## कामायनी एक्सप्रेस में बम की सूचना से हड़कंप, बीना में साढ़े 4 घंटे रोकी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बीना

प्रयागराज से आने वाली कामायनी एक्सप्रेस एवं काशी एक्सप्रेस में बम की सूचना मिलने पर कामायनी एक्सप्रेस बीना स्टेशन पर करीब साढ़े 4 घंटे तक रुकी रही। ट्रेन से यात्रियों को बाहर निकालकर सागर से आए बम निरोधक दस्ता की टीम ने यात्रियों के सामान की सघन जांच की। जांच में कुछ नहीं पाए जाने पर ट्रेन को

■ डेढ़ घंटे चली जांच के बाद ट्रेन को किया रवाना



भोपाल की ओर रवाना किया गया। कामायनी एक्सप्रेस बीना में सुबह 11.30 बजे आई थी, जो दोपहर 3.55 बजे स्टेशन से रवाना हुई। जानकारी के अनुसार बलिया से लोकमान्य तिलक मुंबई जाने शेष पेज 4 पर

### रेल यातायात प्रभावित नहीं

प्रभारी स्टेशन प्रबंधक डीके जैन ने बताया कि कंट्रोल भोपाल से मैसेज मिलने के बाद ट्रेन को स्टेशन पर रोकी गई थी। जांच में इस तरह की घटना नहीं पाए जाने पर ट्रेन को दोपहर 3.55 बजे रवाना किया गया है। यहां ट्रेन करीब साढ़े 4 घंटे तक खड़ी रही। इससे किसी तरह का रेल यातायात प्रभावित नहीं हुआ है।

पश्चिमी विक्षोभ के असर से मध्यप्रदेश में बदला मौसम का मिजाज, कहीं धूप तक कहीं बौछार

दो दिन चलेगा तापमान में उतार चढ़ाव का सिलसिला

## ग्वालियर-चंबल में बौछारों के बाद 5 डिग्री गिरा पारा, आज भी बूंदाबांदी के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

प्रदेश में मौसम के साथ तापमान में बदलाव लगातार जारी है। सोमवार से मंगलवार के बीच कुछ जिलों में बौछारों और बूंदाबांदी के बाद जहां दिन का पारा तेजी से गिरा, वहीं शेष जिलों में मामूली बढ़ोतरी रही।

ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों के साथ आसपास के इलाकों में मंगलवार देर शाम तक बादलों के साथ बौछारें और बूंदाबांदी से दिन के तापमान में 4 से 5 डिग्री तक कमी आई। यह ग्वालियर में शेष पेज 4 पर

*गुना, नर्मदापुरम, शिवपुरी, रीवा, सतना, सिवनी, टीकमगढ़ आदि जिलों में आधा से एक डिग्री तक कमी आई। प्रदेश में औसत दिन का पारा 32 डिग्री तक रहा। भोपाल में धूप खिलने से दिन के तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है।*



मुरैना में बारिश का दृश्य

### आज यहां होगी बारिश

मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी सहित आसपास के हिस्सों में बादलों के साथ बौछारें पडने का अलर्ट है। आसपास के जिलों में बादल छाए रहने से दिन के तापमान में कुछ कमी आ सकती है। भोपाल में मौसम साफ रहने से तापमान में मामूली बदलाव होगा।

### प्रदेश में सिस्टम सक्रिय बदला रहेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और आसपास के हिस्सों में एक सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय है। वहीं, एक प्रेरित चक्रवातीय परिसंचरण दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान और आसपास के हिस्सों में सक्रिय है। इससे प्रदेश में हवाएं पूर्वी होने के साथ दक्षिणी भी हो रही हैं। नमी बढने मप्र के हिस्सों में बादल, बौछारें और बूंदाबांदी होने की उम्मीद है।

# आज मनाई जाएगी शिवाजी महाराज की जयंती: जगह-जगह होंगे कार्यक्रम, निकलेगी शोभायात्रा

## लिंक रोड नंबर-एक पर स्थित शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर करेंगे माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मराठा वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बुधवार को धूमधाम व उमंग के साथ मनाई जाएगी। इस मौके पर राजधानी में अलग-अलग स्थानों पर कई कार्यक्रम होंगे। कई जगहों से शोभायात्रा निकाली जाएगी। लिंक रोड नंबर-एक पर स्थित शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचेंगे।

### निकलेगी विशाल वाहन रैली

श्री छत्रपति शिवाजी महाराज सेवा कल्याण समिति के नेतृत्व में शिवाजी जयंती के मौके पर में विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शिवाजी महाराज की नवनिर्मित भव्य प्रतिमा, के साथ सैकड़ों की संख्या में मातृ शक्ति भगवा साफे के साथ सम्मिलित होंगी, रैली में सेकड़ों नागरिक बंधु भगवा ध्वज लेकर, रैली में सम्मिलित होंगे। रैली सुबह 11:30 बजे वीर सावरकर चौराहा धर्मकांटे, से प्रारंभ होकर, इब्राहिमगंज, बस स्टैंड, घोडा निक्कास, जुमेराती, सराफा चौक से होकर, भवानी चौक सोमवारा पर समापन होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद आलोक शर्मा मौजूद रहेंगे।

## महाशिवरात्रि पर्व पर निकलेगी शिव बारात पशुपतिनाथ मंदिर में होगा जलाभिषेक



श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर गोविन्दपुरा के अध्यक्ष लोकमणी घिमिरे ने बताया कि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गंगाजलि कलश यात्रा-शिव बारात निकाली जाएगी। नगर भ्रमण के बाद मंदिर पहुंचकर गंगाजल से भगवान श्री पशुपतिनाथ जी का अभिषेक किया जाएगा। सायं मंदिर परिसर में सात लाख ज्योत जलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को भगवान श्री गणेश जी का पूजन एवं 26 फरवरी को श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, 5 नम्बर में गंगाजली कलश पूजन एवं आरती की जाएगी।

## महाशिवरात्रि से पहले ठीक होगी शिव बारात मार्ग की सभी सड़कें

महाशिवरात्रि पर्व पर पुराने शहर से निकलने वाली भव्य शिव बारात के पहले बारात मार्ग की सड़कों को दुरुस्त कर गड्ढे आदि भरवा दिए जाएंगे। इसको लेकर मंगलवार को श्री बड़वाले महादेव मंदिर परिसर में प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, बिजली विभाग, पीडब्ल्यूडी, सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर समस्त बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए। डीसीपी रियाज इकबाल, एडिशनल डीसीपी शालिनी दीक्षित सहित अन्य अधिकारियों ने पूरे बारात मार्ग पर की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा की। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बारात मार्ग पर आने वाली समस्याओं एवं अन्य व्यवस्थाओं हेतु समस्त अधिकारियों को अवगत कराया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मनोज राठौर पार्षद बड़कुल आकाश अग्रवाल मोनू राठौर सहित बड़ी संख्या में अधिकारीगण मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### नूतन कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य पर सेमिनार में विशेषज्ञों ने रखे विचार

**भोपाल।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत राजधानी स्थित सरोजिनी नायडू शासकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल के निर्देशन में आयोजित इस सेमिनार की शुरुआत सरोजिनी नायडू महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ दीप्ति श्रीवास्तव ने की।

### जामा मस्जिद के किराएदार कारोबारी परेशान, पीएम को लिखा पत्र

**भोपाल।** पुराने भोपाल के चौक बाजार, लखेरापुरा, जैन मंदिर, मारवाड़ी रोड और लोहा बाजार के कुछ व्यापारियों ने औकाफ ए शाही प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। चौक बाजार के जामा मस्जिद में किराए से दुकानें लेकर कारोबार करने वाले व्यवसाइयों पर जबरन शर्तें थोपी जा रही हैं। किराया एग्रीमेंट के अनुसार किराया हर साल पांच प्रतिशत बढ़ना चाहिए, लेकिन मनमानी से 10 प्रतिशत बढ़ाया जा रहा है। व्यापारियों के अनुसार उन्हें हटाने की धमकी दी जाती है, जिससे बाजार में असुरक्षा का माहौल है। अधिवक्ता जगदीश छावनी का कहना है कि व्यापारियों ने प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री को पत्र लिखकर पूरे मामले की जानकारी दी है। मुझे भी पत्र भेजा गया है। प्रशासन को जांच कर उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

### बिना रेडियम-रिफ्लेक्टर वाले डिवाइडर से हो रहे हादसे, जवाब-तलब

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल शहर में बिना रेडियम-रिफ्लेक्टर वाले डिवाइडर्स से हादसे होने के मामले में संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त और लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मामले में आयोग ने की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी अधिकारियों से तलब की है। आयोग के संज्ञान में आया है कि, रायसेन रोड पर पुल बोगदा से सुभाष नगर चौराहे तक बने डिवाइडर से आये दिन सड़क हादसे हो रहे है। शहर में ऐसे 10 से ज्यादा मार्ग है, जहां डिवाइडर पर न तो रेडियम लगे है और न ही रिफ्लेक्टर लगे है। इस कारण वाहन चालकों के साथ सड़क हादसे हो रहे हैं।

## भोपाल-रामगंजमंडी रेल परियोजना का काम जोरों पर

# जल्द ही पमरे जोन के खिलचीपुर तक दौड़ेगी ट्रेन, कल सीआरएस करेंगे काम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल-रामगंजमंडी रेल परियोजना के काम ने रफ्तार पकड़ ली है। आने वाले दिनों में पमरे जोन के खिलचीपुर तक ट्रेन दौड़ती नजर आएगी। नयागांव तक काम व निरीक्षण पूरा होने के बाद ट्रेन का संचालन करने की तैयारी की जा रही है, वहीं नयागांव से आगे खिलचीपुर करीब 20 किलोमीटर के ट्रेक का काम पूरा हो चुका है।

वहीं 20 फरवरी गुरुवार को मुंबई से रेल संरक्षा आयुक्त सीआरएस इस सेक्शन का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान ट्रैक का बारीकी से निरीक्षण किया जाएगा। अगर सबकुछ ठीक रहा, तो इस सेक्शन पर रेल यातायात की स्वीकृति मिल सकती है। इसको लेकर पमरे जोन के अधिकारी जोर-शोर से तैयारी में जुटे हैं। उल्लेखनीय है कि भोपाल-रामगंजमंडी रेल परियोजना का काम करीब 14 साल से चल रहा है, लेकिन अतिक्रमण व अन्य कारणों से लगातार यह काम अटक रहा था। केंद्र व राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से अब इस लाइन को लेकर तेजी से काम चल रहा है। भोपाल-रामगंजमंडी पर रेल यातायात शुरू होने से भोपाल व मप्र के रहवासियों को राजस्थान जाने में काफी आसानी होगी। तो वहीं दोनों राज्य के बीच व्यापार को गति मिल सकेगी।

### भोपाल, सीहोर और राजगढ़ के यात्रियों को होगा लाभ

भोपाल-रामगंजमंडी रेल परियोजना के तहत 276 किमी रेलवे सेक्शन पर रेल लाइन बिछाई जा रही है। इस रेल लाइन पर यातायात शुरू होने से इससे भोपाल, सीहोर और राजगढ़ के साथ राजस्थान के कोटा और झालावाड़ जिले को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं, रेल प्रशासन इस रेलमार्ग को पूरा करने की तैयारियों में जुटा है।

### संत हिरदाराम से भोपाल और झरखेड़ा का काम पूरा

संत हिरदाराम नगर से भोपाल तक 10 किमी में ट्रेन संचालित हो रही है। संत हिरदाराम रेलवे स्टेशन से भोपाल और झरखेड़ा का काम लगभग पूरा हो गया है।

### निर्माण में तेजी

भोपाल-रामगंजमंडी प्रोजेक्ट के निर्माण गतिविधि में तेजी आई है। भोपाल से संत हिरदाराम नगर तक ट्रेनों को संचालन हो रहा है। पूरा कार्य निर्धारित डेडलाइन के भीतर पूरा किया जाएगा।

**नवल अग्रवाल,** एसीएम एवं प्रवक्ता भोपाल मंडल

### उमरे ने निरस्त की दर्जनों ट्रेनें: भोपाल से गुजरने वाली 16 गाड़ियां भी शामिल



उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल ने महाकुंभ के मद्देनजर कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया है। प्रशासनिक और परिचालन कारणों से भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को निरस्त किया गया है। इसमें 16 ट्रेनें शामिल हैं। जिसमें दादर-बलिया स्पेशल, एलटीटी-गोरखपुर, छपरा एक्सप्रेस आदि शामिल हैं।

#### डॉ. आंबेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस शॉर्ट

ट्रेन संख्या 14115 (डॉ. आंबेडकर नगर-प्रयागराज) 18 से 27 फरवरी 2025 तक खजुराहो स्टेशन तक की जाएगी, यह ट्रेन खजुराहो से प्रयागराज के बीच निरस्त रहेगी।

ट्रेन संख्या 14116 (प्रयागराज-डॉ. आंबेडकर नगर) 19 से 28 फरवरी 2025 तक खजुराहो से ही चलेगी। यह ट्रेन और प्रयागराज से खजुराहो के बीच निरस्त रहेगी।

#### यह ट्रेन रीशेड्युलिंग होकर चलेगी

12293 लोकमान्य तिलक टर्मिनस -प्रयागराज जंक्शन, दुरंतो एक्सप्रेस 21,24 व 28 फरवरी को यह ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 3 घंटे देर से चलेगी।

12294 प्रयागराज जंक्शन-लोकमान्य तिलक टर्मिनस दुरंतो एक्सप्रेस 22 व 25 फरवरी को अपने मार्ग परिवर्तन वाया प्रयागराज-भीमसेन-खैरार-ओहन होकर गंतव्य को जाएगी।

#### इन ट्रेनों को किया गया निरस्त

- ताप्ती-गंगा एक्सप्रेस (19045 सूरत-छपरा) 19 फरवरी,
- ताप्ती-गंगा एक्सप्रेस (19046 छपरा-सूरत) 21 फरवरी,
- अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस (19483) 19 फरवरी,
- बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस (19484) 21 फरवरी,
- क्षिप्रा एक्सप्रेस (22911 इंदौर-हावड़ा) 18 फरवरी
- क्षिप्रा एक्सप्रेस (22912 हावड़ा-इंदौर) 20 फरवरी
- दादर-बलिया स्पेशल (01025 दादर-बलिया) 19 फरवरी
- बलिया-दादर स्पेशल (01026 बलिया-दादर) 21 फरवरी
- एक्सप्रेस स्पेशल (01027 दादर-गोरखपुर) 18 फरवरी
- एक्सप्रेस स्पेशल (01028 गोरखपुर-दादर) 20 फरवरी
- लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस (11055) 19 फरवरी
- गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस (11056) 21 फरवरी
- लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस (11059) 18 फरवरी
- छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस (11060) 20 फरवरी
- आनंद विहार टर्मिनल-रीवा एक्सप्रेस (12428)18 व 19 फरवरी
- रीवा-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस (12427) 19 व 20 फरवरी

### महाकुंभ में जाने से पहले स्थिति पर नजर रखें, सामान्य स्थिति में ही करें यात्रा: मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्रयागराज महाकुंभ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार प्रयागराज महाकुंभ के मद्देनजर सीमावर्ती जिलों में प्रयागराज स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। महाकुंभ यात्रा में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीमावर्ती जिला कलेक्टर्स को सजग एवं सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

#### मार्ग ठीक होने पर ही आगे बढ़ें

सीएम डॉ. यादव ने अपने संदेश में महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपनी यात्रा प्रारंभ करने से पहले भीड़-जाम की स्थिति पर नजर बनाए रखें और आवागमन के रास्तों की जानकारी पहले से ही जुटा लें। अगर यात्रा असुविधाजनक हो तो यात्रा कुछ दिन के लिए स्थगित करें और मार्ग ठीक होने पर ही आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि यद्यपि सरकार श्रद्धालुओं के लिए सभी चौक-चौबंद व्यवस्थाएं कर रही है, तथापि श्रद्धालु कुछ जरूरी सामान साथ लेकर भी चलें, जिससे अगर रास्ते में कहीं रुकना पड़े, तो किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## एमपी बोर्ड की परीक्षाएं 24-25 फरवरी से

# 300 परीक्षा केंद्रों पर पेपर लीक और नकल रोकने लगाए जाएंगे जैमर

- प्रत्येक परीक्षा केंद्र का कराया भौतिक निरीक्षण, रिपोर्ट गोपनीय टीम ने बनाकर भेजी मुख्यालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में 25 फरवरी से शुरू हो रही मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं को लेकर माशिमं ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। इस बार इन परीक्षाओं में करीब 16.60 लाख स्टूडेंट शामिल हो रहे हैं। इसमें 10वीं में करीब 9.53 लाख और 12वीं में 7.06 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड ने परीक्षा के लिए 3887 केंद्र बनाए हैं। इनमें करीब 500 से अधिक संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केन्द्र हैं।

ऐसे में परीक्षा केंद्रों में नकल रोकने सहित सुरक्षा को लेकर बोर्ड और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जैमर, सीसीटीवी कैमरों, मोबाइल पर प्रतिबंध सहित अन्य पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। परीक्षा केंद्रों के बाहर नकल पेटियां रखी जाएंगी। इसमें विद्यार्थी स्वेच्छा से नकल सामग्री डाल सकेंगे। साथ ही इस बार परीक्षा के दौरान निगरानी ऑनलाइन की जाएगी, जिसके लिए मंडल में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक परीक्षा के दौरान नकल और पेपर लीक के मामले सामने आते हैं। इसमें अधिकतर स्थानों पर मोबाइल का प्रयोग कर लोग पेपर लीक जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं।

इसी को देखते हुए विभाग ने प्रत्येक परीक्षा केंद्र का भौतिक निरीक्षण कराया। जिसकी रिपोर्ट गोपनीय टीम ने बनाकर दी है। इनमें करीब 300 परीक्षा केंद्रों पर पेपर लीक और नकल की संभावना को देखते हुए संबंधित परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाने की योजना बनाई गई है। जिससे बोर्ड परीक्षा के दौरान इंटरनेट और संचार गतिविधियों को रोका जा सके।

### डीईओ ने जारी किया पत्र

## बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को एक घंटे पहले परीक्षा केंद्र में पहुंचने की दी सलाह



राजधानी में 24 एवं 25 फरवरी को आयोजन के कारण स्कूल शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को एक से दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी है। इसको लेकर जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार ने सभी प्राचार्यों को एक पत्र जारी करते हुए कहा है कि सीबीएसई द्वारा आयोजित वर्ष 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षाएं चल रही हैं। वहीं माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होंगी। भोपाल में 24 एवं 25 फरवरी से शुरू की जाएगी। इसलिए परीक्षार्थियों को अपने परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचने के लिए सूचित करें कि परीक्षार्थी उक्त दिनांक को अपने घर से कम से कम एक से दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थि हो। यहां यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित न हो।

## पोर्टल बंद होने सहित निजी स्कूल संगठन ने लगाए गंभीर आरोप

- अधिकारियों को जमीनी हकीकत का पता नहीं: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निजी स्कूलों के मान्यता नियमों में बदलाव का विरोध थम नहीं रहा है। निजी स्कूल संचालक लगातार प्रदर्शन सहित अन्य माध्यम से अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं।

इसके साथ ही आगामी 24 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी के भोपाल आगमन पर बड़े प्रदर्शन की तैयारी भी निजी स्कूल संगठन कर रहे हैं। वहीं दूसरी अब निजी स्कूल संगठनों ने मान्यता नियमों के पालन नहीं होने का भी आरोप लगाया है। निजी स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह का कहना है कि अधिकारी कमरों में बैठकर नियम बना लेते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत का पता ही नहीं है। प्रदेश में लगभग 4551 विद्यालयों ने नवीनीकरण का कार्य प्रारंभ ही नहीं किया था कि पोर्टल बंद हो गया। भोपाल में ऐसे लगभग 200 विद्यालय हैं। इसके अलावा भोपाल सहित पूरे प्रदेश में शौचालय सहित अन्य नियमों को लेकर भी अधिकारी पालन नहीं करा पा रहे हैं।

जनरल बॉडी की मीटिंग में डॉक्टरों ने की अनेक मुद्दों पर चर्चा

## पल्स पोलियो अभियान की तरह जूनियर डॉक्टर्स ने मध्य प्रदेश में पहली बार आयोजित की पल्स जीबीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



चिकित्सक महासंघ मध्य प्रदेश के बैनर तले प्रदेश के सभी जिला अस्पताल, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल आफीसर्स, 18 चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सा शिक्षक एवं मेडीकल आफीसर, ईएसआई के सभी अस्पताल के मेडिकल आफीसर्स, मेडिकोलीगल संस्थान के मेडिकल ऑफीसर्स, संविदा चिकित्सक, जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने संपूर्ण मध्य प्रदेश में इतिहास में पहली बार पल्स पोलियो की तरह पल्स जीबीएम (प्लस जीएमबी) आयोजित की गई।

सभी जगह एक सुर में उच्च न्यायालय से आदेशित उच्च स्तरीय समिति का गठन, कैबिनेट से पारित आदेशों का पालन, ग्रामीण सेवा में सुधार और माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित नेशनल टास्क फोर्स के सुरक्षा निर्देशों का क्रियान्वयन एवं चिकित्सा क्षेत्र में प्रशासनिक दखलंदाजी विषय में अपनी नाराजगी जाहिर की गई। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन इंदौर, भोपाल, जबलपुर, रीवा समेत प्रदेश के पदाधिकारियों ने अधिष्ठाता को ज्ञापन दिया गया, जिसमें आगामी 20 फरवरी से होने वाले प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी गई है। 20-21 फरवरी को प्रदेश के जूनियर डॉक्टर कार्यस्थल काली पट्टी लगाकर काम करेंगे। वहीं 22 फरवरी शनिवार को प्रदेश के जूनियर डॉक्टर मास्क पहनकर भोजन अवकाश में दोपहर आधा घंटे 1 से 1.30 तक अपने कार्यस्थल के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे। अगर इसके बाद भी मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 25 फरवरी से कामबंद हड़ताल की जाएगी।

### चिकित्सक आंदोलन के लिए होंगे बाध्य

प्रदेश के समस्त चिकित्सक संगठन पिछले कई वर्षों से स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की बात करते रहे हैं। परंतु प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता व अतार्किक नीति निर्धारण, मंत्रिमंडल के निर्णयों का और उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन न करने के कारण प्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सक आंदोलन के लिए बाध्य हो रहे हैं।

**डॉ. राकेश मालवीया,** मुख्य संयोजक, चिकित्सक महासंघ

स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ ने सौंपा शिकायती ज्ञापन

## एएनएम को दिए घटिया अनमोल टैब की शिकायत उपमुख्यमंत्री से की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) द्वारा एएनएम कर्मचारियों को दिए गए घटिया अनमोल टैब की शिकायत उपमुख्यमंत्री राजेद्र शुक्ल से साथ-साथ प्रमुख सचिव लेकर स्वास्थ्य आयुक्त से की गई है।

समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य संदीप यादव और स्वास्थ्य आयुत तरुण राठी को



घटिया अनमोल टैब को लेकर शिकायती ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में सुरेंद्र सिंह कौरव ने बताया कि प्रदेश के एएनएम को एनएचएम द्वारा जो अनमोल एप टैब दिए है, वह सही से कार्य ही नहीं करता। इस संबंध में एएनएम कर्मचारियों द्वारा समीक्षा बैठक में अधिकारी को बताया कार्यवाही नही की गई।

### कर्मचारियों को किया जा रहा प्रताड़ित

कौरव ने कहा कि एएनएम की समस्या सुनने के बजाए अधिकारी कर्मचारियों को ही दंडित कर रहे हैं। कर्मचारियों को प्रताड़ित कर मानसिक तनाव दिया जा रहा है, जबकि टैब में त्रुटि सुधार हेतु एडिट करने का कोई विकल्प ही नहीं है, फिर ऐसी स्थिति में कर्मचारी क्या करेगा। कौरव ने कहा कि अगर विभाग द्वारा विचार कर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेश की एएनएम प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन कर आंदोलन करेंगे।

## बीएमएचआरसी: प्रबंधन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

# अब मरीजों को फोन पर मिलेगी अपॉइंटमेंट की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएमएचआरसी में मरीज आयुष्मान भारत निरामय हेल्पलाइन 1800-233-2085 पर कॉल कर किसी भी विभाग के चिकित्सक से परामर्श के लिए अपॉइंटमेंट ले सकते हैं। अपॉइंटमेंट लेकर आने वाले मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श में प्राथमिकता दी जाएगी और एक घंटे के भीतर डॉक्टर से मिलने की सुविधा मिलेगी।



बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि गैस पीड़ित मरीज सहित कोई भी मरीज इस हेल्पलाइन पर कॉल कर आसानी से अपॉइंटमेंट ले सकता है। अपॉइंटमेंट प्रक्रिया के तहत मरीज को सबसे पहले यह बताना होगा कि वह बीएमएचआरसी में परामर्श के लिए कॉल कर रहा है। इसके बाद हेल्पलाइन ऑपरेटर मरीज का नाम, शहर और परामर्श की जरूरत वाले विभाग की जानकारी लेकर निर्धारित तिथि एवं समय का अपॉइंटमेंट प्रदान करेगा। अपॉइंटमेंट की पुष्टि के लिए मरीज को एक एसएमएस मिलेगा। हेल्पलाइन ऑपरेटर यह जानकारी भी देगा कि किस दिन किस विभाग की ओपीडी संचालित होती है और मरीज किस डॉक्टर से मिल सकता है।

### ऐसी होगी अपॉइंटमेंट प्रक्रिया

- अस्पताल पहुंचकर पहले पर्चा बनवाना होगा।
- अपनी मेडिकल रिकॉर्ड फाइल लेकर संबंधित ओपीडी में पहुंचना होगा।
- एक घंटे के भीतर डॉक्टर से मिलने की सुविधा मिलेगी।
- प्रत्येक ओपीडी में अधिकतम 30 अपॉइंटमेंट जारी किए जाएंगे।

### 24X7 हेल्पलाइन भी संचालित

बीएमएचआरसी में मरीजों व आम लोगों की मदद के लिए एक 24X7 हेल्पलाइन नंबर 0755-2740875 भी संचालित है। मरीज या आम लोग रजिस्ट्रेशन, ओपीडी समय, डॉक्टरों की उपलब्धता, विभागों की जानकारी और अन्य सेवाओं से जुड़ी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। बीएमएचआरसी कर्मचारी हेल्पलाइन पर मरीजों के प्रश्नों का जवाब देने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

भोपाल
बुधवार, 19 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-07
वर्ष : 11, अंक : 326
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 17

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 पूर्व चैंपियन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच...
विचार पेज
06 गाजा पर ट्रंप के बयान से हलचल

विभिन्न श्रेणियों में अब तक 31 हजार 659 से अधिक पंजीयन, 60 देशों के 18 हजार 736 प्रतिभागियों ने दी आने की सहमति

# जीआईएस में प्रधानमंत्री मोदी लांच करेंगे प्रदेश की औद्योगिक नीतियां : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में 24 एवं 25 फरवरी को भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के सुव्यवस्थित बेहतर आयोजन के लिए गठित शीर्ष समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे दो दिवसीय जीआईएस का शुभारंभ कर प्रदेश की सभी नवीनतम औद्योगिक नीतियों की लॉन्चिंग करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जीआईएस परिसर में स्थापित ▸▸ शेष पेज 4 पर

## जीआईएस की सफलता के लिए हुई शीर्ष समिति की बैठक

### जीआईएस तैयारियों की विस्तार से की समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने निर्देशित किया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और देश-विदेश के निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से की जा रही है। इसीलिए आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी तैयारियां व्यापक स्तर पर की जाएं। डॉ यादव ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की विस्तार ▸▸ शेष पेज 4 पर



### भारतीय आतिथ्य परंपरा से हो अतिथियों का स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीआईएस में देश-विदेश से भोपाल आने वाले निवेशक हमारे विशेष अतिथि हैं, इसलिए उनका स्वागत व अभिनंदन विशुद्ध भारतीय आतिथ्य परंपरा से किया जाए। इन दो दिनों को स्मरणीय बनाने के लिए मध्यप्रदेश की संस्कृति, यहां की सत्कार परंपरा, विभिन्न कला उत्पादों सहित यहां के खान-पान, व्यंजन आदि का विशेष रूप से प्रदर्शन किया जाए, जिससे निवेशक दो दिन मध्यप्रदेश में रहने के शानदार अनुभव लेकर जाएं। मुख्यमंत्री ने भोपाल ▸▸ शेष पेज 4 पर


### औद्योगिक विकास को मिलेगा नया आयाम

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि इस समिट से प्रदेश में औद्योगिक विकास को नया आयाम मिलेगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने निवेशकों को बेहतर सुविधाएं देने और सुगम प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीआईएस से भोपाल जिले के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग से कहा कि वे जीआईएस के दौरान भोपाल शहर की बड़ी और छोटी झील में जल से जुड़ी खेल क्रीड़ाएं आयोजित करें। इससे देश-विदेश से यहां आने वाले निवेशक और प्रतिभागी भोपाल से आत्मीयता से जुड़ सकेंगे। खेल मंत्री ने भोपाल शहर में हो रही जीआईएस को सफल बनाने के लिए नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से जुड़ी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मुस्लिमों के लिए काम के घंटे कम किए



**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने रमजान के दौरान मुस्लिम कर्मचारियों के काम के घंटे कम करने का ऐलान किया है। इसके बाद से राजनीति पारा गरम हो गया है। इस फैसले पर भाजपा ने इसे कांग्रेस का तुष्टिकरण करार दिया है। भाजपा ने कहा है कि नवरात्रि के व्रत के दौरान हिंदुओं को ऐसी कोई छूट नहीं दी जाती है।

### डिस्काउंट देने के नाम पर 500 करोड़ की ठगी



**नई दिल्ली।** ईडी ने केरल में 12 जगहों पर सीएसआर फंड घोटाले के मामले में छापेमारी की। घोटाले के तहत कई लोगों को चूना लगाया है। इस घोटाले के मुख्य आरोपी और गिरोह के सरगना अनंथु कृष्णन के पास 21 बैंक अकाउंट हैं और उसने लोगों को धोखा देकर 548 करोड़ रुपए इकट्ठे कर लिए।

ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया था धोखाधड़ी का मामला, राजभवन ने लिया बड़ा एक्शन

# राज्यपाल ने जीवाजी विवि के कुलगुरु प्रो. अविनाश तिवारी को हटाया, धारा 52 लागू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर अविनाश तिवारी को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने पद से हटा दिया है। उन पर मुरैना में फर्जी कॉलेज की अनुमति देने और राज्य



सरकार को वित्तीय नुकसान पहुंचाने का आरोप था। जिसके बाद हाल ही में ईओडब्ल्यू ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली, जिसके बाद उन्हें पद से हटाने की कार्रवाई की गई। कुलाधिपति मंगु भाई पटेल ने मंगलवार को आदेश जारी करते हुए विश्व विद्यालय में धारा 52 भी लागू कर दी। जिसके बाद राज्य सरकार विश्व विद्यालय के प्रशासन में बदलाव कर सकेगी। फिलहाल तिवारी की जगह पर डॉ. राज कुमार आचार्य (पूर्व कुलगुरु, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा) को विवि के कुलगुरु की जिम्मेदारी दी गई है। ▸▸ शेष पेज 4 पर

## रीवा के पूर्व कुलगुरु आचार्य को सौंपा गया प्रभार, तिवारी पर मुरैना में कागजों में चल रहे शिव शक्ति कॉलेज को मान्यता देने का आरोप



धारा 52 किसी विवि के वाइस चांसलर को हटाने से संबंधित प्रावधान





### राज्यपाल ने आदेश में क्या कहा?

इस बारे में जारी एक आदेश में राज्यपाल ने बताया कि मैं मंगुभाई पटेल कुलाधिपति जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, मध्य प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की तृतीय अनुसूची में यथा उपांतरित धारा 13 एवं 14 सहपठित धारा 52 की उपधारा (3) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य शासन से परामर्श करने के उपरांत डॉ राज कुमार आचार्य (पूर्व कुलगुरु, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा), प्राचार्य, महात्मा गांधी स्नाकोत्तर महाविद्यालय, करेली जिला नरसिंहपुर को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक उक्त विश्वविद्यालय का कुलगुरु नियुक्त करता हूं।

### इन धाराओं में केस हुआ दर्ज

जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 409, 467, 468, 120बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। इस सूची में जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु अविनाश तिवारी, रघुराज सिंह जादौन और 20 अन्य शिक्षाविदों के नाम शामिल थे।

**झुंडपुरा के कॉलेज की हकीकतः** विवि ने जब मंत्रालय के पोर्टल पर एआईएसएचई डेटा अपलोड न करने वाले कॉलेजों की सूची जारी की थी, 143वें स्थान पर शिवशक्ति कॉलेज, झुंडपुरा का नाम दर्ज था। कॉलेज संचालक दावा कर चुके थे कि यह कॉलेज झुंडपुरा से सबलगढ़ स्थानांतरित हो गया था।

### कैसे हुआ घोटाला?

*ग्वालियर के शिकायतकर्ता अरुण कुमार शर्मा ने ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि शिवशक्ति महाविद्यालय, झुंडपुरा, मुरैना के संचालक रघुराज सिंह जादौन ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कॉलेज की मान्यता और संबद्धता हासिल की थी। उन्होंने फर्जी छात्रों के नाम पर छात्रवृत्ति और अन्य सरकारी लाभ भी लिए थे। जांच में यह भी सामने आया था कि यह पूरा खेल अकेले नहीं हुआ था, बल्कि इसमें कई शिक्षाविदों की मिलीभगत थी। फर्जी प्रवेश दिखाकर और कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और अन्य सरकारी लाभ लिए गए, जिससे सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ। शिक्षाविदों की मिलीभगत से फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की गई थी, जिसके चलते कॉलेज को मान्यता और संबद्धता मिल गई थी। इस पूरे घोटाले में निरीक्षण समिति के कई सदस्य भी शामिल थे, जिन्होंने हर साल इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया था।*

ममता ने भगदड़ पर दिया विवादित बयान

# महाकुंभ 'मृत्युकुंभ' में बदल गया, वीआईपी को दीं सुविधाएं

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि यह महाकुंभ 'मृत्युकुंभ' में बदल गया है। मैं महाकुंभ का और पवित्र गंगा मां का सम्मान करती हूं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के लिए



कोई प्लानिंग नहीं की गई है। भगदड़ में कई लोग मारे गए, लेकिन उनके बारे में कुछ पता नहीं चल रहा है। कई लोग मिले ही नहीं। ममता ने कहा कि महाकुंभ में अमीरों और वीआईपी लोगों के लिए 1 लाख रुपए तक के टेंट मौजूद हैं। गरीबों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। मेले में भगदड़ की स्थिति आम है, लेकिन व्यवस्था करना जरूरी है। आपने (यूपी सरकार) क्या योजना बनाई है? ममता के महाकुंभ पर दिए बयान के बाद विपक्ष के नेताओं ने ममता के खिलाफ नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन भी किया। विपक्ष के नेता भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा- मैं हिंदू समुदाय, संत समुदाय से कड़ा विरोध दर्ज कराने की अपील ▸▸ शेष पेज 4 पर

### राजनीतिक टिप्पणी नहीं करनी चाहिए

महाकुंभ एक पवित्र, धार्मिक अवसर है। यह 144 साल के बाद आया है। हम इस आयोजन को मनाने के लिए खुद को समर्पित करें। यह एक अनूठा आयोजन है, जिसमें अब तक का सबसे बड़ा मानव समूह शामिल हुआ है। भविष्य में भी ऐसा होने की संभावना नहीं है। ऐसे अवसर पर हमें इस तरह की राजनीतिक टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। अगर आप हिंदू धर्म या महाकुंभ में विश्वास नहीं करते हैं, तो इसे रहने दें।

### बयान की संतों ने की निंदा कहा-चुनाव में मृत्युकुंभ साबित होगा

अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि अखिल भारतीय संत समिति पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के इस बयान की निंदा करती है कि महाकुंभ 'मृत्युकुंभ' है। जिस तरह से पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, ओडिशा और पूर्वी भारत के हिंदू 'अमृत स्नान' के लिए यहां आ रहे हैं, उससे आपका (ममता) बेचैन होना स्वाभाविक है। मुझे लगता है कि पश्चिम बंगाल का आगामी विधानसभा चुनाव आपके राजनीतिक करियर के लिए 'मृत्युकुंभ' साबित होगा।

सिविल सेवा परीक्षा-2025 से जुड़ा मामला

# हाईकोर्ट ने ईडब्ल्यूएस को पांच वर्ष की आयु सीमा छूट रखी बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने अपने पूर्व आदेश पर अडिग रहते हुए ईडब्ल्यूएस को पांच वर्ष की आयु सीमा छूट बरकरार रखी है। कोर्ट ने अंतिम चरण में अंतरिम राहत दिए जाने का यूपीएससी का विरोध फिलहाल दरकिनार कर दिया। कोर्ट ने कहा किया कि अंतरिम आदेश में स्पष्ट व्यवस्था दी गई है कि ईडब्ल्यूएस को पांच वर्ष की आयु सीमा छूट विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन होगी।

इसलिए यूपीएससी को अंतरिम आदेश का पालन करते हुए ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों के फार्म पांच वर्ष की आयुसीमा छूट के साथ स्वीकार करने चाहिए। इस मामले की अंतिम सुनवाई 24 फरवरी को निर्धारित की जाती है। मंगलवार को सुनवाई के प्रारंभ होते ही सर्वप्रथम संघ लोक सेवा आयोग की ओर से बहस को गति दी गई। वकील ने दलील दी कि इस तरह अंतिम समय में हाई कोर्ट का पांच वर्ष की आयुसीमा छूट संबंधी अंतरिम आदेश सामने आने से यूपीएससी को सिविल सेवा परीक्षा-2025 के संचालन में परेशानी होगी। ऐसा इसलिए भी क्योंकि राज्य व केंद्र ▸▸ शेष पेज 4 पर



*कोर्ट ने 24 फरवरी को तय की अंतिम सुनवाई*

### कपिल सिब्बल ने कहा-पहले ही दी जा चुकी है आयु सीमा में छूट

वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई से जुड़े याचिकाकर्ता सतना निवासी आदित्य नारायण पांडेय की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल व मनीष सिंह ने दलील दी कि यूपीएससी द्वारा पूर्व में भी समय-समय पर विभिन्न परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को आयुसीमा में छूट की राहत दी जा चुकी है। लिहाजा, इस बार हाई कोर्ट के अंतरिम आदेश का पालन सुनिश्चित करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। ऐसा इसलिए भी क्योंकि अंततः यह अंतरिम राहत याचिका के अंतिम निर्णय के साथ बाध्यकारी होगी। हाई कोर्ट ने इस तर्क से सहमत होकर साफ कर दिया कि पूर्व अंतरिम आदेश में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। लिहाजा, यूपीएससी अभ्यर्थियों को पांच वर्ष की आयुसीमा छूट देकर परीक्षा में सम्मलित होने दे। फार्म भरने की अंतिम तिथि मंगलवार, 18 फरवरी होने के कारण समय खराब न किया जाए। यदि यूपीएससी इतना जोर दे रहा है तो कोर्ट इस मामले की अंतिम सुनवाई 24 फरवरी को निर्धारित करता है। इस प्रक्रिया में अंतिम स्तर की बहस अंतिम निर्णय पर पहुंचा जाएगी।

### क्या है मामला

हाई कोर्ट ने अपने पूर्व अंतरिम आदेश में यूपीएससी को निर्देश दिए थे कि याचिकाकर्ता व अन्य समान प्रकृति के अभ्यर्थियों के आवेदन स्वीकार करें। कोर्ट ने यह शर्त भी लगा दी थी कि बिना अनुमति पांच वर्ष की आयुसीमा का लाभ पाने वाले इन अभ्यर्थियों के रिजल्ट घोषित न किए जाएं। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल व मनीष सिंह ने वीसी के जरिए पक्ष रखा था। उन्होंने दलील दी थी कि अन्य सभी आरक्षित वर्ग एससी, एसटी व ओबीसी को आयुसीमा में छूट दी जाती है। ईडब्ल्यूएस भी आरक्षित श्रेणी है, इसलिए उन्हें भी लाभ दिया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए भी क्योंकि कुछ दिन पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2024 में ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को आयुसीमा में पांच वर्ष की छूट का लाभ देने के निर्देश दिए थे।

भाजपा ने किया बचाव कहा- ये संतों का अपमान

# बाबा बागेश्वर को सनातन का ज्ञान नहीं, गीता भी नहीं पढ़तेः नायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

छतरपुर में बाबा बागेश्वर के खिलाफ कांग्रेस नेता मुकेश नायक के



विवादास्पद बयानों के बाद राजनीति गर्मा गई है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने बाबा बागेश्वर पर आरोप लगाए कि उन्हें सनातन धर्म का सही ज्ञान नहीं है और वे ठीक से भगवद गीता का पाठ भी नहीं करते। इसके साथ ही उन्होंने बाबा के खिलाफ अपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए यह भी कहा कि बाबा ने कुंभ मेला में हुई दुर्घटनाओं और लोगों की मौत पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। इस बयान के बाद भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस नेता न केवल संतों और कथावाचकों का अपमान कर रहे हैं, बल्कि वे उन नेताओं की ▸▸ शेष पेज 4 पर

नई दिल्ली स्टेशन पर मची भगदड़ पर आरपीएफ की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# ट्रेन के प्लेटफॉर्म बदलने से मची भगदड़ सीढ़ियों पर यात्रियों में हुई थी धक्का-मुक्की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत की हो गई थी। आरपीएफ की एक रिपोर्ट आई है, जिसमें बताया गया है कि प्रयागराज जाने वाली कुंभ स्पेशल ट्रेन के प्लेटफॉर्म बदलने के अनाउंसमेंट से हादसा हुआ है। आरपीएफ ने दिल्ली जोन को एक रिपोर्ट सौंपी है। इसमें बताया गया है कि 15 फरवरी, रात करीब



8.45 बजे घोषणा की गई कि प्रयागराज जाने वाली कुंभ स्पेशल प्लेटफॉर्म नंबर 12 से रवाना होगी। कुछ देर बाद एक और घोषणा की गई कि ▸▸ शेष पेज 4 पर

### स्टेशन इंचार्ज को दी थी भगदड़ की सूचना

रिपोर्ट के अनुसार, ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ स्टाफ जब 8:45 बजे भीड़ से भरे एफओबी 2 और 3 को खाली करने की कोशिश कर रहा था, तभी अनाउंसमेंट हुआ कि कुंभ स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 12 से जाएगी। उसके कुछ देर बाद फिर से स्टेशन पर अनाउंसमेंट हुआ कि कुंभ स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 16 से जाएगी। जिसके बाद यात्रियों ने भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई।

रणवीर इलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार कहा

# लगता है आपके दिमाग में कुछ गंदगी है ऐसे व्यक्ति का केस नहीं सुना जा सकता

देश से बाहर नहीं जा सकते इलाहाबादिया, पासपोर्ट भी जमा करना होगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में रणवीर इलाहाबादिया ने अश्लील कमेंट किया था, जिसके बाद मामला काफी गरमा गया है। मुद्दा इतना गर्म हो गया कि इसे संसद में भी उठा गया था। भद्दे कमेंट के बाद यूट्यूबर के खिलाफ अलग-अलग राज्यों में शिकायत दर्ज कराई गई। उन्होंने दावा भी किया था कि उनको जान से मारने की धमकी भी मिली थी। ऐसे में अब रणवीर ने इन सभी केस पर रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की। इस पर कोर्ट में सुनवाई ▸▸ शेष पेज 4 पर

**कई राज्यों में दर्ज मामलों को रद्द कराने के लिए लगाई थी याचिका**



### कोर्ट ने अश्लीलता का मापदंड भी पूछा

इसके साथ ही जब रणवीर इलाहाबादिया के वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने उन्हें मिल रही धमकियों का जिक्र किया और कहा कि उन्हें जान से मारने की धमकी मिल रही है। जीभ काटने पर 5 लाख का इनाम रखा गया है। इस पर कोर्ट ने वकील को टोकते हुए कहा कि क्या आप उनके द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा को डिफेंड कर रहे हैं? इस पर वकील ने नकारते हुए कहा कि वो ऐसा नहीं कर रहे हैं। जस्टिस सूर्यकांत की ओर से रणवीर के वकील से अश्लीलता का मापदंड भी पूछा कि क्या है?

### धमकियों पर कहा- कानून अपना काम करेगा

*कोर्ट की ओर से कहा गया कि ऐसे बयान अश्लील नहीं हैं तो क्या हैं। आप किस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, आपको हर तरह की बातें करने की छूट कैसे मिल गई? जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर आपको लगता है कि आप लोकप्रिय हैं बताइए दुनिया में ऐसा कौन सा व्यक्ति है, जो ऐसे शब्द को पसंद करता है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जहां तक है कि रणवीर को धमकियां मिल रही है, कानून इस पर अपना काम करेगा। सरकार उन पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने फिर से रणवीर के अश्लील कमेंट को लेकर कहा कि आपने जो शब्द चुने हैं, उससे आपके माता-पिता काफी शर्मिंदा होंगे।*

डॉ. यादव ने उद्योगपतियों एवं स्टेक होल्डर्स से किया सीधा संवाद

# मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर और अनुकूल वातावरण पर्याप्त संसाधन, सुविधाएं और उद्योग मित्र नीतियां हैं मौजूदः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर एवं अनुकूल वातावरण है। यहां पर्याप्त संसाधन और सुविधाएं भी हैं। प्रदेश सरकार द्वारा अनेक उद्योग मित्र नीतियां बनाकर उनका क्रियान्वयन प्रारंभ किया गया है। इन नीतियों से औद्योगिक क्षेत्र की हर समस्याओं का समाधान होगा, औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। औद्योगिक क्षेत्र में नई सुविधाएं, सब्सिडी और अनेक तरह की छूटें भी मिलेंगी। राज्य सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये अनेक नई नीतियों को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अधिक से अधिक निवेश किया जाए। राज्य शासन द्वारा हर तरह का सहयोग दिया जाएगा।

## इन्वेस्टर्स समिट में आने का दिया आमंत्रण

उद्योग निवेश की नई बुनियाद रखेगी इन्वेस्टर्स समिट



## किसान कल्याण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण निर्णय

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के संबंध में उद्योगपतियों एवं स्टेक होल्डर्स से सीधा संवाद कर रहे थे। डॉ. यादव ने इन्वेस्टर समिट में आने का न्यौता भी उद्योगपतियों को दिया। डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग एवं व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए राज्य शासन द्वारा पूरा संरक्षण दिया जाएगा। शासन के सहयोग से उद्योग एवं व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिये हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्हें पूरी मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नई नीतियां उद्योग को बढ़ावा देने के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगी। औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। समग्र रूप से औद्योगिक विकास होगा। सभी तरह के उद्योगों को नई नीतियों का लाभ मिलेगा। जरूरत पड़ने पर और भी नई औद्योगिक मित्र नीतियां लाई जाएगी। नई नीतियों में छोटे से लेकर बड़े उद्योगों के हित का ध्यान रखा गया है। सभी तरह की सुविधाएं देंगे। डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर के मेट्रोपोलिटिन रिजन से आसपास के सभी औद्योगिक क्षेत्र एक दायरे में आएंगे। इससे औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।*

## 89 हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिलेगी लैपटॉप राशि

माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। स्कूल शिक्षा विभाग ने लैपटॉप योजना के तहत प्रदेश के 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन किया है, जिन्हे आगामी 21 फरवरी को लैपटॉप राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 फरवरी को इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खाते में लैपटॉप की राशि अंतरित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित होगा।

### प्रत्येक प्रतिभाशाली विद्यार्थी को 25 हजार रुपए मिलेंगे

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सिंगल क्लिक से उनके बैंक खातों में 224 करोड़ रुपए की राशि भी अंतरित करेंगे। ये विद्यार्थी वर्तमान में उच्च शिक्षा संस्थान में अध्ययन कर रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### राजेश सिंह चंदेल डीआईजी के तौर पर हुए पदोन्नत

**भोपाल।** राज्य सरकार ने 2010 बेच के आईपीएस अधिकारी राजेश सिंह चंदेल को डीआईजी के तौर पर पदोन्नति के आदेश जारी कर दिए है। वर्तमान में चंदेल सेनानी 25वीं वाहनी बिसबल भोपाल है। उनकी नवीन पदस्थापना डीआईजी 25वाहनी बिसबल के रूप में की गई है।

### लापरवाही करने वाले कांट्रेक्टर्स को करें ब्लैक लिस्ट

**भोपाल।** आरडीएसएस (रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम) के कार्यों में लापरवाही करने वाले कांट्रेक्टर्स को वार्निंग देकर ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई करें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी अंतर्गत स्वीकृत आरडीएसएस के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। तोमर ने कहा कि स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा प्रतिमाह करें। आवश्यकतानुसार पेनाल्टी लगाएं। उन्होंने अधिकारियों से भी पूछा कि कार्यों में देरी पर आपने क्या कार्रवाई की है। तोमर ने कहा कि खंभों में निर्धारित रंग के साथ ही थिकनेस आदि पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए। तोमर ने कहा कि टेंडर की शर्तों का पालन कराने की जिम्मेदारी अधिकारियों की है। गलत रिपोर्ट मिलने पर थर्ड पार्टी के विरुद्ध भी कार्रवाई करें। समीक्षा बैठक में एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षितिज सिंघल ने योजनान्तर्गत चल रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

एकीकृत टाउनशिप नीति 2025 लागू किए जाने की स्वीकृति, राज्य में आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

# प्रदेश मंत्रिमंडल ने मप्र और निवेशकों के हित में दी अनेक नीतियों को मंजूरी

## मप्र एमएसएमई विकास नीति-2025 को मिला अनुमोदन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश और निवेशकों के हित में अनेक नीतियों को मंजूरी दी गई। संबंधित निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एकीकृत टाउनशिप नीति 2025 लागू किए जाने की स्वीकृति दी गई। इससे राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा एवं रोजगार के अवसर सृजित होंगे और राज्य की जीडीपी में वृद्धि होगी।

एकीकृत टाउनशिप नीति लैंड पूलिंग के माध्यम से भूमि का विकास करने के उद्देश्य से बनाई गई है। नीति के लागू होने से जहां एक ओर वृहद स्वरूप की टाउनशिप विकसित होगी, वहीं दूसरी ओर प्रचलित प्रक्रिया अनुसार भी कॉलोनियों का विकास यथावत होता रहेगा।

युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे

### लेक व्यू रेसीडेंसी होटल लीज पर दिए जाने का अनुमोदन

मंत्री-परिषद ने लेक व्यू रेसीडेंसी होटल, भोपाल को विकास, संचालन एवं रखरखाव और प्रबंधन के लिए पब्लिक-प्रायवेट पार्टनरशिप में 60 वर्षों की लीज पर दिए जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। लीज अवधि को आपसी सहमती से समान शर्तों पर आगामी 10 वर्षों हेतु एक बार बढ़ाया जा सकेगा।



### एक्सपोर्ट पॉलिसी-2025 का लाभ एमएसएमई को

*मंत्री-परिषद द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के संवर्धन के लिए नवीन मध्यप्रदेश एमएसएमई विकास नीति-2025 का अनुमोदन दिया गया। निर्णय अनुसार औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की मप्र लॉजिस्टिक नीति-2025 और एक्सपोर्ट पॉलिसी-2025 का लाभ एमएसएमई को प्रदान किया जाएगा। उद्योग संवर्धन नीति-2025 अंतर्गत वर्गीकृत एमएसएमई श्रेणी की मेगा इकाइयों को कस्टमाईज पैकेज प्रदान करने के लिए एमएसएमई विभाग को अधिकृत किया गया है। निवेश पर प्रोत्साहन के लिए 40 प्रतिशत तक की सहायता, नए उद्योगों में नवकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन, अनुसूचित जाति-जनजाति, महिला उद्यमी इकाई को 48 प्रतिशत की सहायता के साथ पिछड़े विकासखण्डों में 1.3 गुना सहायता दी जाएगी। निर्यात प्रोत्साहन के रूप मे निर्यातक इकाई को निवेश पर 52 फीसदी तक की सहायता, निर्यात के लिए माल ढुलाई पर अधिकतम 2 करोड़ रूपए की सहायता और निर्यात के लिए प्रमाण-पत्र पर 50 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।*

### स्टार्ट-अप नीति एवं कार्यान्वयन योजना का अनुमोदन

मंत्री-परिषद द्वारा प्रदेश में स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के लिए मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप नीति एवं कार्यान्वयन योजना-2025 का अनुमोदन किया गया। नीति अन्तर्गत स्टार्ट-अप एवं इन्क्यूबेटर्स को वित्तीय एवं गैर वित्तीय सुविधा, सहायता एवं फेसिलिटेशन का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में उपयुक्त स्थान पर एक मेगा इन्क्युबेशन सेंटर का विकास एवं संचालन, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की अग्रणी संस्थाओं के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) अंतर्गत स्थापित कर इसके सेटेलाईट सेंटर प्रदेश के अन्य स्थानों में भी स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत स्टार्ट-अप्स को बैंकों के माध्यम से कोलेप्टल-फ्री ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें केन्द्र सरकार की स्टार्ट-अप्स के लिए ऋण गारंटी स्कीम अंतर्गत कवरेज तथा प्रचलित दर पर देय गारंटी शुल्क की प्रतिपूर्ति (अधिकतम 05 वर्षों तक) एवं वितरित ऋण पर 05 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान प्रतिपूर्ति (अधिकतम 05 वर्षों तक) की जाएगी।

### इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2025 की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन को आमजन के लिए भविष्य का मुख्य परिवहन का साधन बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2025 की स्वीकृति दी गई है। नीति अंतर्गत 2 पहिया वाहन, 3 पहिया वाहन, इलेक्ट्रिक कार और इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदाय किया जाएगा। मध्यप्रदेश ईवी प्रमोशन बोर्ड का गठन किया जाएगा। नीति के उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहन अधोसंरचना एवं सम्बंधित विनिर्माण उद्योगों के लिए मध्यप्रदेश को डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना, कौशल विकास एवं रोजगार से सम्बंधित संभावनाओं को विकसित करने के साथ सरकारी संस्थाओं, निजी क्षेत्र, अनुसंधानकर्ता संस्थानों एवं सामाजिक संस्थाओं के मध्य सहकारिता को प्रोत्साहित करना है। मंत्री-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश में नए वायु मार्गों का विकास करने और देश के अन्य हिस्सों तथा दुनिया के साथ राज्य के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थानों को जोड़कर पर्यटन, धार्मिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों की पूर्ण क्षमता का उपयोग करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार की उड़ान योजना के समन्वय से मध्यप्रदेश सिविल एविएशन पॉलिसी-2025 का अनुमोदन दिया गया हैं।

### बॉयो फ्यूल योजना-2025 का अनुमोदन

मंत्री-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा नीति-2025 अंतर्गत प्रदेश को जैव ईंधन उत्पादन में अग्रणी बनाने के लिए बॉयो फ्यूल योजना-2025 का अनुमोदन किया गया। योजना अंतर्गत बॉयोफ्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट एवं बायो ऊर्जा संयंत्रों के लिए कई लाभ प्रदान किए गए है। साथ ही साथ इसमें किसान संस्थाओं को कृषि उपकरण के लिए सब्सिडी, बॉयो मास एवं खाद की बिक्री सुनिश्चित करना एवं सप्लाई चैन को विकसित किया जाएगा। बॉयो फ्यूल उत्पादन सफल स्थापना के लिए भूमि प्राथमिकता पर दी जाएगी। बॉयो मास उत्पादन के लिए सरकारी भूमि के उपयोग की अनुमति कलेक्टर दर के 10 फीसदी की राशि के वार्षिक शुल्क पर दी जाएगी। बॉयो फ्यूल योजना में मुख्यत बॉयो सीएनजी, बॉयो मास ब्रिकेट एवं पेलेट और बायोडीजल इत्यादि ईंधन एवं उत्पादन के सभी पहलू शामिल है, जैसे फीडस्टॉक खेती, उत्पादन तकनीक, वितरण और उपयोग को शामिल किया गया हैं।

सारंग की अध्यक्षता में हुई बीज संघ की संचालक मंडल की बैठक

# बीज संघ के उत्पाद नए ब्रॉन्ड नेम और आकर्षक लोगो के साथ करें विक्रय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा है कि बीज संस्थाओं से प्रमाणित बीज के विपणन का काम नए ब्रॉन्ड नेम के साथ किया जाए। इसके लिए आकर्षक लोगो तैयार किया जाए। मंत्री सारंग ने मंगलवार को मंत्रालय में राज्य सहकारी बीज उत्पादक एवं विपणन संघ के संचालक मंडल की बैठक ली।

मंत्री सारंग ने कहा कि पैक्स, अन्य सहकारी संस्थाओं तथा निजी कारोबारियों के माध्यम से किसानों को प्रमाणित बीज विपणन का काम हो। उन्होंने विपणन विशेषज्ञ एवं बीज उत्पादन से संबंधित तकनीकी विशेषज्ञ की सेवाएं लेने को भी कहा।



### बीज सोसाइटियों की रेटिंग होगी

*मंत्री सारंग ने कहा कि क्वालिटी कंट्रोल, मार्केटिंग और पैकेजिंग पर आवश्यक ध्यान दिया जाए। इस कार्रवाई से पैक्स के 32 लाख कृषक सदस्यों, बीज सहकारी संस्थाओं के सदस्यों एवं अन्य कृषकों को बीज संघ द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया जा सकेगा। मंत्री सारंग ने कहा कि बीज सोसाइटियों को नवाचार विंग से जोड़े। कहां कौन-सी सोसाइटी विकसित करना है। उसकी डीपीआर तैयार करें। बीज सोसाइटियों की रेटिंग भी की जाए। सारंग ने कहा कि बिजनेस मॉड्युल तैयार करें और बिजनेस डेव्ल पमेंट सेंटर का सेट-अप बनाए।*

5 हजार पौधरोपण एवं गोमाता की सेवा का लिया संकल्प

# कार्यकर्ताओं ने मनाया वरिष्ठ प्रचारक डॉ. इन्द्रेश कुमार का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच के मार्गदर्शक डॉ. इन्द्रेश कुमार के जन्मदिन के अवसर पर भारत तिब्बत सहयोग मंच मध्य एवं छत्तीसगढ़ प्रांत के संयोजक गिरिराज किशोर पोद्दार, राजू भैया के आह्वान पर भोपाल प्रसिद्ध गुफा मंदिर पर गोशाला में पहुंच कर गौ सेवा की गई। इसके बाद पौधरोपण कर कर्मकांडी ब्राह्मणों के द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया।

संयोजक एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच भोपाल जिलाध्यक्ष नितिन दुबे ने बताया कि वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार के जन्म दिन पर समस्त मंच के कार्यकर्ताओं ने पूरे भोपाल में पूरे वर्ष भर पांच हजार पौधारोपण एवं गौमाता की सेवा संकल्प के साथ निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर संगठन के मंत्री चन्द्रशेखर तिवारी राधे महाराज, महिला विभाग प्रदेश संयोजक समता अग्रवाल,पूर्ण सिंह निधि कोसे कार्तिक सोनी गुफा मंदिर के अधिकारी महंत बिमल दास त्याग, गोविंद शर्मा सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।




कर्मकांडी ब्राह्मणों का स्वस्तिवाचन

पार्टी की कार्ययोजना को लेकर हुई चर्चा

# दिल्ली में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी महासचिव से मिले जीतू पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंगलवार को दिल्ली में मध्यप्रदेश के प्रभारी महासचिव हरीश चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान मध्यप्रदेश में कांग्रेस की आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश में संगठनात्मक मजबूती, आगामी चुनावी तैयारियों, जनसंपर्क अभियानों एवं भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस के संघर्ष को और तेज करने पर विस्तृत मंथन किया गया। पटवारी ने प्रदेश में कांग्रेस संगठन की वर्तमान स्थिति, कार्यकर्ताओं की सक्रियता, ज़मीनी मुद्दों और जनता से जुड़ी समस्याओं को लेकर हरीश चौधरी से चर्चा की।



### कांग्रेस को और मजबूत करने पर जोर

*प्रदेश के प्रभारी हरीश चौधरी ने कांग्रेस संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संभावित रणनीतियों और आगामी कार्यक्रमों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर संवाद स्थापित करने, कल्याणकारी नीतियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता है।*

कोर्ट ने कहा- पुरानी भर्तियों पर नए नियम लागू नहीं हो सकते


# सरकारी कॉलेजों के अतिथि विद्वानों के लिए राहत की खबर पीएचडी की अनिवार्यता पर हाईकोर्ट ने लगाई तत्काल रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को प्रदेश के सरकारी कॉलेजों के अतिथि विद्वानों को जबलपुर हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मामले पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने अतिथि शिक्षकों के लिए पीएचडी की अनिवार्यता पर रोक लगा दी है। इस मामले पर लगी याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने अतिथि शिक्षक भर्ती नियम की धारा 10.4 पर भी रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि पुरानी भर्तियों पर नए नियम लागू नहीं हो सकते हैं।

मध्यप्रदेश शासन ने 23 अक्टूबर 2023 को अतिथि विद्वानों की नियुक्ति को लेकर नए दिशा-निर्देश कंडिका 10.6 के तहत जारी कर दिए थे। इसे आधार बनाते हुए याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि एक तरफ तो जो अतिथि विद्वान पहले से कार्यरत हैं, उन्हें यथावत रखा जाएगा, लेकिन जिनका कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो चुका है, उन अतिथि विद्वानों को बगैर पीएचडी के कंटीन्यू नहीं किया जाएगा।

## पहले से कार्यरत अतिथि विद्वान रहेंगे यथावत



### अतिथि शिक्षकों ने दायर की याचिका

*राज्य सरकार ने असिस्टेंट प्रोफेसर्स के लिए जारी नियम अतिथि शिक्षकों पर भी लागू कर दिए थे, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट में यह याचिका 13 अतिथि शिक्षकों ने लगाई थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ और जस्टिस विवेक जैन की बेंच ने मामले में सुनवाई की।*

### नियमित न रखना भेदभावपूर्ण

आवेदकों की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने हाईकोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 2023 के दिशा-निर्देश की कंडिका 10.4 अवैध और भेदभावपूर्ण है। सहायक प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति के लिए पीएचडी की अनिवार्यता पहले की है, इसलिए बगैर पीएचडी वाले अतिथि विद्वानों को रेगुलर न रखना न केवल उनके संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ भेदभावपूर्ण है, बल्कि गलत भी है। कोर्ट को बताया कि इसका सीधा मतलब यह है कि जो व्यक्ति पिछले 10 सालों से अतिथि विद्वान के रूप में काम कर रहा है और अगर उसकी पीएचडी नहीं है तो आगे काम नहीं कर सकता।

### नियुक्ति के समय पीएचडी अनिवार्य नहीं थी

*अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि जब आवेदकों की नियुक्ति हुई थी, उस समय पीएचडी की अनिवार्यता नहीं थी। नए नियमों में अगर पीएचडी की अनिवार्यता को लाया गया है तो जो अतिथि विद्वान पहले से काम कर रहे हैं, उन पर यह लागू नहीं होता है। यह नोटिफिकेशन सरकार का दोहरा चरित्र बता रहा है। एक तरफ तो जो अतिथि विद्वान लगातार सेवा में हैं और पीएचडी होल्डर नहीं हैं, उनको यथावत रखा जा रहा है। दूसरी तरफ जो सेवा से बाहर हो गए हैं, उन्हें नए सत्र में जगह न देते हुए वंचित किया जा रहा है। याचिकाकर्ताओं के तर्कसे हाईकोर्ट ने सहमत होते हुए संशोधित नियम 10.4 पर रोक लगा दी है।*

उप मुख्यमंत्री से राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने की मुलाकात

# गोविंदपुरा सिविल अस्पताल में प्राथमिकता से पूरी करें समुचित व्यवस्थाएंः राजेंद्र शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा सिविल अस्पताल में आवश्यक नियुक्तियां और संसाधनों की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जाए। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाबूलाल गौर के नाम से अस्पताल का नामकरण करने की औपचारिक प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के भी निर्देश भी दिए।

उप मुख्यमंत्री से पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने मंत्रालय में मुलाकात की। उन्होंने सिविल अस्पताल गोविंदपुरा की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के विषय पर विस्तृत चर्चा की।



### पांच लाख की आबादी को फायदा

*मंत्री गौर ने सिविल अस्पताल में स्पेशलिस्ट डॉक्टर, मेडिकल ऑफिसर और नर्सिंग ऑफिसर्स के स्वीकृत पदों पर शीघ्र नियुक्ति का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल से करीब पांच लाख की आबादी को लाभ मिलेगा और मैनपॉवर की पूर्ति के साथ ही आईपीडी सेवाओं का संचालन संभव हो सकेगा। उन्होंने अस्पताल के लिए सीटी स्कैन, लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट, सीएसएसडी और स्टाफ क्वार्टर्स की स्थापना के लिए भी विशेष प्रावधान किए जाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव स्वास्थ्य संदीप यादव, आयुक्त तरुण राठी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।*



जीआईएस को लेकर कलियासोत के किनारे टेंट लगाए जा रहे हैं।

# जीआईएस में पीएम के आगमन का होगा ट्रायल रन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के मानव संग्रहालय में 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर तैयारियां फाइनल दौर में चल रही हैं। 24 को पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जिला पंचायत सभागार में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक रखी, जिसमें पीएम के कार्यक्रम को लेकर दी गई जिम्मेदारियों पर बात की गई। बैठक में बताया गया कि पीएम के कार्यक्रम को लेकर पहले से रिहर्सल कर लें, जिससे ऐन वक्त पर दिक्कत न हो। इस बैठक में विभागीय अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों की प्रगति की समीक्षा की गई और उन्हें समय-सीमा के भीतर समस्त तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया। स्टेट हैंगर, एयरपोर्ट, वीवीआईपी सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, आयोजन स्थल की व्यवस्थाएं, साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, अतिथियों के ठहरने और स्वागत से जुड़ी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

**कलेक्टर ने की जीआईएस की तैयारियों की समीक्षा**

### एडीजी और पुलिस कमिश्नर ने कहा, पुख्ता हो सुरक्षा व्यवस्था

आगामी 24-25 फरवरी को आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजीव शमी व पुलिस कमिश्नर भोपाल हरिनारायणाचारी मिश्र ने राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की मीटिंग कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। वहीं अधीनस्थ अधिकारियों को हिदायत भी दी गई कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की गलती न हो, इसका विशेष ध्यान रखे। विदित हो कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में पीएम नरेन्द्र मोदी का आना भी प्रस्तावित है, इसलिए पुलिस अफसर सुरक्षा को लेकर पूरी तरह अलर्ट है।



थर्ड ईयर, फोर्थ ईयर के छात्र भी प्रदर्शन में हुए शामिल, प्रबंधन देता रहा समझाइश, नहीं रुका विरोध

# मैनिट में पूरे दिन माहौल रहा 'गर्म', डायरेक्टर का बंगला घेरकर इस्तीफा देने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी (मैनिट) में मंगलवार का पूरा दिन हंगामे भरा रहा। एक दिन पहले संस्थान में फर्स्ट ईयर और सेकंड ईयर के छात्रों के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस के बल प्रयोग और मैनिट प्रबंधन के खिलाफ छात्रों ने जमकर विरोध-प्रदर्शन किया।

मंगलवार को हुए प्रदर्शन में मैनिट के फर्स्ट ईयर, सेकंड ईयर के छात्रों के साथ ही थर्ड ईयर और फोर्थ ईयर के छात्र भी शामिल हो गए। इन छात्रों का कहना है कि जब हम लोग किसी विवाद या किसी घटना से संबंध नहीं रखते तो पुलिस ने हमारे ऊपर बल प्रयोग क्यों किया। हमें चोटें आईं हैं, हमारी क्या गलती है, क्या उस वक्त होस्टल में रहना भी गलत माना गया था।

कुल मिलाकर मंगलवार को पूरे दिन चले हंगामे और प्रदर्शन में होस्टल के छात्रों के अलावा बाहर रह रहे विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की है। इन छात्रों का कहना है कि संस्थान में नाइंसाफी नहीं चलने दी जाएगी। हमें न्याय मिलना चाहिए।

*थर्ड ईयर, फोर्थ ईयर के छात्रों ने कहा, जब हम संबंधित विवाद या घटना में शामिल नहीं थे, तो पुलिस ने हमारे ऊपर बल प्रयोग क्यों किया, हमें भी चोटें आई हैं*





### छात्रों ने कहा, डायरेक्टर केके शुक्ला इस्तीफा दें

मैनिट में प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने डायरेक्टर प्रो. केके शुक्ला का बंगला घेर लिया। वे बंगले के साथ डायरेक्टर केके शुक्ला इस्तीफा दो के नारे लगाते रहे। छात्र का विरोध इस बात से भी है कि मैनिट प्रबंधन ने मामूली विवाद में ही पुलिस को बुलाकर उन्हें पिटवा दिया और बाद में सफाई दी जा रही है। इधर, थर्ड ईयर और फोर्थ ईयर के छात्रों में रोष इस बात से है कि उन्हें पुलिस ने होस्टल में बिना किसी गलती के ही पीटा और दुर्व्यवहार किया।

### कैंपस में माहौल को खराब नहीं होने देने, सुरक्षा व शांति के लिए पुलिस ने की कार्रवाईः डॉ. तिवारी

मैनिट पीआरओ डॉ. राहुल तिवारी ने बताया कि एक दिन पहले शाम को जब विवाद हुआ, तब कैंपस में एक कार्यक्रम के लिए सुरक्षा के तौर पर पुलिस पहले से बुलाई गई थी, लेकिन जब घटना हुई, तब माहौल को और खराब नहीं होने देने और लॉ एंड आर्डर बनाए रखने के लिए पुलिस को कार्रवाई करना पड़ी होगी। इस बीच यह पता नहीं था कि कौन-कौन छात्र हंगामे में शामिल हैं, तो पुलिस से जो छात्र सामने दिखा उसे वहां से खदेड़ दिया होगा। छात्रों को लगातार समझाइश दी जा रही है, कि इस मामले में किसी ने भी जानबूझकर गलती नहीं की है, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हुए।

### फर्स्ट ईयर के छात्रों ने दिया पत्र

*इधर, मंगलवार शाम को मैनिट प्रबंधन को फर्स्ट ईयर के कुछ छात्रों ने पत्र लिखकर स्पष्ट किया कि प्रथम वर्ष के छात्रों को सीनियर छात्रों द्वारा धमकाया जा रहा है। प्रथम वर्ष के छात्र चल रहे प्रदर्शन या हंगामे का हिस्सा नहीं हैं। वे इस घटना में पूरी जिम्मेदारी निदेशक की नहीं मान रहे हैं और न ही प्रदर्शन का हिस्सा बन रहे हैं।*

चार इमली और पुराने शहर के कई इलाकों में हुई दिक्कत

# सड़क पर फूटा 30 फीट ऊंचा फव्वारा, नहीं हुआ पानी सप्लाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार रेस्ट हाउस तिराहे पर मंगलवार को पाइप लाइन फूट गई। इससे पानी का 30 फीट ऊंचा फव्वारा निकलने लगा। पानी के प्रेशर से सड़क आधा घंटा तक तालाब बनी रही। कोलार रेस्ट हाउस तिराहा चार इमली और कोलार इलाके को जोड़ता है, यहां ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है। दोपहर 12 बजे अचानक पाइप लाइन लीकेज हो गई, करीब आधा घंटा तक पानी बहता रहा। जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके साथ चार इमली सहित पुराने शहर के कई इलाकों में पानी की दिक्कत हुई।

लाइन के फूटने की वजह से मंगलवार शाम को चार इमली समेत पुराने शहर के कई इलाकों में पानी की सप्लाई नहीं हुई। इसके चलते खासकर पुराने शहर के नागरिकों को मंगलवार शाम पानी के लिए परेशान होना पड़ा। हालांकि जलकार्य शाखा के जिम्मेदार अधिकारी का कहना है कि देर रात तक लाइन को सुधार लिया जाएगा। बुधवार से पानी की सप्लाई सुचारू होगी, लेकिन ऐसा इसलिए संभव नहीं है, क्योंकि जितना समय लाइन को सुधारने में लगेगा उतनी देर तक कोलार फिटर प्लांट के पंप बंद रहेंगे। पंप के चालू होने के बाद शहर की टंकियां सुबह तक नहीं भर पाएंगी। लिहाजा बुधवार सुबह भी आधे शहर में पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। मंगलवार शाम को जिन इलाकों में पानी की सप्लाई होती है,उधर लोग घंटों पानी की सप्लाई का इंतजार करते रहे।

- शहर के कई इलाकों में पानी की सप्लाई नहीं हुई, आज भी प्रभावित रह सकती है जलापूर्ति

### ननि ने शाम तक कर दी पाइपलाइन दुरुस्त

*पाइप लाइन के लीकेज होने के बाद नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और दुरुस्त करने में जुट गई। कोलार लाइन से शहर के आधे हिस्से में पानी की सप्लाई होती है। जब लीकेज हुआ, तब भी सप्लाई हो रही थी। ऐसे में कई इलाकों में पानी की सप्लाई पर असर पड़ सकता है। नगर निगम के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि साढ़े 3 एमएम की पाइप लाइन लीकेज हुई। उसे दुरुस्त किया है।*

# अवैध कॉलोनियों को वैध बताकर जारी कर दी बिल्डिंग परमिशन, 2 आर्किटेक्ट के लाइसेंस रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आर्किटेक्ट मनमर्जी से डीम्ड परमिशन जारी कर रहे हैं। ऐसे ही दो आर्किटेक्ट के लाइसेंस नगर निगम निरस्त कर दिए हैं, जबकि बाकी आर्किटेक्ट जांच के दायरे में हैं। दरअसल आयुक्त हरेंद्र नारायण ने समीक्षा बैठक में आर्किटेक्ट द्वारा जारी डीम्ड बिल्डिंग परमिशन्स की जांच की बात कही थी।

नगर निगम ने रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट को 2000 वर्ग फीट के प्लॉट्स पर डीम्स बिल्डिंग परमिशन देने का अधिकार दिया है। इसके बाद से 50 फीसदी डीम्ड परमिशन हो रही है, जिसमें नियमों को धता बता अधिकारों दुरुपयोग कर अवैध कॉलोनियों में भी डीम्ड परमिशन जारी की जा रही हैं। डेवलपमेंट चार्ज की गणना भी गलत हो रही है। अब परमिशन की जांच की जारी है।

### परमिशन क्रॉस चैक करना शुरू कर दियाः गोयल

*गौरतलब है कि अब तक डीम्ड बिल्डिंग परमिशन को क्रॉस चैक करने की कोई व्यवस्था नहीं है। नगर निगम आयुक्त के फरमान के बाद अब इंजीनियरों को डीम्ड परमिशन क्रॉस चैक करना शुरू कर दिया है। इधर, नगर निवेशक अनूप गोयल का कहना है कि दो आर्किटेक्ट के लाइसेंस उनके द्वारा जारी बिल्डिंग पमरिशन में गड़बड़ी होने पर निरस्त किए गए हैं, बाकी की जांच चल रही है।*

# वीर सावरकर सेतु पर सड़क निर्माण के चलते लगा ट्रैफिक जाम, एक घंटे तक रेंगते रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में कई बार ठेकेदारों की लापरवाही से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को भी सावरकर सेतु ब्रिज पर ऐसा ही देखने को मिला। यहां पर ठेकेदारा ने शाम करीब 4 बजे से बिना किसी पूर्व सूचना व मार्ग परिवर्तत किए बिना गणेश मंदिर से होशंगाबाद की ओर जाने वाले रास्ते पर सड़क निर्माण शुरू कर दिया।

इस वजह से यहां पर एक घंटे तक जाम की स्थिति बन गई। इसके चलते आरकेएमपी स्टेशन से लेकर ब्रिज तक वाहनों की कतार लग गईं। इससे जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोग गंतव्य स्थान तक आधे से एक घंटे तक फंसे रहे। तो वहीं कई



लोगों ने इस रास्त से वापस लौटकर रॉन्ग साइट से वाहनों को दौड़ा दिया। इस वजह से ब्रिज के दोनों ओर जाम लग गया। इससे दूसरे तरफ पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ने से जाम के चलते दोनों ओर से वाहन चालकों मशक्कत करनी पड़ी। इससे पूर्व निमार्णाधीन सड़क पर लोग धूल उड़ने से परेशान हुए। वहीं इस रूट शाम को ट्रैफिक जाम लगने से भी काफी परेशानी उठानी पड़ी।

दस दिन सर्वर ठप रहने के बाद भी नहीं हुआ सुधार

# दूसरे दिन भी अटक कर चला लोक सेवा का सर्वर, लोगों को घंटों करना पड़ा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के कलेक्टोरेट, टीटी नगर, कोलार और बैरसिया लोकसेवा केंद्रों पर पिछले दो दिनों से भारी भीड़ देखी जा रही है, लेकिन सर्वर ठीक से नहीं चलने की वजह से लोगों को आवेदन जमा करने में ही दो से तीन घंटे का समय लग रहा है। अगर आवेदन जमा हो गया है तो प्रमाण पत्र नहीं निकल रहे हैं। सबसे ज्यादा खराब हालात कलेक्टोरेट और कोलार स्थित लोकसेवा केंद्रों की है। मंगलवार को भी यहां भारी भीड़ देखी गई। लोक सेवा केंद्रों पर मंगलवार को भी व्यवस्थाएं ठप रहीं।

कलेक्ट्रेट स्थित लोक सेवा केंद्र के अलावा कोलार और 12 दफ्तर स्थित लोक सेवा केंद्रों पर आवेदकों को सीमांकन सहित अन्य आवेदन जमा कराने में ही पसीने आ गए। लोगों के मूल निवासी, आय, जाति, ईडब्ल्यूएस, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र के



आवेदन तो जमा हुए, लेकिन कई घंटे इंतजार करने के बाद भी लोगों को प्रमाण पत्र नहीं मिल सके, जिसके चलते लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। बागली निवासी अरुण पाटीदार का कहना है कि बीस किमी दूर से सीमांकन की सर्टिफाइड कॉपी निकलवाने के लिए आवेदन लगाने आए हैं, लेकिन सर्वर न चलने के कारण एक घंटा इंतजार करने को कहा गया है। वहीं नामांतरण, सीमांकन के आवेदन भी जमा नहीं हो सके।

### काउंटर घटाने से भी हो रही दिक्कत

कलेक्टोरेट स्थित लोकसेवा केंद्र में आवेदन की फीस कम होने के बाद से ही ठेकेदार ने यहां के कर्मचारियों की छंटनी कर दी थी, जिसकी वजह से काउंटर कम कर दिए गए हैं। जिसकी वजह से यहां के काउंटर भी कम कर दिए हैं, ऐसे में लोगों की लंबी लाइन यहां लगती है। केंद्र मैनेजर मुकुल यादव का कहना है कि मंगलवार को लोड अधिक था, यहां आने वाले सभी लोगों के आवेदन जमा किए गए हैं।

### पूछताछ केंद्र से भी हटाया कर्मचारी

कलेक्टोरेट स्थित लोक सेवा केंद्र पर पूछताछ काउंटर में किसी की भी ड्यूटी नहीं लगाई जाती है, जिसके चलते लोगों को परेशानी होती है। यहां पर लोग लंबे समय से काउंटर पर किसी व्यक्ति की ड्यूटी लगाने की बात कह रहे हैं।

### टेक्निकल टीम कर रही निगरानी

समग्र पोर्टल पर नया सर्वर माइग्रेट हुआ है। जल्दी ही सारी व्यवस्थाएं पहले की तरह शुरू हो जाएंगी। टेक्निकल टीम भी निगरानी रख रही है।

भपेंद्र गोयल, एडीएम

आयकर ने मांगी लोकायुक्त, ईडी से अब तक हुई छानबीन की डिटेल

# सौरभ, चेतन और शरद से आयकर विभाग ने जेल में पूछताछ के लिए मांगी अनुमति

- सौरभ शर्मा के जमानत आवेदन पर गुरुवार को होगी ईडी के कोर्ट में सुनवाई

विधिक संवाददाता ⏭ भोपाल

आरटीओ के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा एवं उसके साथी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल पर अब आयकर विभाग का शिकंजा कसने जा रहा है।

लोकायुक्त और ईडी के अधिकारियों के बाद अब आयकर विभाग के अधिकारी आरोपियों से पूछताछ करेंगे। इसके लिए आयकर विभाग की ओर से मंगलवार को अधिवक्ता हर्षवर्धन टोपरे ने न्यायालय में एक आवेदन प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत के दौरान जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ करने की अनुमति प्रदान किए जाने की मांग की है। गुरुवार को आयकर विभाग के अधिवक्ता के आवेदन पर सुनवाई की जाएगी।

इसके अलावा सौरभ शर्मा के जमानत के आवेदन पर बुधवार को ईडी और गुरुवार को लोकायुक्त के विशेष न्यायाधीश के न्यायालय में सुनवाई होगी। इधर आईटी ने अब तक हुई पूछताछ और छानबीन की डिटेल लोकायुक्त और ईडी से मांगी है। इस मामले में आयकर विभाग इनोवा में मिले 11 करोड़ कैश की जांच कर रहा है, साथ ही डीआरआई 50 किलो गोल्ड के मामले में पूछताछ करनी है। पहले आयकर विभाग दोनों एजेंसियों के द्वारा आरोपियों से की गई पूछताछ और बरामदगी की रिपोर्ट का परीक्षण करना चाहती है।

इधर लोकायुक्त भी छापे के मामले में आरोपियों की संख्या बढ़ा रही है। अभी इस मामले में सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर, और शरद जायसवाल आरोपी है। विवेचना के दौरान 2 आरोपी और बढा दिए है। हालांकि लोकायुक्त ने इनके नामों का खुलासा नहीं किया है।

## केरल में रैगिंग का तीसरा मामला सामने आया

# शर्ट उतारी और घुटनों पर बैठा दिया पीने के लिए थूक कर दिया गया पानी

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के एक कॉलेज में रैगिंग का ताजा मामला सामने आया है। यहां तिरुवनंतपुरम में एक सरकारी कॉलेज के छात्र ने रैगिंग का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उसके सीनियर्स ने उसकी बेरहमी से पिटाई की। कार्यावत्तोम सरकारी कॉलेज में फर्स्ट ईयर के बायोटेक्नोलॉजी के छात्र ने बताया कि 11 फरवरी को परिसर में सात सीनियर छात्रों के एक ग्रुप ने उसकी पिटाई की, उत्पीड़न किया और धमकी दी। बता दें कि कोट्टायम के एक सरकारी नर्सिंग कॉलेज में एक जूनियर छात्र का क्रूर तरीके से शारीरिक



उत्पीड़न का मामला केरल में व्यापक जन आक्रोश का मुद्दा बना हुआ है। इसके बाद अब रैगिंग से जुड़ा एक और मामला सामने आया है।पीड़ित छात्र ने सीनियर छात्रों पर लाठियों और बेल्ट से पीटने का आरोप लगाया। आगे उसने बताया, इसके बाद मुझे यूनिट रूम में ले जाया गया और वहां बंद कर दिया गया।

### पुलिस ने दर्ज किया केस

कझाकुट्टम थाने के अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने 11 फरवरी को विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसमें दंगा, गलत तरीके से बंधक बनाना आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया, केरल रैगिंग निषेध अधिनियम 1998 के प्रावधानों के अनुसार, पुलिस ने कॉलेज के यूनिट प्रमुख (प्रधानाचार्य) से अनुरोध किया है कि वे शिकायत के अनुसार संस्थान में कोई रैगिंग हुई है या नहीं, इसकी जांच करके हमें रिपोर्ट सौंपें।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भोपाल संभाग भोपाल**
**पुराना सचिवालय, लोक आयुक्त कार्यालय के पास भोपाल**
E-mail Address- eeresbhopal@mp.gov.in, Phone no 0755-2541072

क्रमांक/483/ निविदा/ग्रायांसेवा/2025 — निविदा विज्ञप्ति क्रं. 26/2024-25 — भोपाल, दिनांक : 14/2/25

संभाग अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईटः http://mptender.gov.in देखा जा सकता है।

| क्र. | ग्रायांसे संभागीय कार्यालय | सिस्टम टेन्डर नंबर | कार्य का नाम | कार्यो की संख्या | निर्माण कार्यो की अनुमानित लागत (पी.ए.सी. लाख में) | अमानत राशि | प्रदत्त समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भोपाल | 2025_RES_402898 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य वेकेशनल क्लासेस हेतु शासकीय हाई सेकेण्ड्री स्कूल कन्या नवीन तुलसी नगर फंदा विद्युत फिटिंग सहित भोपाल। | 01 | 12.17 | 25,000/- | 02 महीने वर्षाकाल रहित | 2000 |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाईट http://mptender.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 24/02/2025 समय प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 11/03/2025 समय 05:30 बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाईट पर दी जायेगी। पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
भोपाल संभाग भोपाल

जी - 23219/24 — स्वच्छता ही सेवा


## जैकेट का शेष...

### 21 फरवरी तक बढ़ाई...

साक्षात्कार में प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि में यह दूसरा विस्तार है। आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर जारी एक नोटिस में कहा गया है कि सिविल सेवा (प्रारंभिक)-2025 और भारतीय वन सेवा (प्रारंभिक)-2025 के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 फरवरी 2025 (शाम 6 बजे) तक बढ़ा दी गई है।

### शिवराज बोले...

रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत 'नक्शा' कार्यक्रम शुरू किया है। चौहान ने कहा कि नक्शा न होने से ही कई बार जमीन संबंधी विवाद होते हैं। नक्शे न होने से ही किसी की जमीन किसी के नाम हो जाती थी। कार्यक्रम के बाद लोगों के पास डिजिटली नक्शा मौजूद होगा। इसके लिए यह कार्यक्रम लांच किया गया है।

### कांग्रेस बंद हो जाएगी...

सभी लोग से जुड़ें। इसका कार्यक्रम देश भर में आज से शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट आयोजित की जा रही है। प्रदेश में कपास का सबसे ज्यादा उत्पादन हो रहा है। सरकार कोशिश कर रही है उससे धागा और कपड़ा यहीं बनना चाहिए।

### इस योजना का ...

क्लिक पर निकाल सकेंगे। भूमि के डिजिटालाइजेशन से नगरीय क्षेत्रों में विकास संबंधी कामों में आसानी होगी। नगरीय क्षेत्रों में प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन में सुधार होगा और इससे नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। संपत्ति की खरीद-बिक्री और लोन की प्रक्रिया आसान होगी।

### ग्रामीणों के लोडिंग...

में रिश्तेदार हैं। डंपर ड्राइवर मौके से भाग निकला। जवाहरपुरा निवासी राकेश जाटव के बेटे की शादी सोमवार को थी। इसमें शामिल होने के लिए भवानीपुरा गांव से उनके ससुराल पक्ष के लोग भी आए थे। मंगलवार सुबह सभी भवानीपुरा लौटने के लिए लोडिंग वाहन में बैठ रहे थे। उनको छोड़ने आए लोग भी वहीं खड़े थे। तभी हादसा हो गया।

**चार घंटे तक सड़क पर लगाया जामः** हादसे के बाद ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। हाईवे को सिक्सलेन बनाने की मांग करते हुए कलेक्टर, एसपी और सांसद समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने। जानकारी लगते ही कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव, एसपी असित यादव, एसडीएम अखिलेश शर्मा, डीएसपी दीपक तोमर वहां पहुंचे और लोगों से बातचीत की। उनकी मांग ऊपर पहुंचाने का भरोसा दिलाया। करीब 4 घंटे बाद जाम खुल सका। इस दौरान व्यवस्था संभालने के लिए चार थानों का पुलिस बल बुलाया गया था।

### कोर्ट ने केंद्र से ...

मीडिया रील्स से जुड़े नियमों की जानकारी मांगी। कोर्ट ने कहा कि रील्स पर अश्लीलता के प्रसारण को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, और क्या ऐसे मामलों में कोई ठोस नियम बनाए गए हैं। याचिका में कहा गया है कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर रील्स के माध्यम से अश्लीलता प्रसारित की जा रही है, जो कि भारतीय संविधान के तहत दंडनीय अपराध है, विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) के तहत। इसके बावजूद, इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है और न ही एफआईआर दर्ज की जा रही है।

**सख्त नियम लागू करने की मांगः** याचिका में यह भी मांग की गई है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील सामग्री पर रोक लगाने के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं और सेंसरशिप को मजबूती से लागू किया जाए। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर माना और मध्यप्रदेश शासन को पार्टी बनाने का आदेश दिया। साथ ही केंद्र सरकार के वकील से पूछा कि इस मुद्दे को रोकने के लिए केंद्र सरकार क्या कदम उठा सकती है और इसके लिए कौन से नियम लागू किए जा सकते हैं। मामले की अगली सुनवाई 3 मार्च को होगी। याचिका में फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और गूगल जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी पार्टी बनाया गया है।

### पीथमपुर में 27 फरवरी...

सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति विवेक जैन की खंडपीठ ने राज्य सरकार को आदेशों का पालन करने और 27 मार्च तक रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। यह खतरनाक कचरा वर्तमान में इंदौर के पास पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के तारपुरा गांव में एक निजी सुविधा में रखा गया है। इससे पहले, यह पिछले 40 वर्षों से भोपाल में यूनियन कार्बाइड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की बंद इकाई में पड़ा हुआ था जब 2-3 दिसंबर, 1984 की मध्यरात्रि को त्रासदी हुई थी। दुनिया की अब तक की सबसे भीषण औद्योगिक आपदा ने सैकड़ों लोगों की जान ले ली थी और हजारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

### 5 युवकों को रौंदा...

मोटरसाइकिलों पर यात्रा कर रहे थे जब एक ट्रक ने उनके वाहनों को टक्कर मार दी, जबकि पुलिस ने शुरू में कहा था कि दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल शामिल थी। चुरहटा पुलिस थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने कहा कि वे यह पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं कि क्या पीड़ित दो मोटरसाइकिलों पर थे। जानकारी के मुताबिक एक ही परिवार के चार सवारों की मौत हो गई। मिश्रा ने कहा कि एक अन्य सवार को चोटें आईं और उसका रीवा के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### कामायनी एक्सप्रेस...

वाली ट्रेन नंबर 11072 कामायनी एक्सप्रेस में बम की अफवाह होने का मैसेज रेलवे कंट्रोल को मिलने से रेलवे एवं स्थानीय अधिकारियों में हड़कम मच गया। सूचना मिलने पर आरपीएफ, जीआरपी सहित राजस्व विभाग एवं अनुविभाग की पुलिस स्टेशन पर सक्रिय हुई। देखते ही देखते स्टेशन पुलिस छावनी में तब्दील होने लगा। जैसे ही ट्रेन बीना स्टेशन के प्लेटफार्म पर एक पर आकर रुकी तो यात्रियों से सामान छोड़कर टेन को खाली कराया गया। सागर से आए बम निरोधक दस्ता ने ट्रेन की करीब डेढ़ घंटे तक जांच की। दोपहर 3.10 पर जांच पूरी होने पर यात्रियों को ट्रेन में पहुंचाया गया। सभी यात्रियों के ट्रेन में बैठने के बाद 3.55 बजे ट्रेन को भोपाल की ओर रवाना किया गया।

### ग्वालियर-चंबल में...

सर्वाधिक 4.7 डिग्री गिरकर 24.9 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री कम है। नौगांव में 3.7 डिग्री गिरकर 25 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 3.4 डिग्री कम रहा है। गुना, नर्मदापुरम, शिवपुरी, रीवा, सतना, सिवनी, टीकमगढ़ आदि जिलों में आधा से एक डिग्री तक कमी आई। प्रदेश में औसत दिन का पारा 32 डिग्री तक रहा। भोपाल में धूप खिलने से दिन के तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिन का पारा दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 32.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.6 डिग्री अधिक है। मंगलवार को सुबह के समय भिंड और मुरैना में भी बौछारें गिरीं। मुरैना में भी बादलों के बीच सुबह 11.30 बजे के बाद हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे हवाओं में ठंडक घुल गई। भिंड में भी बादल छाए रहे। देर शाम यहां भी हल्की बारिश हुई।

## पेज एक का शेष...

### जीआईएस में प्रधानमंत्री...

किए जाने वाले एमपी एक्सपीरियंस जोन का अवलोकन भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीआईएस को भव्य, सुव्यवस्थित और परिणामदायी बनाने के लिए सभी विभाग बेहतर समन्वय एवं सामंजस्य से कार्य करें।

### जीआईएस तैयारियों...

से समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि निवेशकों को सहज आकर्षित करने के लिए राज्य की सभी निवेशक हितैषी औद्योगिक नीतियों, उद्योगों के लिए उपलब्ध व्यापक अधोसंरचनाओं और संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को इंडस्ट्री फ्रेंडली स्टेट बनाने के लिए निवेशकों को वांछित सभी जरूरी सहायता एवं सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।

### भारतीय आतिथ्य परंपरा...

के तालाबों एवं पूरे शहर का आकर्षक सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़ी झील में पाल-नौकायन और ई-बैटरी से चलित नौकाओं का संचालन किया जाए, जिससे निवेशक और दूसरे प्रतिभागी भोपाल के अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ ले सकें।

### राज्यपाल ने जीवाजी...

क्या है धारा 52, जिसमें है विवि के कुलगुरू को हटाने का प्रावधानः भारत में विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक ढांचे को नियंत्रित करने के लिए राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। धारा 52 किसी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर को हटाने से संबंधित प्रावधान है। यह धारा तब लागू होती है जब किसी कुलगुरू के कार्यों, आचरण, या नीतियों को लेकर सरकार को गंभीर आपत्तियां होती हैं और विश्वविद्यालय का प्रशासन बाधित होता है।

### महाकुंभ 'मृत्युकुंभ'...

करता हूं। उन्होंने कहा कि थोड़ी देर पहले सदन (राज्य विधानसभा) में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कहा कि यह महाकुंभ नहीं बल्कि 'मृत्युकुंभ' है। हिंदुओं, महाकुंभ पर इस हमले के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं। अगर आप सच्चे हिंदू हैं, तो राजनीति से ऊपर उठें और ममता बेनर्जी के इन शब्दों का कड़ा विरोध करें।

### हाई कोर्ट ने ईडब्ल्यूएस ...

के स्तर पर ईडब्ल्यूएस की स्टेटस अलग-अलग होता है। केंद्र शासन की ओर से डिप्टी सालिसिटर जनरल पुष्पेंद्र यादव ने भी कहा कि इस तरह अंतिम चरण में अंतरिम राहत का पालन करने से नवीन नोटिफिकेशन सहित अन्य स्तरों पर परेशानी होगी।

### बाबा बागेश्वर को सनातन ...

भी आलोचना कर रहे हैं जो बागेश्वर धाम का आशीर्वाद लेने जाते हैं, जैसे कि कमलनाथ, अरुण यादव, जयवर्धन सिंह, सज्जन वर्मा और आलोक चतुर्वेदी। सलुजा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता अपने राजनीतिक लाभ के लिए बाबा से आशीर्वाद लेने जाते हैं, लेकिन वे किसी का विरोध करने में भी पीछे नहीं हटते। भाजपा ने कांग्रेस से मांग की है कि वे अपने मीडिया प्रभारी पर तुरंत कार्रवाई करें, उन्हें पद से हटाएं और सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। इस पूरे विवाद ने मध्यप्रदेश की राजनीतिक हलचल को और तेज कर दिया है और दोनों प्रमुख दलों के बीच तीखी बयानबाजी की स्थिति पैदा कर दी है।

### ट्रेन के प्लेटफॉर्म...

कुंभ स्पेशल ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 16 से रवाना होगी। इसके बाद भगदड़ की स्थिति बनी। और सीढ़ियों पर आने जाने वाले यात्रियों के बीच धक्का मुक्की हुई और लोग गिरने लगे। रिपोर्ट के मुताबिक इस समय मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर, उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर 15 पर खड़ी थी। प्रयागराज एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए यात्रियों की भीड़ भी प्लेटफॉर्म 14 पर मौजूद थी। यानी तीन ट्रेनों के आने-जाने वालों की भीड़ प्लेटफॉर्म पर पहले से मौजूद थी। घोषणा सुनकर यात्री प्लेटफॉर्म 12-13 और 14-15 से फुटओवर ब्रिज 2 और 3 के जरिए सीढ़ियां चढ़ने की कोशिश करने लगे। इस दौरान मगध एक्सप्रेस, उत्तर संपर्क क्रांति और प्रयागराज एक्सप्रेस के यात्री सीढ़ियों से उतर रहे थे। धक्का-मुक्की के बीच कुछ यात्री फिसलकर सीढ़ियों पर गिर गए और भगदड़ मच गई। भगदड़ के बाद राहत सहायता देने में 40 मिनट से अधिक की देरी हुई। मची भगदड़ में 18 यात्रियों की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि कई लोगों घायल हो गए। मरने वालों में 9 महिलाएं, 4 पुरुष और 5 बच्चे शामिल हैं। ये सभी लोगों बिहार, दिल्ली और हरियाणा के रहने वाले थे। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि जैसे ही प्लेटफार्म बदलने की घोषणा हुई, यात्री घबराकर भागने लगे।

**ये हैं प्लेटफार्म बदलने का नियमः** ऐसी ट्रेनें जो पीछे से आ रही होती हैं और संबंधित स्टेशन पर रुककर आगे जाना है। उनका प्लेटफार्म बदला जा सकता है। लेकिन इसके लिए गाइडलाइन है कि वो एक ओर से दूसरी ओर ही बदला जा सकता है। यानी अगर चार पांच प्लेटफार्म साथ-साथ हैं तो ट्रेन को चार के बजाए पांच नंबर पर लाया जा सकता है, क्योंकि यात्रियों को एफओबी जाने की जरूरत नहीं होती है, सिर्फ एक ओर से दूसरी ओर जाना होता है।

### लगता है आपके...

शुरू हो चुकी है और कोर्ट की ओर से सख्त रुख अपनाया गया है। कोर्ट ने रणवीर के अश्लील कमेंट को दिमाग की गंदी उपज बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर सुनवाई करते हुए सख्त रुख अपनाया और भद्दे कमेंट के लिए फटकार भी लगाई है। कोर्ट में इस केस की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत ने की। सुप्रीम अदालत ने फटकार लगाते हुए कहा कि लगता है कि उनके दिमाग में कुछ गंदगी है। कोर्ट ने ये भी कहा कि ऐसे व्यक्ति का केस क्यों सुना जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने फटकारते हुए कहा कि पॉपुलर होने का मतलब ये नहीं है कि आप कुछ भी टिप्पणी करेंगे। आप लोग माता-पिता को बेइज्जत कर रहे हो। ऐसा लगता है कि आपके दिमाग में गंदगी है।कोर्ट ने आग निंदा करते हुए कहा कि जिस विकृत मानसिकता का प्रदर्शन किया गया, इससे पूरा समाज शर्मिंदा होगा। कोर्ट की ओर से रणवीर को बिना इजाजत देश से बाहर की यात्रा करने की परमिशन नहीं दी गई है। साथ ही आदेश दिया गया है कि वो अपना पासपोर्ट भी पुलिस थाने में जमा करा दें।

**राहतः अंतरिम गिरफ्तारी पर रोक लगाईः** इतना ही नहीं, कोर्ट की ओर से रणवीर को राहत भी दी गई है। उनकी अंतरिम गिरफ्तारी पर रोक लगाई है और शर्त भी रखी गई है कि वो आगे जांच में सहयोग करेंगे और सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर इलाहाबादिया के अश्लील कमेंट को देखते हुए कोर्ट ने कोई दूसरा एपिसोड ऑन एयर करने पर रोक लगा दी है। साथ ही कोर्ट ने उन्हें आश्वासन दिया है कि अगर वो जांच में सहयोग करेंगे तो उनको सुरक्षा भी दी जाएगी।







पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898.
R-07 to 21-02-2025


### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक







R-14/02/25 to 18/4/25- not-fab, 16,23,26
not= march-2,9,14,16,23,30,31, April- 6,10,13,14


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।


## शब्द पहेली - 5783



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 5782 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5793

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5792 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## बिजनेस न्यूज

### अडाणी फाउंडेशन ने पूरे भारत में शिक्षा मंदिर खोलने का संकल्प लिया



**अहमदाबाद।** अडाणी फाउंडेशन ने देशभर में शिक्षा के मंदिर स्थापित करने के लिए निजी के-12 शिक्षा में वैश्विक अग्रणी जेम्स एजुकेशन के साथ सहयोग किया है। अडाणी परिवार की ओर से 2,000 करोड़ रुपए के शुरुआती दान के साथ, यह साझेदारी समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए विश्व स्तरीय शिक्षा और सीखने के बुनियादी ढांचे को किफायती बनाने को प्राथमिकता देगी। फाउंडेशन अडाणी समूह की सीएसआर शाखा है - जो भारत का सबसे बड़ा बुनियादी ढांचा पोर्टफोलियो है। चेयरमैन गौतम अडाणी के सामाजिक दर्शन सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है के अनुरूप, यह साझेदारी नवाचार और क्षमता विकास द्वारा समर्थित शिक्षण दक्षताओं को विकसित करने पर केंद्रित सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के अनुसंधान संस्थानों को भी जन्म देगी। पहला अडाणी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में लखनऊ में खुलेगा। अगले तीन वर्षों में, के-12 सेगमेंट में कम से कम 20 ऐसे स्कूल भारत के प्राथमिक महानगरीय शहरों में और बाद में टियर टू से फोर शहरों में भी शुरू किए जाएंगे। अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने कहा कि यह पहल विश्वस्तरीय शिक्षा को किफायती और व्यापक रूप से सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जीईएमएस एजुकेशन के साथ हमारी साझेदारी के माध्यम से वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं और अभिनव डिजिटल शिक्षा को अपनाकर, हमारा लक्ष्य परिवर्तन करने वालों की अगली पीढ़ी को भारत में सामाजिक रूप से जिम्मेदार नेता बनने के लिए तैयार करना है।

### चितरंजन रेल इंजन कारखाना ने 581 इलेक्ट्रिक रेल इंजन का किया उत्पादन




**चित्तरंजन।** भारतीय रेलवे की अग्रणी लोकोमोटिव विनिर्माण इकाई चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) ने अपने स्थापना वर्ष का 75 गौरवशाली वर्षों का उत्सव मनाते हुए मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 581वां इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का ऐतिहासिक उत्पादन आंकड़ा का मुकाम हासिल किया, जो विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त 580 लोकोमोटिव निर्माण के अब तक के उच्चतम उत्पादन आंकड़ा को पार कर गया है। चिरेका द्वारा यह उपलब्धि किसी भी वित्तीय वर्ष में अब तक का सबसे अधिक उत्पादन आँकड़ा है और इसके इतिहास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। चालू वित्तीय वर्ष में यह उल्लेखनीय उपलब्धि पिछले वर्ष की तुलना में 41 दिन पहले ही हासिल कर ली गई है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि विजय कुमार, महाप्रबंधक/चिरेका के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इनके निरंतर प्रेरणा और प्रोत्साहन से चिरेका के कार्य कुशल कर्मचारियों द्वारा समर्पित प्रयास से संभव हो पाया। महाप्रबंधक विजय कुमार ने चिरेका की पूरी टीम इस उपलब्धि के लिए को बधाई दी और उत्पादन की प्रगति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की।

### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भोपाल को मिला द्वितीय पुरस्कार




**भोपाल।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जयपुर में मध्य, पश्चिम एवं उत्तरी क्षेत्रों का संयुक्त राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में राजस्थान राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, राजस्थान की सांसदमंजू शर्मा, संसदीय राजभाषा समिति के सदस्य एवं गृह मंत्रालय की उपस्थित में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के संयोजन वाली नराकास (बैंक)भोपाल को वर्ष 2023-24 में राजभाषा सम्मान के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नराकास (बैंक) भोपाल समिति के अध्यक्ष एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया भोपाल अंचल प्रमुख तरसेम सिंह जीरा ने राजभाषा सम्मान शील्ड ग्रहण की। सदस्य सचिव सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक (राजभाषा) राजीव तिवारी ने प्रमाणपत्र ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि उक्त सम्मेलन में 3000 से अधिक केंद्रीय कर्मियों ने हिस्सा लिया।

### पॉवर होंडा ने नए एक्टिवा 110 ओबीडी2बी का किया अनावरण



**भोपाल।** होंडा ने अपने प्रतिष्ठित स्कूटरएक्टिवा 110 ओबीडी2बी के नए और उन्नत मॉडल का शानदार अनावरण किया। यह स्कूटर बेहतरीन माइलेज, स्मार्ट कनेक्टिविटी बौर एडवांस सेफ्टी फीचर्स के साथ, शहरी मोबिलिटी के नए मानक स्थापित करेगा। इस लॉन्च इवेंट का आयोजन भोपाल में किया गया, जहां विशेष अतिथि शशांक राजदान (सेल्स हेड) एवं आशीष कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहक, डीलर्स और स्कूटर प्रेमी शामिल हुए। होंडा का यह नया मॉडल उन ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है, जो विश्वसनीयता, परफॉर्मेंस और स्टाइल का बेहतरीन संयोजन चाहते हैं। नया एक्टिवा 110 ओबीडी2बी अपने सेगमेंट में स्मार्ट कनेक्टिविटी, उन्नत तकनीक और शानदार राइडिंग अनुभव लेकर आया है। इस अवसर पर पॉवर होंडा के ऑनर वसीम सिंह ने कहा कि होंडा अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम तकनीक और विश्वसनीयता देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। नया एक्टिवा 110 ओबीडी2बी न केवल एक अपग्रेडेड अनुभव देगा, बल्कि स्कूटर सेगमेंट में नए मानक स्थापित करेगा।

### टैगोर स्कूल के 89 बैच के 12 पूर्व छात्र-छात्राओं ने किया रियूनियन का आयोजन

**भोपाल।** भेल टाऊनशिप के प्रतिष्ठित टैगोर स्कूल के 89 बैच के 12 पूर्व छात्र,छात्राओं ने विगत दिनों रियूनियन का



आयोजन किया जिसमें भोपाल के अलावा मुंबई, कल्याण, खरगौन से भी पूर्व छात्रों ने शिरकत की। बहुत ही हर्षोल्लास के वातावरण में सब एक दूसरे से मिलकर खुश हुए और 37 साल पुरानी यादें ताजा की और अपनी अपनी शरारतें साझा की। रियूनियन की शुरुआत में पूर्व छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। तत्पश्चात अपनी विद्यार्थी जीवन की पहली शिक्षिका कक्षा केजी 1 की टीचर श्रीमती शकुंतला रैकवार घर जाकर उनका शॉल ओढ़ाकर, पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मान किया और उनका आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही अयोध्या के रामलला की तस्वीर भेंट की, जिसे देखकर मैडम जी अत्यंत भावुक हो गई। तत्पश्चात सभी लोग बस द्वारा उज्जैन जाकर वहां के राजा महाकाल के दर्शन लाभ प्राप्त करने के साथ उज्जैन के राजा महाकाल के दरबार में प्रदेश में खुशहाली, शान्ति,भाईचारा एवं अच्छी बारिश की प्रार्थना की। इस दौरान सभी पूर्व छात्र-छात्राओं महेश मरावी, शिल्पा, हरीश चोइथानी, सीमा, वैभव, मनी, विजय वैद्य, रीटा, प्रगणेश पटेल, फिरोज अहमद आदि ने आपस में अंताक्षरी एवं खूब हंसी मजाक के साथ ही लजीज व्यंजनों का स्वाद भी लिया एवं ऐसा आयोजन हर वर्ष करने पर अपनी सहमति जताई ।

### आईआईएम ने पीएचडी कार्यक्रम 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**भोपाल।** भारतीय प्रबंध संस्थान ने अपने पूर्णकालिक पीएचडी कार्यक्रम 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई 2025 निर्धारित की गई है। यह पूर्णकालिक, पूरी तरह से वित्त पोषित कार्यक्रम वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त विद्वानों को विकसित करने के लिए संरचित किया गया है, जो प्रबंधन शोध और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सक्षम होंगे। इच्छुक उम्मीदवारों को आमंत्रित करते हुए भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर के निदेशक प्रोफेसर राम कुमार काकानी ने कहा कि हमारा संस्थान एक शोध-प्रधान शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो विद्वानों को ज्ञान और नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए सशक्त बनाता है। शोध उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए, इस कार्यक्रम में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें पहले दो वर्षों के लिए प्रति माह 50,000 रुपए की छात्रवृत्ति और उसके बाद के वर्षों के लिए 55,000 रुपए की छात्रवृत्ति शामिल है।

### श्रील प्रभुपाद 'विश्व गुरु' की उपाधि से सम्मानित



**प्रयागराज।** भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद को ऐतिहासिक महाकुंभ के पावन अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने पहली बार 'विश्व गुरु' की उपाधि से सम्मानित किया। विश्व गुरु पट्टाभिषेक कार्यक्रम निरंजनी अखाड़ा के परिसर में नित्यानंद त्रयोदशी के पवन तिथि के अवसर में सम्पन्न हुआ। यह उपाधि श्रील प्रभुपाद को दुनिया भर में लाखों-करोड़ों अनुयायियों को सनातन धर्म से जोड़ने एवं इस्कॉन के प्रति देश-विदेश में उमड़ी श्रद्धा को देखते हुए दी गई। निरंजनी पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज, श्रीमहंत रवींद्र पूरी महाराज अध्यक्ष अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, आचार्य महामंडलेश्वर अवधूत अरुण गिरी जी श्री आवाहन अखाड़ा पीठाधीश, अखाड़ों के महामण्डलेश्वरगण, सचिव गण, श्रीमहंतगण एवं हजारों भक्तों की उपस्थिति में हुआ।

### फास्ट्रैक ने लांच किया पुरस्कार विजेता बेयर कलेक्शन

**भोपाल।** युवाओं के अग्रणी फैशन एक्सेसरीज ब्रांड फास्ट्रैक ने नए युनिसेक्स कलेक्शन बेयर का लांच किया है, एक आधुनिक पारदर्शी घड़ी जो बिना फिल्टर के अपनी अभिव्यक्ति एवं प्रमाणिकता का जश्न मनाती है।

## एक्सपोर्ट कोटा और उत्पादन में कमी का असर

# शक्कर के भाव में घुली कड़वाहट, डेढ़ महीने में 300 रुपए क्विंटल बढ़े दाम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



**गर्मी की डिमांड निकलने से 4500 क्विंटल के पार बिकेगी शक्कर**

10 लाख टन एक्सपोर्ट कोटा होने और वर्ष 2025 में चीनी के उत्पादन में कमी की उम्मीद के साथ वैवाहिकी डिमांड होने से शक्कर कड़वी है। क्योंकि शक्कर के थोक दाम 4300 रुपए क्विंटल के पार है। कारोबारियों के अनुसार आने वाले समय में गर्मी की बंपर डिमांड शक्कर में निकलेगी अतः संभावना जताई जा रही है शक्कर में सटोरिए हावी होंगे और शक्कर के दाम 4500 रुपए क्विंटल के भाव का रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचेगी। स्थानीय हनुमानगंज बाजार स्थित शक्कर के थोक कारोबारी देवानंद सचदेवा के अनुसार डेढ़ महीने में शक्कर के भाव 300 रुपए क्विंटल की तेजी आ चुकी है। स्थानीय जिंस बाजार में शक्कर के थोक भाव 4300 से 4320 रुपए प्रति क्विंटल बोले जा रहे हैं। सचदेवा ने बताया कि शक्कर में तेजी की प्रमुख वजह उत्पादन में कमी की आशंका के साथ 10 लाख टन चीनी का एक्सपोर्ट कोटा जारी होना और वैवाहिकी डिमांड होना है। गौरतलब है कि सेंट्रम ने रिपोर्ट में यह दावा किया है। 15 फरवरी 2025 तक देश में चीनी उत्पादन 19.77 एमएमटी है, यह आंकड़ा पिछले सीजन की इसी अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत कम है। उत्पादन में गिरावट मुख्य रूप से इथेनॉल उत्पादन के लिए अधिक चीनी के इस्तेमाल और गन्ने की उपलब्धता में कमी के कारण है। चीनी उत्पादन के राज्यवार आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहां चीनी उत्पादन में सालाना 14 फीसदी की गिरावट आई है। कर्नाटक में 13 फीसदी की गिरावट देखी गई, जबकि उत्तर प्रदेश में 8 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। उल्लेखनीय रूप से, पिछले पखवाड़े में कर्नाटक की गन्ना उपलब्धता में साल-दर-साल आधार पर 22 फीसदी की गिरावट आई। महाराष्ट्र में गन्ने की उपलब्धता में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत कम हुई , वहीं यूपी में चालू सीजन के लिए गन्ने की उपलब्धता 1.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अपेक्षाकृत स्थिर रही। रिपोर्ट के अनुसार घटती गन्ना आपूर्ति ने कई मिलों को उम्मीद से पहले पेराई कार्य बंद करने के लिए मजबूर किया है। 31 जनवरी तक 23 मिलों ने पेराई का काम बंद किया था, जबकि 15 फरवरी तक 51 मिलों ने परिचालन बंद कर दिया।

### 2026 में चीनी मिलों का मुनाफा बढ़ने की उम्मीद

*इन अनुकूल मूल्य स्तरों के कारण वित्तीय वर्ष 2025 की चौथी तिमाही और 2026 में चीनी मिलों का मुनाफा बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा सरकार की ओर से हाल ही में एक एमएमटी चीनी निर्यात कोटा को मंजूरी दिए जाने से घरेलू चीनी की कीमतों को और उछाल मिल सकता है। इसे कमजोर रुपए और वैश्विक बाजार में चीनी की बढ़ती कीमतों से भी मदद मिल सकती है।*

### स्मार्ट टीवी ऑपरेटिंग सिस्टम जियोटेली ओएस लांच




**मुंबई।** जियो ने भारतीय दर्शकों की अनूठी जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार की गई अगली पीढ़ी के स्मार्ट टीवी ऑपरेटिंग सिस्टम, जियोटेली ओएस के लांच की घोषणा की। लगभग भारत में 35 मिलियन टीवी से जुड़े घरों में डिजिटल मनोरंजन की मांग लगातार बढ़ रही है। हालांकि कई उपभोक्ताओं को अपने कनेक्टेड टीवी की सीमित क्षमताओं के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे कि प्रतिबंधित अनुकूलन, उच्च गुणवत्ता वाली क्षेत्रीय सामग्री तक सीमित पहुंच और निर्बाध, प्रीमियम उपयोगकर्ता अनुभव की अनुपस्थिति। विश्वसनीय कनेक्टिविटी और विविध सामग्री भागीदारी के एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा संचालित, जियो ने खुद को डिजिटल कनेक्टिविटी और मनोरंजन में अग्रणी के रूप में स्थापित किया है। इस मजबूत नींव पर निर्माण करते हुए, जियो ने जियोटेली ओएस का अनावरण किया, जो भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करते हुए मनोरंजन अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार किया गया एक अगली पीढ़ी का प्लेटफॉर्म है। जियोटेली ओएस का लक्ष्य किफायती मूल्य पर तेज, प्रीमियम और सामग्री से भरपूर स्मार्ट टीवी प्लेटफॉर्म के साथ भारतीय घरों में बदलाव लाना है। यह पहल भारत में मनोरंजन को बदलने, हर घर के लिए निर्बाध और सुलभ मनोरंजन सुनिश्चित करने का प्रयास करती है। कैम्पा बना आईपीएल का 'को-पावर्ड स्पॉन्सर', जियोस्टार से मिलाया हाथ

### रिलायंस का नया एनर्जी ड्रिंक स्पिनर भी आईपीएल में दिखाई देगा

**बेंगलुरु।** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के ब्रांड कैम्पा ने जियोस्टार के साथ साझेदारी की है। आईपीएल 2025 में कैम्पा, टीवी और डिजिटल दोनों प्लेटफॉर्म के लिए 'को-पावर्ड स्पॉन्सर' होगा। बताते चलें कि देश में सबसे ज्यादा देखे जाना वाले स्पोर्ट्स इवेंट आईपीएल का प्रसारण जियोस्टार पर होगा। साझेदारी में स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क की क्षेत्रीय भाषाओं के प्रसारण को भी जोड़ा गया है। जो कैम्पा ब्रांड की पहुंच को बढ़ाने की गारंटी साबित होगा। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीओओ केतन मोदी ने कहा, ₹आईपीएल के लिए जियोस्टार के साथ हमारी साझेदारी क्रिकेट के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। टीवी और डिजिटल पर 'को-पावर्ड स्पॉन्सरशिप'हासिल करके, हम भारत के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म पर अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। इस सहयोग से कैम्पा की पहुंच बढ़ेगी। साथ ही यह लाखों क्रिकेट प्रशंसकों के साथ सीधे जुड़ने का एक अवसर भी देगा। जियोस्टार के बिजनेस हेड, स्पोर्ट्स रेवेन्यू, ईशान चटर्जी ने कहाकि हम आईपीएल के लिए एक प्रमुख प्रायोजक के रूप में कैम्पा का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं। यह साझेदारी देश के सबसे बड़े क्रिकेट आयोजन के दौरान हमारी साझा प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी। जियोस्टार की बेजोड़ पहुंच और पेय पदार्थ के क्षेत्र में कैम्पा की मजबूत पकड़ के साथ, हम भारत में लाखों प्रशंसकों को एकसाथ जोड़ेंगे।

### भारत की 500 मूल्यवान कंपनियों की चौथी संस्करण रिपोर्ट जारी

**मुंबई।** एक्सिस बैंक के प्राइवेट बैंकिंग बिजनेस 'बरगंडी प्राइवेट'और 'हुरुन इंडिया' ने भारत की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची के चौथे संस्करण '2024 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' को जारी किया। इस सूची में कंपनियों को उनके मूल्य के आधार पर रैंक दी गई है। सूची में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरणऔर गैर-सूचीबद्ध कंपनियों का मूल्यांकन शामिल किया गया है। यह सूची केवल भारत में मुख्यालय वाली कंपनियों को शामिल करती है, सरकारी कंपनियों और विदेशी एवं भारतीय कंपनियों की सहायक कंपनियों को इसमें जगह नहीं दी गई है।

### केबीसी ग्लोबल ने बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दी

**नासिक।** केबीसी ग्लोबल लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने 15 फरवरी को आयोजित बैठक में 1: 1 के अनुपात में बोनस जारी करने को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी का लक्ष्य निकट भविष्य में विस्तार योजनाओं गति देना और ऋण कटौती में तेजी लाकर व्यवसाय संचालन में बदलाव लाने का है। बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने अधिकृत पूंजी बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी ।

### स्काईलार्क ड्रोन्स का नया सॉफ्टवेयर लांच

**नई दिल्ली।** स्काईलार्क ड्रोन्स ने हिसार में आयोजित कृषि दर्शन एक्सपो 2025 में डीएमओ-एजी सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म लांच किया है। भारत में कृषि ड्रोन क्षेत्र में हो रहे तेज विकास को ध्यान में रखते हुए, यह एक ऐसा अनोखा सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म है जो किसानों को ड्रोन के इस्तेमाल से संबंधित सभी कार्यों में मदद करेगा। यह प्लेटफॉर्म देशभर में कृषि ड्रोन को संचालित करने और उनका प्रबंधन करने का तरीका बदलने के लिए तैयार है। डीएमओ-एजी प्लेटफॉर्म, जो एक एकीकृत समाधान प्रदान करता है, बाजार में मौजूद अंतर को पाटता है।

### एलएनसीटी विश्वविद्यालय और आश्रम गांधी के बीच एक्सचेंज प्रोग्राम सुविधा करार पर हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पद्मश्री डॉ. एंगस इंद्र उदयन द्वारा की गई भारत यात्रा के दौरान एलएनसीटी विश्वविद्यालय और आश्रम गांधी पुरी, बाली, इंडोनेशिया के बीच एक महत्वपूर्ण करार पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता आयुर्वेद और योग में विशेषज्ञता हासिल कर रहे छात्रों के लिए एक एक्सचेंज प्रोग्राम की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है। उक्त करार एलएनसीटी समूह के सचिव और जेएनसीटी प्रोफेशनल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनुपम चौकसे की उपस्थित में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) नरेंद्र कुमार थापक और आश्रम गांधी पुरी, इंडोनेशिया के संस्थापक श्री उदयन के बीच हस्ताक्षरित किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अजीत सोनी उपकुलसचिव डॉ विराट जायसवाल, एलएन मेडिकल कॉलेज की डीन नलनी मिश्रा आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सपन जैन , लॉ कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अनुष्का नाइक एवं अन्य फैकल्टी सदस्य और विभाग अध्यक्ष भी रहे मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी शाखा), भोपाल**

क्रमांक 774 याँ.वि./25 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — भोपाल, दिनांक 18/2/2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_403243_1 | Construction Of C.C. Road Near Lal Singh Ground C-sector W-29 Z-08 | 882394 | 04.03.2025 | 05:30 |
| 2. | 2025_UAD_403204_1 | PAINTING AND REPAIR WORK OF AACHARY NARENDRA DEV LIBRARY BUILDING, KAMLA PARK WARD 24 ZONE 21 | 1016791 | 19.03.2025 | 05:30 |

नोटः- संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम भोपाल

नि.क्र. 1329/24/25

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**आम सूचना**

सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मण्डीदीप जिला रायसेन में भूखण्ड/भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू. एस. 236 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री गया प्रसाद धाकड़ आ. श्री लाल सिंह जी धाकड़ के पर नाम हस्तान्तरण आदेश क्र. 2514 दिनांक 25/09/2013 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30/03/2012 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। श्री गया प्रसाद धाकड द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 15/06/2015 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से निष्पादित कराकर श्री श्रीपत पवार आत्मज श्री राजू पवार को विक्रय कर दिया गया। परन्तु श्री श्रीपत पवार द्वारा मण्डल से हस्तान्तरण की कार्यवाही नहीं कराई गई। श्री श्रीपत पवार आत्मज श्री राजू पवार की दिनांक 11/06/2023 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती लक्ष्मी पवार पत्नी स्व. श्री श्रीपत पवार के द्वारा उक्त भवन का नामान्तरण / हस्तान्तरण किए जाने हेतु क्रेता/विक्रेता का आवेदन पत्र, शपथ-पत्र संयुक्त शपथ-पत्र, परिवार के अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ पत्र, उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 15/06/2016 एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए संपत्ति अपने नाम नामान्तरण / हस्तान्तरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 15/06/2015 के आधार पर उक्त संपत्ति श्री श्रीपत पवार आत्मज श्री राजू पवार के नाम हस्तान्तरित करते हुए श्रीमती लक्ष्मी पवार पत्नी स्व. श्री श्रीपत पवार के एकल नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल

**न्यायालय प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रामानुजगंज जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी डॉ. मनोज कुमार प्रजापति)

**समंस**

(धारा 166 मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने हेतु प्रकरण)

मो.दु.दा.प्र.क्र.- 31/2019
प्रोसेस नं.-48/2025
प्रोसेस दिनांक- 12/02/2025
पेशी दिनांक-02-04-2025

पक्षकार :- श्रीमति साजिया खातून वगैरह
------आवेदकगण
-: विरुद्ध :-
नेशनल इंश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड वगैरह
-------अनावेदकगण

प्रति,

आवेदकगण श्री मति साजिया वगैरह के द्वारा दुर्घटना में हुए क्षति की क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु मोटर दुर्घटना दावा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अतः अनावेदक क्रमांक- 2. त्रिरूपति आर्यन इंडिया लिमिटेड ई-32 लियाकत मार्केट न्यू कुबदखाना भोपाल म.प्र. को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।

यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मै अवकाश पर जाता हूँ तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।

इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक- 12/02/2025 को जारी।

(डॉ. मनोज कुमार प्रजापति)
प्रथम अति. मो. दु. दावा अधिकरण रामानुजगंज
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम )

लिमिटेड ई-निविदा (सिंगल पैकेट प्रणाली) आमंत्रण सूचना

**कार्य का नाम :** मध्य प्रदेश राज्य में पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत भोपाल मंडल के इटारसी से खंडवा खंड (किमी 608 से 658) के बीच 2 x 25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के लिए ओएचई का निर्माण कार्य. **निविदा सूचना क्र : के आर / सीओ/ ईल / ईटी-केएनडब्लू / टी / 08 / 25 दिनांक: 19/02/2025 । कार्य समापन की अवधिः** 6 (छ) महीना । **अनुमानित लागतः** रु.1,66,49,005/- जीएसटी को छोड़कर। **ईएमडी :** रू. 2,33,250/- **आन लाइन निविदा जमा करनेकी अंतिम तिथि तथा समयः दि. 27/02/2025** को **15.00** बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि : दि. 27/02/2025** को **15.30** बजे। संशोधन / शुद्धिपत्र यदि हो तो केवल आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित होगा। **निविदा कागजात के लिए पथः** आईआरईपीएस के माध्यम से। मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं होगीं।



## चिंतन

# यूक्रेन के बिना यूएस-रूस वार्ता सिरे नहीं चढ़ेगी

अमेरिका का ट्रंप प्रशासन शायद जल्दी में है। रूस व यूक्रेन जंग समाप्त कराने के अपने चुनावी वादे को पूरा करने की जल्दी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने सीधे रूस के साथ वार्ता-ए-आगाज की है। रूस व यूक्रेन के बीच शांति कायम करने के लिए यह वार्ता सऊदी अरब में हो रही है। चौंकाने वाली बात है कि युद्ध के अहम भागीदार यूक्रेन को इस वार्ता में शामिल ही नहीं किया गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस वार्ता को लेकर नाराजगी जताई है और दोनों को साफ संदेश दिया है कि यूक्रेन वार्ता के किसी निर्णय को नहीं मानेगा। बड़ा सवाल है कि युद्ध यूक्रेन व रूस के बीच है, इसलिए वार्ता का पहला हक इन दोनों मुल्क को है। आखिर अमेरिका किस हैसियत से यह वार्ता कर रहा है? यूक्रेन ने न ही उसे अपना वार्ताकार नियुक्त किया है व न ही उसे मध्यस्थता के लिए कहा है। तो अमेरिका कहां खड़ा है? यदि अमेरिका रूस का मन टटोलने के लिए बात कर रहा है, तो उसने यूक्रेन को विश्वास में क्यों नहीं लिया? यूक्रेन अगर इस वार्ता के नतीजे को नहीं मानेगा तो आखिर इस वार्ता का औचित्य क्या रह जाएगा? हड़बड़ी में की गई अमेरिकी पहल से यह संदेश निकल रहा है कि यूक्रेन को युद्ध के लिए उकसाने में व साथ निभाने में अमेरिकी हाथ रहा है। अब अमेरिका यूक्रेन को अपने हाल पर छोड़ने की जल्दी में है। यूक्रेन के कंधे पर बंदूक रखकर रूस को सबक सिखाने की अमेरिकी मंशा पर पानी फिरता दिख रहा है। ट्रंप से पहले की डेमोक्रेट सरकार की नीति रूस को अलग-थलग करने की थी, इसलिए खुले तौर पर यूक्रेन का साथ यूएस दे रहा था। अब ट्रंप प्रशासन दुनिया के पटल पर रूस को अलग-थलग करने की अमेरिकी नीति को बदलने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, उसी क्रम में वह वार्ता कर रहा है, किंतु यूक्रेन को विश्वास में लेकर भी यह पहल अमेरिका कर सकता था। माह के शुरू में ट्रंप ने यूक्रेन और रूस के प्रति अमेरिकी नीति को बदल दिया था। अच्छा होता अमेरिका वार्ता टेबल पर रूस व यूक्रेन के साथ होता, जो भी बात होती, उसमें पारदर्शिता होती। यूक्रेन की संप्रभुता की अनदेखी करके कोई भी शांति वार्ता सफल नहीं हो सकती है। अतीत में कई उदाहरण हैं, जिसमें एक पक्षकार के बिना अंतरराष्ट्रीय मुद्दे सुलझाने की पहल औंधे मुंह गिरी है। अफ्रीकी महाद्वीप के बंटवारे के लिए वर्ष 1884-1885 की सर्दियों में जर्मनी ने यूरोप के शक्तिशाली देशों के साथ वार्ता की थी, पर इसमें अफ्रीका का कोई देश शामिल नहीं था। नतीजा 20वीं सदी का पहला नरसंहार व अत्याचार के रूप में निकला था। समोआ को लेकर जर्मनी, ब्रिटेन व अमेरिका के बीच त्रिपक्षीय सम्मेलन में समोआ शामिल ही नहीं था। समोआ आज भी बंटा हुआ है। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश और फ्रांसीसी प्रतिनिधि के बीच ऑटोमन साम्राज्य के बंटवारे को लेकर साइक्स-पिकॉट समझौता हुआ, इसमें ऑटोमन शामिल नहीं था। ब्रिटेन व जर्मनी के बीच चेकोस्लोवाकिया को लेकर म्यूनिख समझौता को विश्वासघात के रूप में देखा जाता है। वर्ष 1938 में फ्रांस समेत 32 देशों ने जर्मनी में यहूदी शरणार्थियों की स्थिति पर एवियन सम्मेलन किया, जिसमें जर्मनी शामिल नहीं था। पोलैंड को लेकर जर्मनी व सोवियत संघ के बीच समझौता में पोलैंड शामिल नहीं था। वर्ष 1945 में अमेरिका, ब्रिटेन व सोवियत रूस के बीच यूरोप के भाग्य के फैसले को लेकर याल्टा सम्मेलन हुआ, जिसमें प्रभावित कोई मुल्क नहीं था। इसलिए अमेरिका को अतीत से सबक लेते हुए शांति वार्ता में रूस व यूक्रेन दोनों को शामिल करना चाहिए।



कूटनीति
डॉ. एन.के. सोमानी

# गाजा पर ट्रंप के बयान से हलचल

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्हाइट हाउस में एक प्रेस-कांफ्रेंस में गाजा के भविष्य को लेकर एक योजना प्रस्तुत की। ट्रंप ने कहा कि फिलीस्तीनी जनता को दूसरे देशों में स्थानांतरित कर गाजा को लग्जरी रिजॉर्ट में तब्दील किया जाएगा, जहां दुनिया का कोई भी व्यकित आ सकेगा। ट्रंप ने कहा कि वो युद्ध में तबाह हुए गाजा का पुनर्निर्माण करेंगे। पुनर्निर्माण का कार्य पूरा होने तक गाजा के लोगों को दूसरे अरब देश में बसाया जाएगा। अरब देश इसलिए भी हतप्रभ हैं, क्योंकि उन्होंने परियोजना को वास्तविकता का जामा पहनाने के लिए सेना भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया।

पिछले दिनों जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा पर नियंत्रण कर उसे लग्जरी पर्यटन केंद्र (मध्यपूर्व का रिवेरा) के रूप में तब्दील करने का ऐलान किया तो पश्चिम एशिया सहित पूरी दुनिया में कूटनीतिक हलचल पैदा कर दी। मिस्र, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर फिलिस्तीन अथॉरिटी और अरब लीग ने संयुक्त रूप से ट्रंप की इस योजना की आलोचना की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका गाजा पर कब्जा करता है तो इससे पूरे क्षेत्र की स्थिरिता को खतरा हो सकता है और संघर्ष और बढ़ सकता है। यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी ट्रंप के बयान की आलोचना की। उनका कहना है कि गाजा पर समाधान की खोज में किसी भी प्रकार के जातीय सफाए से बचना आवश्यक है। अब मिस्र भी कूद गया है।

गुटेरेस के बयान से साफ है कि ट्रंप की इस योजना से क्षेत्रीय शांति पर असर पड़ सकता है। दरअसल, कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्हाइट हाउस में एक प्रेस-कांफ्रेंस में गाजा के भविष्य को लेकर एक योजना प्रस्तुत की। ट्रंप ने अपनी योजना को दुनिया के सामने रखते हुए कहा कि फिलीस्तीनी जनता को दूसरे देशों में स्थानांतरित कर गाजा को लग्जरी रिजॉर्ट में तब्दील किया जाएगा, जहां दुनिया का कोई भी व्यकित आ सकेगा। ट्रंप ने योजना का खुलासा करते हुए यह भी कहा कि वो युद्ध में तबाह हुए गाजा का पुनर्निर्माण करेंगे। पुनर्निर्माण का कार्य पूरा होने तक गाजा के लोगों को दूसरे अरब देश में बसाया जाएगा। ट्रंप की परियोजना से अरब देश इसलिए भी हतप्रभ हैं, क्योंकि उन्होंने परियोजना को वास्तविकता का जामा पहनाने के लिए सेना भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया। ट्रंप मूल रूप से एक अरबपति बिल्डर हैं। वो कारोबार की दुनिया से राजनीति में आए हैं। इसलिए जब गाजा के पुनर्निर्माण की बात आई तो उन्होंने यह कह दिया कि अगर गाजा को फिर से बसाना है तो उसके नागरिकों को मलबे में शरण नहीं देनी चाहिए। लेकिन 15 महीनों के युद्ध में जिस तरह से गाजा तबाह हुआ है उसे देखते हुए गाजा के पुनर्निर्माण में दशकों का समय लगेगा। यूएन के आंकड़ों के अनुसार इस समय गाजा में जितना कचरा जमा है उसे हटाने में कम से कम 21 साल का समय लग सकता है। उसका कहना है कि गाजा में 2008 से अब तक हुए संघर्ष में जितना मलबा पैदा हुआ है, उससे 17 गुना अधिक कचरा पिछले 15 महीने के युद्ध में हो गया है।

ऐसे में पहले तो बिना फटे हथियारों और मलबे के पहाड़ों को हटाना होगा। पानी-बिजली की सप्लाई बहाल करनी होगी। इसके बाद स्कूलों, अस्पतालों व दूसरे इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने होंगे। इस काम में कई साल लग सकते हैं। इसलिए ट्रंप चाहते हैं कि जब तक गाजा के पुनर्निर्माण का काम पूरा हो, तब तक फिलिस्तीनियों को कहीं दूसरी जगह जाना चाहिए। सवाल यह है कि जिस जमीन को लेकर बीते सवा साल में 50 हजार से अधिक फिलिस्तीनियों ने अपनी जान गंवा दी, उसे छोड़ने के लिए वे कैसे राजी हो सकते हैं।

पूरे मामले का सूक्ष्म अवलोकन करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि ट्रंप की पूरी परियोजना ही न केवल सवालों और संदेह के घेरे में हैं, बल्कि पूरी तरह से हवा-हवाई, अनैतिक और कानूनी पेचिदगियों से भी भरी हुई है।



पहला और सबसे अहम सवाल तो यह है कि इजरायल-हमास शांति समझौते के बीच उद्घोषित इस योजना को लागू करने का अर्थ क्या मीडिल ईस्ट को लेकर अमेरिकी नीति में आए बदलाव का संकेत है। अब तक अमेरिका 'टू-स्टेट सॉल्यूशन'को मान्यता देता था। वह इजरायल के साथ-साथ एक स्वतंत्र और संप्रभु फिलिस्तीन राष्ट्र का समर्थक रहा है। गाजा में फिलिस्तीनियों को विस्थापित करने से क्या फिलिस्तीनी राज्य का दर्जा खत्म नहीं हो जाएगा। क्या ट्रंप की परियोजना अमेरिका पोषित 'द्वी राष्ट्रवाद' के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं है। दूसरा जिस तरह से फिलिस्तीनियों के विस्थापन की बात कही जा रही है, क्या उससे हमास-इजरायल शांति समझौता लागू होने से पहले ही खत्म नहीं हो जाएगा। नेतन्याहू के साथ बैठक से पहले ट्रंप कह चुके हैं कि उनके पास कोई गारंटी नहीं है कि गाजा में मौजूदा युद्धविराम समझौता कायम रहेगा। ऐसे में गाजा में बंधकों की रिहाई की उम्मीद क्या फिर खत्म हो जाएगी। तीसरा, योजना को उद्घाटित करने से पहले क्या ट्रंप ने गाजा की राजनीतिक, ऐतिहासिक और सुरक्षा संबंधी जटिलताओं पर भी कोई होमवर्क किया है। परियोजना पर अमेरिकी समर्थक अरब राष्ट्र भी विश्वास के लिए तैयार नहीं है। उनके संदेह के भी जायज कारण है। जिस तरह से ट्रंप ग्रीनलैंड को खरीदने, कनाडा को अमेरिका में मिलाने, मैक्सिकों की खाड़ी का नाम बदलने और पनामा नहर पर कब्जा करने की बात कर रहे हैं उससे भी ट्रंप की 'सद्इच्छा' पर संदेह होता है। संदेह की दूसरी बड़ी वजह बेंजामिन नेतन्याहू का 'ग्रेटर इजरायल' का सपना भी है। कहीं ऐसा तो नहीं कि गाजा के पुनर्निर्माण का काम पूरा होने के बाद ट्रंप सजा-संवरा गाजा इजरायल को सौंप दे। हालांकि ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि अमेरिका किस कानूनी आधार पर गाजा में इस तरह का कदम उठा सकता है। अंतरराष्ट्रीय कानून में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है जिसके आधार पर बड़ी आबादी को जबरन विस्थापित किया सकता हो। गाजा फिलिस्तीनियों का घर है। 1948 के युद्ध के दौरान भी वे विस्थापन की पीड़ा भुगत चुके हैं, इसलिए जाहिर है कि ट्रंप की योजना कानूनी और नैतिक दोनों ही दृष्टि से उचित नहीं हैं। अरब नेताओं ने दशकों तक फिलिस्तीनी राष्ट्रीय मुद्दे को अपनी राजनीति के केंद्रीय तत्व के रूप में रखा है। ट्रंप की योजना अरब राजनीति की इस केन्द्रीय तत्व को भी कमजोर करती है। फिलिस्तीनियों को जबरन दूसरी जगह भेजने की योजना न केवल टू-स्टेट सॉल्यूशन को खत्म करेगी बल्कि इसे अरब देशों द्वारा जातीय सफाए के रूप में भी देखा जाएगा।

जैसा कि यूएन महासचिव कर रहे हैं। योजना के पटाक्षेप के बाद जिस मुखरता से अरब देशों ने इसका विरोध किया है, उससे जाहिर है वे ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार करने के मूड में कतई नहीं है। ट्रंप की योजना पश्चिम एशिया में अमेरिका की सैन्य उपस्थिति को मजबूत करने और मिडिल ईस्ट के देशों पर कड़ी नजर रखने (खासकर ईरान) का प्रयास भी हो सकती है। इसके अलावा लाल सागर पर भी अमेरिका अपना प्रभाव कायम करने की मंशा रखता है जिससे उसे अंतरराष्ट्रीय जल मार्ग पर बढ़त हासिल हो सके। हूती जैसे संगठनों पर लगाम लगाने के लिए भी यह योजना कारगर साबित हो सकती है। गाजा पर कब्जा कर वह हूती के गढ़ यमन पर भी अपनी पकड़ मजबूत कर सकते हैं। संदेह के तमाम कारणों के बीच अरब राष्ट्रों को जो सवाल सबसे ज्यादा परेशान कर रहा है वह यह कि क्या यह ट्रंप का महज एक विवादित बयान है या इसके पीछे कोई गंभीर रणनीति छिपी हुई है। कहीं ऐसा तो नहीं कि ट्रंप अपनी इस योजना के जरिए पश्चिमी हितों को पूरा करने के लिए अरब शासन के विघटन का कोई नुस्खा दे रहे हैं।

(लेखक एमजेजीसी सूरतगढ़ (राजस्थान) में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## काशी तमिल संगमम



सुभाष चन्द्र

# विश्वनाथ के साथ भारती का घर भी बन गया तीर्थ


केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 फरवरी, 2025 को काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण का औपचारिक उद्घाटन किया। पतित पावनी गंगा के तट पर नमो घाट पर दो संस्कृतियों के मिलन को सहज ही समझा जा सकता है। तमिलनाडु से संगमम में शामिल होने के लिए जो भी जत्था आता है, वो पहले गंगा में स्नान करता है। मंदिरों में पूजन-परिक्रमा आदि करता है। बाबा विश्वनाथ का आशीष लेता है। साथ ही हनुमान घाट स्थित स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात कवि सुब्रह्मणयम भारती के घर जरूर जाता है। दरअसल, सनातन धर्म में मोक्ष की कामना लिए हर व्यक्ति अपने जीवनकाल में एक बार काशी आना चाहता है। काशी बाबा विश्वनाथ की नगरी। यहां आदिदेव महादेव विराजते हैं। पुराणों और वैदिक ग्रंथों में इस नगरी की काफी महत्ता बताई गई है। विदेशी भी यहां घूमने आते रहे हैं। उत्तरवाहिनी गंगा के किनारे बसा यह नगर हमेशा से लोगों को आकर्षित करता रहा है। हाल के दिनों में यहां एक नया तीर्थ बन गया है। वह तीर्थ है - स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात कवि सुब्रह्मणयम भारती का घर। यूं तो तमिलनाडु से आने वाले अधिकतर लोग हनुमान घाट और केदार घाट पर गंगा में स्नान करते हैं। यहां से वह कई मठों में पूजा अर्चना करते हैं। उसके बाद बाबा विश्वनाथ का दर्शन करते रहे हैं। लेकिन, काशी तमिल संगमम के आयोजन से हनुमान घाट पर शंकर मठ के सामने स्थित सुब्रह्मणयम भारती का घर स्वयमेव तीर्थ बन गया है। हर खास और आम उनकी देहरी को नमन करना चाहता है, जहां सुब्रह्मणयम भारती ने अपना लगभग पूरा जीवन बिता दिया। असल में, केदार घाट और हनुमान घाट को काशी में मिनी तमिलनाडु कहते हैं। यहां सैकड़ों तमिल परिवार सदियों से निवास करते हैं। यहां इनकी पूरी संस्कृति दिखती है। पं. वेंकट रमण घनपाठी ने कहा कि काशी और तमिलनाडु का गहरा रिश्ता है। ये समागम महज एक पखवाड़े का नहीं सदियों पुराना है। तमिल भाषा के महाकवि सुब्रमण्यम भारती ऐसे साहित्यकार थे, जो सक्रिय रूप से 'स्वतंत्रता आंदोलन' में शामिल रहे, जबकि उनकी रचनाओं से प्रेरित होकर दक्षिण भारत में आम लोग आज़ादी की लड़ाई में कूद पड़े। ये ऐसे महान कवियों में से एक थे, जिनकी पकड़ हिंदी, बंगाली, संस्कृत, अंग्रेज़ी आदि कई भाषाओं पर थी, पर तमिल उनके लिए सबसे प्रिय और मीठी भाषा थी। उनका 'गद्य' और 'पद्य' दोनों विधाओं पर समान अधिकार था। इन्हें महाकवि भरतियार के नाम से भी जाना जाता है। इनकी देश प्रेम की कविताएं इतनी श्रेष्ठ हैं कि इन्हें भारती उपनाम से ही पुकारा जाने लगा। सुब्रह्मणयम भारती का मानना था कि शिक्षा का माध्यम मातृभाषा रहे। स्वतंत्र रूप से सोचना-विचारना केवल मातृभाषा के माध्यम से ही संभव हो सकता है और उसी राष्ट्र की शिक्षा प्रणाली सफल हो सकती है, जो मातृभाषा के माध्यम से दी जाएगी। विलायती भाषा द्वारा पढ़ाई से राष्ट्रभाषा मन्द पड़ने लगेगी और कालान्तर में मिट ही जाएगी। आज की शिक्षा मस्तिष्क के विकास की है, जबकि मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए आत्मा का विकास महत्वपूर्ण है। हमें ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है, जिसके द्वारा हम अपने अतीत के साथ न्याय करते हुए भविष्य की मांग के अनुरूप बन सकें। सुप्रसिद्ध कवि सुब्रह्मण्य भारती की प्रारंभिक कविताओं में तमिल राष्ट्रवाद का उल्लेख मिलता है, किन्तु स्वामी विवेकानंद के प्रभाव में आने के बाद उनकी जीवन के उत्तरार्ध में लिखी कवितायें भारतीय हिन्दू राष्ट्रवाद का गुणगान करती हैं। उन्होंने अपनी आत्मकथा में स्वीकार किया कि यह परिवर्तन उनकी गुरु भगिनी निवेदिता और स्वामीजी के कारण उत्पन्न हुआ। भारती का प्रिय गान बंकिम चन्द्र का 'वन्दे मातरम्' था। 1905 में काशी में हुए 'कांग्रेस अधिवेशन' में सुप्रसिद्ध गायिका सरला देवी ने यह गीत गाया। भारती भी उस अधिवेशन में थे। मद्रास लौटकर भारती ने उस गीत का उसी लय में तमिल में पद्यानुवाद किया, जो आगे चलकर तमिलनाडु के घर-घर में गूंज उठा।

*'अन्न चत्रम आथिरम वैत्तल आलयम पतिनारियम नाट्टल*
*अन्न याविलुम पुण्यम कोड़ो आंकोर एवैकु एलुत्तरिवित्तल'*

यह उद्गार हैं, सुब्रह्मण्य भारती के, जो हर तमिल पाठक के हृदय में वास करते हैं। शिक्षा दान को सर्वोपरि मानने वाले भारती केवल एक लेखक या कवि ही नहीं, एक स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक भी थे। उनके विचारों और लेखन में अपने समय से बहुत आगे की सोच थी। वे कथनी और करनी के बीच अंतर नहीं रखते थे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

## काम शुरू करने से ज्यादा जरूरी करते रहना



संकलित
प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?' केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## सटाका




## आज की पाती

### महंगाई को मिलकर नकेल दें सरकारें

देश के लोग इस वक्त महंगाई से त्रस्त हैं। सरकार को महंगाई रोकने के अपने वादों को पूरा करना चाहिए। अकसर यह देखा जाता है कि चुनाव के दौरान भारी भरकम वादे किए जाते हैं, लेकिन उन वादों को निभाया नहीं जाता है। केंद्र की वर्तमान सरकार ने भी चुनाव के दौरान महंगाई पर नकेल कसने का वादा किया था, लेकिन वह इस वादे को पूरा नहीं कर पाई है। प्राय: हर प्रदेश में खाद्य पदार्थों के दाम ऊपर ही जा रहे हैं। आटा, चावल, सब्जियां, तेल, दालों आदि के भाव अपनी ऊंचाई पर हैं। फलों के दाम भी बढ़ते ही जा रहे हैं। महंगाई को बढ़ने से रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों को भी कदम उठाने चाहिए। यह एक सामूहिक दायित्व है।

*- पवन खेड़ा, महासमुंद*

## ट्रेंड


### विवादित बातों का निषेध



छत्रपति संभाजी महाराज इनको लेकर विकिपीडिया पर लिखी गई विवादित बातों का हम निषेध करते हैं, राज्य सरकार ने आईजी साइबर को विकिपीडिया से बात कर विवादित बातों को हटाकर सही जानकारी प्रेषित करने का आदेश दिया है।

-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### मतदाताओं की चिंता



भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाकर, मोदी सरकार ने हमारी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता पर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को बढ़ा दिया है। नई सीईसी का चयन करने के लिए आधी रात को निर्णय लेना प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के लिए अपमानजनक और असभ्य दोनों है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### शहीदों का महत्व



ये बेहद निंदनीय और अशोभनीय है कि देश के लिए शहीद होने से अधिक महत्व किसी और को दिया जा रहा है। जिन्होंने न आज़ादी दिलाने में कोई भूमिका निभाई, न ही आज़ादी बचाने में वो शहीदों का महत्व क्या जानें।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### मल्टीटास्किंग मजेदार




मैं हमेशा अच्छी चीजें करने वाले अच्छे लोगों के साथ मिलती हूं... जब आप हंसते हैं, काम करते हैं और बुनाई करते हैं तो मल्टीटास्किंग मजेदार होती है!

-काजोल, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# महाभियोग रद्द कराने सारा पहुंचीं सुप्रीम कोर्ट



महाभियोग का सामना कर रहीं फिलीपींस की उपराष्ट्रपति सारा डुटर्टे सुप्रीम कोर्ट पहुंची हैं। उन्होंने कोर्ट से महाभियोग को रद्द करने और सीनेट में होने वाली सुनवाई को रोकने की मांग की है। पांच फरवरी को राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर की हत्या की साजिश रचने, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में शामिल रहने और विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस की सेना के खिलाफ चीन की आक्रामक कार्रवाई की निंदा करने में विफल रहने के आरोप में प्रतिनिधि सभा के सांसदों ने महाभियोग लगाया था। उपराष्ट्रपति सारा डुटर्टे ने अपने वकीलों के जरिये 15 सदस्यीय सुप्रीम कोर्ट से महाभियोग को रद्द करने और मुकदमा रोकने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह दोषपूर्ण और सांविधानिक तौर पर कमजोर और गलत है। डुटर्टे के वकील ने बताया कि उपराष्ट्रपति के खिलाफ शिकायत को इतनी जल्दी सीनेट को भेज दिया गया कि कई सांसद हस्ताक्षर करने से पहले उसे पढ़ ही नहीं सके। उन्होंने कहा कि यह सब डुटर्टे को 2028 का राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से रोकने के लिए जा रहा है। यह एक राजनीतिक उत्पीड़न है। सदन के सांसदों का पर्याप्त समर्थन मिलने के बाद महाभियोग की शिकायत को सीनेट को भेजने का आदेश दिया गया।

## ऑफ बीट

# पृथ्वी से बाहर खनन की होड़ ने पकड़ा जोर



जैसे-जैसे अंतरिक्ष अन्वेषण और उपनिवेशीकरण का विस्तार होगा, पृथ्वी से बाहर के संसाधन तेजी से बढ़ता एक बाजार बनाएंगे। अंतरिक्ष में गहराई से खोज करने और अन्य ग्रहों पर उपनिवेश स्थापित करने का अभियान पिछले दशक में तेज हो गया है। विषम वातावरण में भी मूल्यवान संसाधन और खनिज प्राप्त करना लंबे समय से मनुष्यों के लिए आकर्षक रहा है। बहुमूल्य संसाधनों की तलाश में खतरों का सामना करने का हमारा इतिहास रहा है। 1800 के दशक में सोने की दौड़ से लेकर अंतरिक्ष संसाधनों में हालिया उछाल तक, मनुष्य दुर्लभ और लाभदायक सामग्रियों को खोजने और इकट्ठा करने के लिए जोखिम उठाने को तैयार रहा है। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ, हम सोने की अगली दौड़ के मुहाने पर हैं - लेकिन पृथ्वी पर नहीं। हाल की वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग सफलताओं और व्यावसायिक हितों के आधार पर, अगले दशक में पृथ्वी से बाहर खनन शुरू होने की उम्मीद है। संभावित खनन स्थलों में चंद्रमा, मंगल, क्षुद्रग्रह और यहां तक कि धूमकेतु भी शामिल हैं। अनुमान है कि 2050 तक चंद्रमा पर खनन, विशेष रूप से चंद्रमा पर मौजूद जल का बाजार अरबों डॉलर तक का हो सकता है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



# मप्र तेजी से आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश के केंद्र में बदल रहा है, जो वैश्विक व्यापार जरूरतों को पूरा करता है

मध्यप्रदेश भारत की प्रौद्योगिकी क्रांति में एक महत्वपूर्ण राज्य के रूप में उभर रहा है। प्रदेश में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, एक संपन्न प्रतिभा पूल और दूरदर्शी नीतियों का एक आदर्श मिश्रण है। राज्य तेजी से आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश के केंद्र में बदल रहा है, जो वैश्विक व्यापार आवश्यकताओं को पूरा करता है। आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश प्रोत्साहन नीति 2023के साथ मध्यप्रदेश मजबूत प्रोत्साहन, सुव्यवस्थित अनुमोदन और नवाचार के लिए एक इकोसिस्टम प्रदान करके वैश्विक निवेशकों को आकर्षित कर रहा है।



इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जैसे टियर-2 शहरों का तकनीकी केंद्र के रूप में उदय राज्य की सतत और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। आईटी पार्कों, एसईजेड और एक बढ़ते स्टार्टअप इंफ्रास्ट्रक्चर की अपनी मजबूत नींव के चलते राज्य वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी), सेमीकंडक्टर, एवीजीसी-एक्सआर और ड्रोन जैसे उभरते क्षेत्रों में भी निवेश कर रहा है। बदलते वैश्विक डिजिटल परिदृश्य में मध्यप्रदेश नए दृष्टिकोण से तकनीकी-संचालित उद्योगों और निवेशों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

## इन विशेषताओं ने दुनिया को आकर्षित किया

- 5 आईटी एसईजेड और 15 से अधिक आईटी पार्क प्रदेश में एक मजबूत प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचा तैयार करते हैं।
- राज्य में 50 से अधिकबड़ी आईटी कंपनियां संचालित है, जो एक मजबूत आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर में योगदान करती हैं।
- प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 15 लाख से अधिकप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हैं।
- राज्य से लगभग 1200 से अधिकतकनीकी स्टार्टअप और 2 यूनिकॉर्न उभरे हैं।
- राज्य भर में 300 से अधिककॉलेज तकनीकी शिक्षा प्रदान करते हैं।
- स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा धारकों सहित सालाना 50 हजार से अधिक तकनीकी स्नातक।
- डेटा केंद्रों और आईटी क्षेत्र के लिए 24/7 विश्वसनीय बिजली आपूर्ति और कच्चे माल की उपलब्धता।
- कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता का 27% नवीकरणीय स्रोतों से आता हैउद्योगों के लिए खुली पहुंच की अनुमति है।




## राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी मध्यप्रदेश

- मध्यप्रदेश का जीएसडीपी भारत की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 5% का योगदान करता है।
- उभरते आईटी/ ईएसडीएम निर्यात का लक्ष्य भारत के 220 लाख करोड़ रुपए के मजबूत निर्यात बेंचमार्क को ध्यान में रखते हुए आगे वृद्धि करना है।
- मध्यप्रदेश में आईटी/आईटीईएस और ईएसडीएम क्षेत्र 5 लाख करोड़ रुपए का योगदान करते हैं, जो भारत के 465 लाख करोड़ रुपए की तुलना में स्थिर वृद्धि दर्शाता है।

## इसलिए मप्र हैं पसंदीदा राज्य

- व्यापार-समर्थक नीतियां:वैश्विक तकनीकी मांगों का समर्थन करने के लिए अनुकूलित प्रोत्साहन।
- भारत में टियर-2 शहरों का गतिशील तकनीकी केंद्रों के रूप में उदय, कार्य और नवाचार के भविष्य को नया स्वरूप देना - इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर।
- लागत प्रभावी संचालन, कार्य जीवन संतुलन, उच्च जीवन स्तर।
- स्टार्टअप विकास:नवाचार के लिए पर्याप्त अवसरों के साथ एक बेहतर इकोसिस्टम।




## 24 एवं 25 फरवरी को होगा समिट

24 एवं 25 फरवरी2025 को भोपाल में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान एमपी मोबिलिटी एक्सपो का आयोजन होगा। यह प्रमुख कार्यक्रम राज्य की ऑटोमोटिव क्षेत्र में हुई प्रगति को प्रदर्शित करेगा। नवाचार और स्थिरता पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथएक्सपो का उद्देश्य मध्यप्रदेश को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और भविष्य के परिवहन समाधानों के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करना है। मध्यप्रदेश ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। राज्य 30 से अधिक मूल उपकरण निर्माताओं और अगली पीढ़ी की मोबिलिटी पर मजबूत जोर देने के साथ-साथटिकाऊ और नवाचार वाले भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश वाणिज्यिक वाहनों और कृषि उपकरणों के निर्माण के क्षेत्र में एक शीर्ष राज्य है। प्रदेश की औद्योगिक सहायक नीतियों और अपने मजबूत औद्योगिक बुनियादी ढांचेने ऑटोमोटिव उद्योग के कई दिग्गजों को आकर्षित किया है।

# कोयले से लेकर हीरे तक मध्यप्रदेश भारत के भूमिगत खजानों को अनलॉक करने में अग्रणी



**मध्यप्रदेश का खनन एवं खनिज क्षेत्रः संभावनाओं और अवसरों की बड़ी खदान**

भारत का हृदय मध्यप्रदेशखनिज संपदा और खनन क्षमता का एक पावर हाउस है। अद्वितीय खनिज भंडार और रणनीतिक नीति समर्थन के साथ राज्य खनन और खनिज आधारित उद्योगों के लिए एक प्रकाश स्तंभ बन गया है। कोयले से लेकर हीरे तक मध्यप्रदेश भारत के भूमिगत खजानों को अनलॉक करने में अग्रणी है। राज्य में महत्वपूर्ण खनिजों के विशाल भंडार हैं। यह भारत का एकमात्र हीरा उत्पादक राज्य है, पन्ना रत्न-श्रेणी  के हीरे के खनन के वैश्विक केंद्र के रूप में चमक रहा है। भारत के कोलबेड मीथेन (सीबीएम) भंडार के 36% के साथमध्यप्रदेश राष्ट्र की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सतना, रीवा और सीधी जैसे जिलों में फैले चूना पत्थर के भंडारतेजी से बढ़ते सीमेंट उद्योग की पूर्ति करते हैं, जबकि बालाघाट भारत के 73% भंडार के साथ तांबे के उत्पादन में अग्रणी है। मैंगनीज अयस्क, बॉक्साइट और रॉक फॉस्फेट जैसे प्रमुख संसाधन राज्य की प्रोफ़ाइल को और बढ़ाते हैं, जबकि दुर्लभ पृथ्वी तत्वों, ग्लूकोनाइट और टिन में संभावित खोज गतिविधियों का पता चलता है।बैतूल और सीधी जैसे जिलों में ग्रेफाइट की उपस्थिति इस्पात और ऑटोमोटिव क्षेत्रों की बढ़ती जरूरतों की पूर्ति करने की क्षमता बताती है।

## औद्योगिक तालमेल

प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा ने खनिज आधारित उद्योगों के विकास को प्रेरित किया है। सीमेंट निर्माण संयंत्र, थर्मल पावर स्टेशन और फेरोलॉय इकाइयाँ राज्य के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसके अतिरिक्तमध्यप्रदेश का बुनियादी ढांचा एक विस्तृत सड़क नेटवर्क, कंटेनर डिपो और हवाई अड्डों के साथ खनन क्षेत्र के लिए सुचारू लॉजिस्टिक समर्थन सुनिश्चित करता है। सरकारी प्रोत्साहन इस क्षमता को बढ़ाते हैं। संयंत्र और मशीनरी निवेश के लिए 40% तक पूंजी सब्सिडी की पेशकश करने वाली नीतियांमेगा परियोजनाओं के लिए राजकोषीय लाभों के साथमध्यप्रदेश को निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनाती हैं।



## अवसर और नवाचार

जैसे-जैसे भारत अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों की ओर बढ़ रहा है, मध्यप्रदेश में खनन क्षेत्र महत्वपूर्ण बनता जा रहा है। शाहडोल और सिंगरौली में कोयला भंडार थर्मल बिजली उत्पादन के लिए अपरिहार्य हैं।भले ही राज्य हरित विकल्पों की खोज कर रहा हो। इसके अतिरिक्तइलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्रांति से प्रेरित तांबे की बढ़ती मांगमध्यप्रदेश को तांबा शोधन और संबद्ध उद्योगों के केंद्र के रूप में स्थापित करती है। राज्य खोज में अत्याधुनिक तकनीकों का भी लाभ उठा रहा है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और मिनरल एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमईसीएल) जैसी एजेंसियां नए खनन ब्लॉकों की क्षमता को अनलॉक करने के सर्वेक्षण कर रही हैं।

## एक उज्जवल भविष्य

मध्यप्रदेश की रणनीतिक स्थिति, कुशल कार्यबल और खनिज बहुतायत निवेशकों के लिए अवसर का एक अनूठा त्रिकोण बनाते हैं। मजबूत नीति समर्थन और बुनियादी ढांचे के साथराज्य भारत के खनन और खनिज क्षेत्र में अग्रणी बने रहने के लिए तैयार है। मध्यप्रदेश मेंप्राकृतिक संसाधन न केवल संसाधनों बल्कि विकास, नवाचार और स्थिरता की क्षमता रखते हैं। यह जीवंत खनन परिदृश्य वैश्विक निवेशकों को इसकी परिवर्तनकारी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आकर्षित करता है। 25 फरवरी 2025 को मध्यप्रदेश सरकार का प्रमुख निवेश संवर्धन कार्यक्रम इन्वेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 खनन क्षेत्र पर एक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। खनन शिखर सम्मेलन खनन और इससे संबंधित उद्योगों, तेल और गैस क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से आयोजित एक कार्यक्रम है। राज्य के प्रचुर खनिज संसाधनों के उपयोग पर ध्यान देने के साथ-साथ शिखर सम्मेलन नियामक ढांचे और तकनीकी प्रगति पर चर्चा की सुविधा प्रदान करेगा। यह मंच सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के दिग्गजों और निवेशकों को इस क्षेत्र में सहयोग के अवसरों का पता लगाने के लिए एक साथ लाएगा, जो मध्यप्रदेश को खनन और ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

## खनिज संपदा से परिपूर्ण मध्यप्रदेश


- भारत का एकमात्र हीरा उत्पादक राज्य
- तांबा अयस्क और मैंगनीज अयस्क का अग्रणी उत्पादक
- देश के शीर्ष खनिज उत्पादक राज्यों में शामिल:
- रॉक फॉस्फेट (दूसरा)
- चूना पत्थर (तीसरा)
- कोयला (चौथा)

## खनिज ब्लॉक नीलामी में उपलब्धियाँ

- पहला पुरस्कारः जनवरी 2024 में राज्य खनन मंत्रियों के सम्मेलन में सर्वाधिक ब्लॉक नीलामी के लिए सम्मानित।
- पहला पुरस्कारः जुलाई 2022 में भारत सरकार से प्रमुख और गौण खनिजों के लिए।
- दूसरा पुरस्कारः जुलाई 2022 में भारत सरकार से लौह अयस्क, चूना पत्थर और बॉक्साइट के लिए।
- 78 ब्लॉकः अब तक सफलतापूर्वक नीलाम, यह सभी राज्यों के बीच मध्यप्रदेश का एक रिकॉर्ड है।

D-16116/24

## खबर संक्षेप



### श्रीराम वनवास और केवट संवाद का किया वर्णन

**औबेदुल्लागंज।** महिला भजन मंडल औबेदुल्लागंज द्वारा आयोजित श्री राम कथा के सातवें दिन मंगलवार को कथा व्यास पं. सद्भव तिवारी (मानस सुमन) ने श्रीराम वनवास और केवट संवाद का वर्णन किया। कथा व्यास पं. सद्भव तिवारी नर्मदापुरम से हैं और उनकी कथा शैली ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया। कथा के दौरान, पं. सद्भव तिवारी ने भगवान राम के जीवन के मूल्यों और आदर्शों के बारे में विस्तार से बताया।

### बैठक में ढाबा मालिकों को दी जरूरी जानकारी



**औबेदुल्लागंज।** ढाबा संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू ने मंगलवार को ढाबा संघ की बैठक बुलाई। बैठक में सभी ढाबा मलिक उपस्थित रहे। ढाबा मालिकों को बोला गया की सभी अपने-अपने ढाबों के फूड लाइसेंस और जरूरी दस्तावेज बना कर रखें एवं कर्मचारियों को साफ-सफाई एवं ड्रेस कोड में रखें। कर्मचारियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाएं। बैठक में नरेंद्र सिंह गिल, दीपक परमार, संजय यादव, कमल यादव, संजय सिंह, निक्की राजपूत, ओमप्रकाश, कल्याण सिंह चौहान, लक्कीवीर सिंह, शरद यादव, मंगलेश यादव, शीतल सिंह, पवन मालवीय आदि उपस्थित रहे।

### इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रेड्डी का जन्मदिन मनाया



**भोपाल।** पिपलानी स्थित बीमा अस्पताल में इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जी संजीवा रेड्डी का जन्मदिन मनाया गया। मप्र इंटक उपाध्यक्ष राहुल त्रिपाठी, हेमटू इंटक कोषाध्यक्ष राजेश शुक्ला के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए। मप्र यूथ इंटक अध्यक्ष मिथिलेश तिवारी, मीडिया प्रभारी सीआर नामदेव, धर्मेंद्र अवस्थी, सीएम साहू, फजल खान, अजीत गोड़, प्रदीप मालवीय, रामभुवन विश्वकर्मा, नीरज विश्वकर्मा, सुरेश मेहरा, बुधमान सिन्हा, संतोष दास, अजय राठिया जितेंद्र मालवीय, राम मेहरा आदि उपस्थित थे।

### जिलाबदर आदेश का उल्लंघन, आरोपी अरेस्ट

**भोपाल।** पुलिस आयुक्त के निर्देशन में जिला बदर अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में सक्रिय सभी जिला बदर अपराधियों की निगरानी की जा रही है और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं। आरोपी दीपक तेजी उर्फ एक्शन पिता राजू तेजी उम्र 32 साल निवासी- बंजारी दशहरा मैदान थाना कोलार रोड भोपाल को जिला बदर की कार्रवाई के तहत भोपाल जिले की सीमा से बाहर रहने के आदेश दिए गए थे, बावजूद इसके वह लगातार अपने निवास स्थान पर मौजूद था और अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने की सूचना प्राप्त हो रही थी। अभियान के तहत क्राइम ब्रांच भोपाल नें आरोपी को पकड़ने की रणनीति बनाई गई, जिसके तहत पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 4905 | | |
| दिन: | 470 | 19 | 900 |
| रात: | 280 | 06 | 790 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 590 | 48 | 189 |
| रात: | 134 | 83 | 689 |

## जनसुनवाई में 100 से अधिक लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई

# आरआई ने सीमांकन के लिए वसूले तीस हजार रुपए, पीड़ित ने सुनाई रिकॉर्डिंग, ज्वाइंट कलेक्टर ने तहसीलदार को सौंपी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जमीन से जुड़े एक मामले में मंगलवार को पीड़ितों ने कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी पीड़ा सुनाई। मोबाइल में कोलार तहसील की एक महिला आरआई की 30 हजार रुपए की घूस लेने की रिकॉर्डिंग भी सुनाई। मामले में तहसीलदार से जांच कराने को कहा गया है। इधर, मंगलवार को जनसुनवाई में 100 से अधिक लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।

कोलार रोड स्थित इनायतपुर निवासी आसिम खान ने बताया कि सीमांकन करने के लिए आरआई ने 30 हजार रुपए ले लिए। बावजूद सीमांकन नहीं किया। इस कारण अब तहसीलदार से नोटिस मिला है, जिसमें अतिक्रमण होने की बात कही गई है। पीड़ित के साथी दिव्यांग जुबैर ने बताया कि जमीन पर अतिक्रमण के संबंध में तहसीलदार का नोटिस आया है, जिसमें 19 फरवरी को कार्रवाई करने की बात कही गई है, लेकिन मैंने तो सीमांकन के लिए पहले से आवेदन लगा रखा है। बावजूद बिल्डर के साथ मिलकर हमारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है।

### बिल्डर के साथ मिलकर हमारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है



### पूर्व सांसद की पत्नी भी शिकायत करने पहुंची

पूर्व सांसद लक्ष्मण कर्मा की पत्नी सीता कर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके न्यू एमएलए कॉलोनी स्थित निवास के पीछे पूर्व सांसद रसूल अहमद सिद्दीकी का मकान है, जहां पर दो बड़े टॉवर लगे है, इसके ध्वनि प्रदूषण से हमारा रहना मुश्किल हो रहा है, जिसकी शिकायत नगर निगम के वार्ड दफ्तर में भी की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम ने मामले की जांच जोनल अधिकारी को सौंपी है।

### महिला आरक्षक की नहीं सुनी जा रही फरियाद

महिला आरक्षक रेणु सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है कि महिला थाने में उसकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है। उन्होंने पति विकास राणा की शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें बताया कि उनके पति भी पुलिस विभाग में आरक्षक हैं, पच्चीस लाख रुपए नगद और चार पहिया की मांग को लेकर ससुराल पक्ष के लोगों ने पति की दूसरी शादी करा दी है।

## पुलिस के सामने गढ़ दी लूट की झूठी कहानी, पूछताछ में बताई सच्चाई

# पेट्रोल पंप कर्मचारी ने प्रेमिका को घुमाने के लिए किया पेट्रोल पंप के कलेक्शन का गबन

◆ पुलिस ने आरोपी के साथ उसके रिश्तेदार और पड़ोसी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर इलाके में महिला मित्र के चक्कर में एक पेट्रोल पंप कर्मचारी ने गबन कर दिया। दरसल वह पेट्रोल पंप पर जॉब करता है। वहां से कलेक्शन को लेकर निकला और फिर थाने पहुंचकर लूट की झूठी कहानी गढ़ दी, लेकिन उसने घटनाक्रम से जुडे कई बिंदु ऐसे बताया कि वह खुद संदेह के दायरे में आ गया। पुलिस ने जब शंका के आधार पर पूछताछ की तो उसने अपनी पूरी सच्चाई उगल दी। पुलिस ने उसके साथ ही उसके एक रिश्तेदार और दोस्त को भी आरोपी बनाकर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक पुरानी विधानसभा के समीप रहने वाला पीयूष यादव बैरसिया रोड स्थित इंडेन कंपनी के पेट्रोल पंप पर कर्मचारी है। उसने 16 फरवरी की रात मैनेजर आवास सोगानी को हिसाब नहीं दिया, बल्कि यह कहकर चला गया कि वह कल आकर हिसाब देगा। उस समय उसके पास 28 हजार रुपए थे।

वह पंप से जाने के करीब एक घंटे बाद थाने पहुंचा और बताया कि उसके साथ लूट हो गई है। साथ ही बताया कि वारदात के दौरान उसे बाइक सवार बदमाशों ने तीन जगह चाकू भी मारा है। लूट की सूचना पर पुलिस भी सक्रिय हो गई, लेकिन घटना स्थल और उसके आसपास किसी ने न तो घटना देखी और न ही मौके पर वारदात का कोई सबूत मिला। लूट की सूचना पर पुलिस ने पंप मैनेजर आवास सोगानी को भी मौके पर बुला लिया। उन्होंने बताया कि पीयूष यादव ने पेट दर्द का बहाना बनाया था। वह पंप से निकलकर डीआईजी बंगले चला गया था। इसके बाद उसे कोई जानकारी नहीं है।

### पुलिस की पूछताछ में टूटा आरोपी

जब पंप के मैनेजर ने पुलिस को कर्मचारी द्वारा हिसाब न देने की बात बताई, तो पुलिस का शक गहरा गया। इसके बाद पीयूष से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई, जिसमें वह टूट गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी एक महिला मित्र आने वाली है। जिसे होटल में ठहराने और घुमाने के लिए पैसों की जरूरत थी। उसने रकम अपने रिश्तेदार सुंदर नगर निवासी नितिन यादव और पड़ोसी नाबालिग को रखने के लिए दी थी। इसके बाद पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।



### नितिन को बाइक की किस्त की राशि भरने का दिया लालच

पुलिस पूछताछ में सह आरोपी बनाए गए नितिन ने बताया कि उसे अपनी बाइक की किस्त भरने के लिए पैसों की जरूरत थी। पीयूष ने उसे किस्त के लिए राशि देने का लालच दिया था। नितिन और एक नाबालिग कपड़े की दुकान पर काम करते हैं। पुलिस ने इस मामले में गबन का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक जांच में पता चला कि पीयूष यादव के खिलाफ जहांगीराबाद थाने में मारपीट का मुकदमा दर्ज है।

### ऑनलाइन लोन जब पास नहीं हुआ तो फिर की वारदात


पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गर्लफ्रेंड के साथ उसके बाहर घूमने जाना था और उसके पास पैसा नहीं था। इस लिए उसने ऑनलाइन लोन भी एप्लाई किया था, लेकिन कोई भी लोन पास नहीं हुआ तो उसने पेट्रोल पंप की कलेक्शन राशि को ही रख लिया। वहीं पकड़ा न जाय तो लूट की कहानी तैयार कर ली।

### प्रॉपर्टी का एग्रीमेंट किया, फिर दूसरे को बेच दी जमीन

खजुरी सड़क इलाके में एक जमीन के सौदे के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। इस मामले में एक प्रॉपर्टी ब्रोकर ने थाने में शिकायत की थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी, इस बीच उसने कोर्ट में मामला दाखिल कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने आरोपी पर प्रकरण दर्ज करने का निर्देश दिया था। मोहम्मद इब्राहिम हुसैन प्रापर्टी ब्रोकर का काम करते है। वर्ष 2019 में फंदा के पास 0.75 एकड़ जमीन खरीदने का एग्रीमेंट मुन्नालाल मेवाड़ा के साथ हुआ था। अनुबंध करीब 25 लाख में हुआ था। इसके बाद प्रोपर्टी ब्रोकर ने चेक से ओर एडवांस 4 लाख 76 हजार रुपए दे दिए। इसी बीच वर्ष 2022 में जमीन के मालिक मुन्नालाल मेवाड़ा ने किसी और को विक्रय कर दी। जबकि अनुबंध के मुताबिक ऐसा नहीं किया जा सकता था। मामले का खुलासा होने के बाद पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत थाने में की। इसके बाद कोर्ट में भी एक परिवाद लगा दिया। पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दोस्त के साथ जा रहे युवक की बाइक फिसली, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बैरागढ़ इलाके में सोमवार को बाइक फिसलने से घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस के मुताबिक 3 ईएमई सेंटर निवासी 22 वर्षीय अभिषेक सिलावट पिता ओमदीप सिलावट सोमवार सुबह करीब 11 बजे एक दोस्त के साथ बाइक से जा रहा था, इसी दौरान उसकी बाइक फिसल कर अनियंत्रित हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जबकि पीछे बैठे दोस्त को मामूली चोट आयी थी। अभिषेक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, अस्पताल में शाम को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को मामले की जानकारी अस्पताल से मिली। बताया जा रहा है कि मृतक के पिता 3 ईएमई सेंटर में माली का काम करते हैं।

## युवती के अपहरण और दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

21 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर उसका अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी पप्पू यादव उर्फ बब्लू को राजधानी की एक अदालत ने भादंस की धारा-363 और 376 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1500 रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। यह फैसला विशेष सत्र न्यायाधीश राजर्षि श्रीवास्तव ने मंगलवार को सुनाया है।

उक्त प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक पुनीत नारायण तिवारी द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन के अनुसार पुलिस थाना बैरसिया भोपाल में 18 मार्च 2019 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी 21 वर्षीय पुत्री का अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर पीड़िता को दस्तयाव किया था। अपने बयान में पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी से उसकी 3 महीने पहले ही पहचान हुई थी। आरोपी उसे शादी का झांसा देकर अपहरण कर लेकर गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस थाना बैरसिया ने आरोपी पप्पू यादव उर्फ बब्लू के विरुद्ध अपराध दर्ज कर कर जिला न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था।

# संगठन के विस्तार एवं नवीनीकरण को लेकर पदाधिकारियों ने की चर्चा

भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन की बैठक भोपाल में आयोजित हुई, जिसमें संगठन के विस्तार एवं नवीनीकरण को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कल्याण सचिव डॉ. अजय कुमार चौधरी योगाचार्य ने की।

इस अवसर पर संगठन के प्रति उत्कृष्ट योगदान देने वाले तहसील अध्यक्ष अख्तर अली को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनके समर्पण और सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए डॉ. अजय कुमार चौधरी ने कहा कि ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं के प्रयासों से संगठन लगातार आगे बढ़ रहा है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश गुप्ता, बीएल चौकसे, महेश दरयानी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

संगठन के विस्तार, नई शाखाओं की स्थापना, डिजिटल जागरूकता अभियानों और जमीनी स्तर पर सभी सम्माननियों का हार्दिक स्वागत, वंद भिनंदन करता है कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को और प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक का मुख्य उद्देश्य मानवाधिकार जागरुकता को बढ़ावा देना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ठोस कदम उठाना था।

## सड़क हादसे में घायल होटल कर्मी की मौत

**भोपाल।** पांच दिन पहले रातीबढ़ इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए होटलकर्मी की इलाज के दौरान मौत हो गई। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक शाहपुरा ईश्वर नगर निवासी 45 वर्षीय कांता प्रसाद पांडे पुत्र रामराज 13 फरवरी की रात करीब 11 बजे वे अपनी बाइक से ड्यूटी समाप्त होने के बाद घर लौट रहे थे। वे जब नीलबढ़ स्थित पेटांल पंप के समीप पहुंचे थे , तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर दी थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मंगलवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आउटसोर्स कर्मचारी को नहीं मिला 7 माह से वेतन

## जेपी अस्पताल: आउटसोर्स कर्मचारियों ने कहा- पहले वेतन दो फिर करेंगे ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में मंगलवार सुबह उस हड़कंप मच गया, जब 100 से ज्यादा आउटसोर्स कर्मचारियों ने कामबंद कर अस्पताल परिसर में प्रदर्शन किया। नारेबाजी कर प्रदर्शन कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों ने कहा कि पहले वेतन तो फिर ड्यूटी करेंगे। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें सात माह से वेतन नहीं मिला है।

अधीक्षक से लेकर आउटसोर्स कंपनी के अधिकारियों से वेतन देने की गुहार लगा चुके हैं। उसके बाद भी अब तक वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि एक दो दिन में वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो आमरण अनशन कर कामबंद हड़ताल करेंगे। हालांकि दो घंटे के प्रदर्शन के बाद अधीक्षक राकेश श्रीवास्तव के आश्वासन के बाद कर्मचारी काम पर लौट आए। राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि बजट की कमी के कारण भुगतान नहीं हो पाया है। विभाग को अवगत करा दिया है। जल्द ही कर्मचारियों को वेतन का भुगतान हो जाएगा।



### प्रमुख सचिव के आदेशों का नहीं कर रहे पालन

प्रदेश के 30 हजार से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारी आउटसोर्स ठेके के कारण शोषण प्रथा के शिकार हो रहे है। राजधानी भोपाल के साथ प्रदेश के अधिकतर जिलों में आउटसोर्स कर्मचारियों को पांच से सात माह का वेतन भुगतान नहीं किया है, जिससे आउटसोर्स कर्मचारियों के परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं, जबकि प्रमुख सचिव स्वास्थ्य द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए थे कि आउटसोर्स कर्मचारी को भी प्रतिमाह पहली तारीख का भुगतान किया जाए, लेकिन सीएमएचओ हो या फिर सिविल सर्जन ने आदेश का पालन नहीं किया है।

**कोमल सिंह**, प्रदेशाध्यक्ष, संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ

## सीएम डॉ. यादव से क्रेडाई भोपाल के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

# मुख्यमंत्री ने 'कमाल का भोपाल' अभियान नागरिकों को समर्पित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल को वैश्विक सकारात्मक पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रारंभ 'कमाल का भोपाल' अभियान को मंगलवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विधिवत हस्ताक्षर कर राज्य के नागरिकों को समर्पित किया। मुख्यमंत्री से मनोज मीक के नेतृत्व में क्रेडाई भोपाल के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात के दौरान इस अभियान की सराहना की और कहा कि भोपाल की यह सकारात्मक ब्रांडिंग और इसकी ऐतिहासिक-सांस्कृतिक विशेषताओं का प्रचार-प्रसार प्रदेश और इस साझा शहर के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।




### प्रधानमंत्री को भेंट करेंगे नई विचारपूर्ण प्रतिमा

बैठक के दौरान राजा भोज के सौंदर्य, वैभव और विद्वता के आधार पर मनोज मीक के अध्ययन अनुसार तराशी गई नवीनतम अर्थपूर्ण प्रतिमा मुख्यमंत्री को भेंट की गई। इस अवसर पर क्रेडाई ने अनुरोध किया कि यह ऐतिहासिक प्रतिमा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट की जाए, जिससे भोपाल की ऐतिहासिक नगर योजना और सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित किया जा सके।

### मुख्यमंत्री को भेंट की गई प्रमाणिक पुस्तकें

राजधानी भोपाल की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता को प्रमाणित करने वाली चार महत्वपूर्ण पुस्तकें क्रेडाई ने मुख्यमंत्री को भेंट की जिसमें, ग्लोरियस भीमबेटका-बंसीलाल मल्ला, समरांगण सूत्रधार-राजा भोज, हिस्ट्री ऑफ अर्बन फॉर्म ऑफ इंडिया-प्रत्यूष शंकर, 'सुख संपति घर आवे'- मनोज मीक की शहरी विकास पर लिखी बेस्ट सेलर पुस्तक शामिल है। 'कमाल का भोपाल' अभियान को राज्य भर में मिल रहे व्यापक समर्थन को देखते हुए मुख्यमंत्री ने इसे ऐतिहासिक पहल बताया और इस पर आगे कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। अब यह अभियान केवल एक विचार नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक ठोस पहल बन चुका है।

### मुख्यमंत्री ने किया रिपोर्ट का अवलोकन

'सही है, भोपाल क्षेत्र में लाखों साल पहले की बसाहट के चिन्ह भीमबेटका की रॉक पेंटिंग्स में मिलते हैं।' 'राजा भोज की राजधानी उज्जैन रही, लेकिन उनकी वैदिक नगर योजना में भोपाल का बौद्धिक योगदान अद्भुत है।' 'मध्यप्रदेश के केंद्र में स्थित हमारी राजधानी बेहद खूबसूरत है। यहां पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हो रहा है और भोपाल को औद्योगिक निवेश अवश्य मिलेगा।' भोपाल की सकारात्मक छवि निर्माण के लिए 'कमाल का भोपाल' की पांचों विशेषताएं वाकई अनोखी हैं। 'हमने नई टाउनशिप पॉलिसी जारी की है, क्रेडाई भी इसमें निवेश आकर्षित करे।' 'शहरी विकास में बड़े सुधार किए जा रहे हैं, हम आप सब स्टेक होल्डर्स के साथ शीघ्र बैठक करेंगे।'

## आश्वासन मिलने के बाद नर्सिंग छात्रों का आंदोलन स्थगित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री कार्यालय से आश्वासन मिलने के बाद नर्सिंग छात्रों ने आंदोलन स्थगित कर दिया। मंगलवार को पूरे दिन नर्सिंग छात्र संगठन द्वारा सैकड़ों छात्र-छात्राओं के साथ नर्सिंग काउंसिल परिसर में धरना प्रदर्शन किया। छात्र छात्राओं ने नर्सिंग काउंसिल परिसर पर ताला लगा दिया, जिसे प्रशासन की कड़ी मेहनत के बाद 12 बजे खोला गया। छात्र संगठन के पदाधिकारी और छात्र प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री कार्यालय ले जाया गया। वहां ओएसडई द्वारा छात्रों की समस्याओं का निवारण का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। छात्र संगठन के अध्यक्ष भूपेंद्र गुर्जर ने कहा समस्याओं का निराकरण 25 फरवरी तक नहीं किया तो उग्र आंदोलन करेंगे।



# रेलवे स्टेशन और सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा, वाहनों की लगीं कतारें, श्रद्धालु हो रहे परेशान

दिव्य और भव्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान करने के लिए आ रहे हैं। पिछले कई दिनों से स्नानार्थियों की अप्रत्याशित भीड़ तीर्थनगरी पहुंच रही है। रेलवे स्टेशन और सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है।

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

दिव्य और भव्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान करने के लिए आ रहे हैं। पिछले कई दिनों से स्नानार्थियों की अप्रत्याशित भीड़ तीर्थनगरी पहुंच रही है। रेलवे स्टेशन और सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। तीर्थनगरी में चारों ओर जाम लगा है। हाइवे पर वाहन रेंग रहे हैं। मिनटों का सफर घंटों में हो रहा है। श्रद्धालु जाम में फंसने के कारण बेहाल नजर आ रहे हैं। संगम जाने वाले रास्तों पर आस्थावानों का तांता लगा है। स्नानार्थियों की अप्रत्याशित भीड़ तीर्थनगरी पहुंच रही है। जंक्शन के अलावा प्रयाग स्टेशन, झूंसी, रामबाग प्रयागराज, नैनी, छिवकी और फाफामऊ स्टेशनों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। रेलवे की ओर से तैयार कराए गए सारे होल्डिंग एरिया और रैन बसेरे फुल हो गए हैं।



## महाशिवरात्रि से पहले काशी में लगा भक्तों का तांता

*श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में महाकुंभ पलट प्रवाह के 35वें दिन मंगलवार को सुबह से 12 बजे तक दो लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिया। भोर में मंगला आरती के बाद से ही भक्तों की लाइनें गोदौलिया और मैदागिन तक लगी रहीं। मंदिर सीईओ विश्वभूषण मिश्रा ने कहा कि गर्भगृह के एक द्वार से दो दो लाइनों में लगे भक्तों को दर्शन कराया जा रहा है।*

## त्रिवेणी एक्सप्रेस में धुआं देख यात्रियों में मचा हड़कंप



**सोनभद्र।** जिले के खैराही स्टेशन के पास कर्मा थाना इलाके में मंगलवार दोपहर को डिलही के पास त्रिवेणी एक्सप्रेस में आग लग गई। वहीं ट्रेन में आग लगने के बाद उठता हुआ धुआं देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालंकि ड्राइवर की सूझबूझ से सही समय पर आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित हैं।

## अब दिल्ली के एक ही प्लेटफॉर्म से मिलेगी 'प्रयागराज स्पेशल'




नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लगातार भारी भीड़ उमर रही है। अब दिल्ली पुलिस ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ को कंट्रोल करने के लिए कई नए उपाय किए हैं, ताकि फिर से भगदड़ जैसी स्थिति न बन पाए। विशेष बैठक में फैसला किया गया है कि ट्रेन के प्रस्थान से काफी देर पहले स्टेशन आने वाले यात्रियों को रेलवे स्टेशन के बाहर इंतजार करना होगा। दिल्ली पुलिस के जवान, आरपीएफ और जीआरपी एंट्री और एग्जिट प्वाइंट्स पर टिकट चेक करेंगे।

## खबर संक्षेप

### आप नेता सत्येंद्र पर चलेगा मुकदमा



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन पर मुकदमा चलाने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से जरूरी मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रपति से जैन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी देने का अनुरोध किया था।

### सुकेश की जेल बदलने वाली याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की एक याचिका खारिज कर दी। याचिका में सुकेश ने दिल्ली की मंडोली जेल से कर्नाटक या पास के किसी राज्य की जेल में ट्रांसफर के लिए अनुरोध किया था। हालांकि सुकेश को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि उसने समाज को असुरक्षित बना दिया है।

### दर्शकों पर गिरे आतिशबाजी के पटाखे, 30 झुलसे



**मल्लापुरम।** केरल के मलप्पुरम में बड़ा हादसा हो गया। यहां एक फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान पटाखे फोड़े जा रहे थे। इसी दौरान पटाखे दर्शक दीर्घा में जा गिरे, जिसमें कई लोग झुलस गए। 30 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना थेरट्टम्मल, एरिकोड में टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान आतिशबाजी के कारण हुई।

### मुक्तसर साहिब में 4 लोगों की मौत



**श्री मुक्तसर साहिब।** पंजाब के मुक्तसर जिले के मलोट के गांव महराजवाला में मुक्तसर रोडवेज डिपो की बस ट्राले से टकराने के बाद खेत की तरफ पलट गई है। घायलों को मलोट के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं आस-पास के लोग भी एकत्र होने शुरु हो गए हैं। बस में 60 से ज्यादा यात्री सवार बताए जा रहे हैं।

### कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

# कल मिलेगा दिल्ली को नया मुख्यमंत्री कई राज्यों के सीएम बनेंगे इसके साक्षी

- शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होगी दिल्ली की जनता
- पीएम और अन्य गणमान्य भी पहुंचेंगे कार्यक्रम में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रामलीला मैदान में होगा आयोजन

दिल्ली के नए सीएम का शपथ ग्रहण 20 फरवरी को सुबह 11 बजे से रामलीला मैदान में होगा। इस शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है। 27 साल बाद सत्ता में लौटी भाजपा दिल्ली की जनता को शपथ समारोह से संदेश देने की कोशिश कर रही है कि वह उसके साथ अब हमेशा है और रहेगी। समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आतिशी को भी आमंत्रण पत्र भेजा जाएगा। इसके अलावा एनडीए शाषित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी निमंत्रण दिया जाएगा।

जहां बजट सत्र चल रहा है ,जिन राज्यों में शपथ ग्रहण वाले दिन बजट पेश होना है, वहां के मुख्यमंत्री दिल्ली के नए सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नही पाएंगे लेकिन बाकी सभी एनडीए के मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है। इस समारोह में 30 हजार से ज्यादा लोग शामिल होंगे और खास तौर से इस समारोह की साक्षी होगी दिल्ली की जनता झुग्गी बस्ती के साथ महिलाओं को भी कार्यक्रम में शामिल करने की अहमियत दी गई है। की वीवीआईपी को न्योता दिया जा रहा है।

## सिसोदिया एसी, कूलर, कुर्सियां ले गए



पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज से भाजपा विधायक रवींद्र सिंह नेगी (रवि नेगी) ने आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक और उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया पर बड़ा आरोप लगाया है। नेगी ने एमएलए दफ्तर का एक वीडियो साझा किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि सिसोदिया विधानसभा कैंप कार्यालय से एसी, टीवी, टेबल और कुर्सी चोरी करके ले गए हैं। भाजपा विधायक नेगी ने एक्स पर वीडियो साझा करते हुए लिखा कि सिसोदिया ने चुनाव से पहले ही अपना असली चेहरा दिखा दिया था। विधानसभा कैंप कार्यालय से जिसमें एसी, टीवी, टेबल, कुर्सी और पंखे जैसे सामान चुराए गए। नेगी ने लिखा कि इनकी भ्रष्टाचार की हदें अब भी पार नहीं हुईं। अब ये अपनी असलियत और चोरी छिपाने की राजनीति में माहिर हो गए हैं। हम जनता के हक की रक्षा करेंगे और ऐसे भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करेंगे।

### व्यवस्था का जायजा भी लिया

दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद अबतक मुख्यमंत्री के नाम को लेकर भाजपा ने फिलहाल कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। लेकिन इससे पहले ही शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। कहा जा रहा है कि पूरे रामलीला मैदान में लाल कालीन बिछाई जाएगी। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, तरुण चुग और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के बीच इस सिलसिले में अहम बैठक की। रामलीला मैदान में तैयारियों का जायजा भी लिया।

### कई देशों के राजनयिक, उद्योगपति और साधु संत भी शामिल होंगे

इस कार्यक्रम में कई देशों के राजनयिक, उद्योगपति और साधु संत भी शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में कैलाश खेर प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में दिल्ली में पार्टी के प्रचार करने वाले नेता, कार्यकर्ता के अलावा किसान, केंद्र सरकार की योजना के लाभार्थी, लाडली बहन और कई फिल्मी सितारे शामिल होंगे। ऐसी खबरें हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम को संबोधित कर सकते हैं।

### झुग्गी के प्रमुख लोगों को भी किया आमंत्रित

*दिल्ली में चुनाव जीतने के लिए भाजपा की ओर से झुग्गी में रहने वाले मतदाताओं को साधने के लिए कई अभियान चलाया गया। चुनाव से ऐन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झुग्गी के प्रमुख लोगों से संवाद किया था। पार्टी के संकल्प पत्र में भी झुग्गी वासियों के लिए कई अहम घोषणा की गई। ऐसे में पार्टी शपथ ग्रहण समारोह में झुग्गी के प्रमुख लोगों को भी आमंत्रित किया है।*

### विधायकों में से ही होगा 'बोस'



*पार्टी सूत्रों ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ की तरह किसी 'अदृश्य उम्मीदवार' का समर्थन कर सकते हैं। हालांकि, विधायकों में से ही किसी एक को चुनने की संभावना है। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। सोमवार को कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर टेंट लगाने और कुर्सियां लगाने में जुटे थे। धूल को कम करने के लिए मैदान पर पानी का छिड़काव किया जा रहा था।*

### नई सरकार में 6 मंत्रियों के शपथ लेने की अटकलें

*भाजपा के जमीनी स्तर के अभियान में प्रमुख भूमिका निभाने वाले 700 से अधिक विस्तारकों को भी शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। सीएम के साथ 6 मंत्री भी शपथ लेंगे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि किसे मंत्री पद मिलेगा, लेकिन सभी वर्गों का ध्यान रखा जाएगा।*

### पटना के कंकड़बाग में दहशत

## पुलिस और अपराधियों में एनकाउंटर खत्म, आखिरकार 4 बदमाश अरेस्ट



एजेंसी ▶▶ पटना

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के अशोक नगर स्थित राम लखन पथ इलाके में अपराधियों और पुलिस के बीच मंगलवार दोपहर मुठभेड़ हो गई। मौके पर एसटीएफ समेत कई थानों की पुलिस पहुंची। इसके बाद खुद को घिरता देख अपराधी एक घर में घुस गए। हालांकि दबिश के बाद पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक निजी मकान से अपराधियों ने पिस्टल से पुलिस पर कई राउंड फायरिंग की। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने पूरे मकान को घेर लिया और हथियार से लैस कमांडो और पुलिस के जवानों ने अपराधियों को घेरकर सरेंडर करने के लिए कहा। सूचना के बाद हथियार से लैस कमांडो की टीम भी पहुंची। उन्होंने बुलेट प्रूफ जैकेट के साथ बिल्डिंग में प्रवेश किया। पटना के एसएसपी अवकाश कुमार भी मौके पर पहुंचे। साथ ही कई अन्य बड़े अधिकारी और पुलिस की टीम हालात को नियंत्रित करने में लगी रही।

### घर में घुस गए थे

*अपराधियों के घर में घुस जाने के बाद पुलिस भी काफी सतर्क हो गई, ताकि रिहायशी इलाका होने की वजह से आम लोगों को कोई नुकसान न हो और किसी भी बड़े एक्शन से पहले अपराधियों को दबोच लिया जाए। पूरे इलाके की सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई। शुरुआत में 3-4अपराधियों के छिपे होने की बात कही जा रही थी।*

### पुलिस पर की थी फायरिंग

*घर से जुड़े सभी गलियों की पुलिस ने घेराबंदी कर दी, ताकि अपराधी कहीं से भी भागने न पाएं, साथ ही सभी मुहाने पर पुलिसकर्मी हथियार के साथ तैनात थे। ऑपरेशन खत्म होने के बाद पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि प्रॉपर्टी विवाद में फायरिंग की गई थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो बदमाशों ने उन पर भी फायरिंग कर दी।*

### बिहार में अपराध बढ़ रहा: तेजस्वी

*इस घटना पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में अपराध बढ़ता जा रहा है। ऐसा कोई दिन नहीं जब 200 राउंड से कम गोली चलती हों। थानों में हिरासत में लोगों की पिटाई होती, मौतें होती हैं। मुख्यमंत्री अचेत हैं, जिनता अधिकारी लिखकर देते हैं, उतना ही देखते हैं। राज्य में लॉ एंड ऑर्डर का क्रिमिनल डिसऑर्डर हो गया है।*

### दोनों ने खाने की बर्बादी रोकने बनाया मजबूत सिस्टम

## अडाणी-इस्कॉन महाप्रसाद: दुनिया का सबसे सटीक फूड डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम, यहां बर्बादी होती है न के बराबर

- खाने की बर्बादी 2 फीसदी से भी कम हो रही
- प्लानिंग और ट्रैकिंग से रोकी जाती है अन्न की बर्बादी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

अडाणी समूह और इस्कॉन मिलकर प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र के साथ शहरभर में महाप्रसाद का वितरण करवा रहा है। अडाणी समूह ने प्रतिदिन 1 लाख श्रद्धालुओं को भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। इसके लिए इस्कॉन की रसोई में पूरे दिन सरगर्मी बनी रहती है। लाखों लोगों तक पहुंचने वाले इस प्रसाद वितरण की सबसे नायाब बात है अन्न बर्बाद न होने के लिए किया जाने वाले प्रयास और प्लानिंग। इस्कॉन प्रवक्ता का कहना है कि किसी भी हाल में 2 फीसदी से ज्यादा अन्न को बर्बाद नहीं होने दिया जाता।



### महाप्लानिंग से रोक रहे अन्न की बर्बादी

इस्कॉन की रसोई में प्रसाद बनाने की तैयारी देर रात 2 बजे के आसपास ही शुरू हो जाती है। इस्कॉन के सेवक निखिल बताते हैं कि सुबह ही तकरीबन 500 कुंटल सब्जी खरीदी जाती है। इसकी प्लानिंग एक दिन पहले से ही कर ली जाती है कि प्रसाद में क्या परोसा जाएगा। इस हिसाब से प्रसाद निर्माण और वितरण के एक दिन पहले और बाद का पूरा खाका तैयार रखा जाता है।

### हर घंटे खपत का आंकड़ा लिया जा रहा

*अन्न की बर्बादी को रोकने की प्लानिंग भी शुरू हो जाती है। इसके लिए 4 लोगों की एक टीम है जो लगातार प्रसाद की खपत का रिकॉर्ड रखती है। यह टीम हर घंटे प्रसाद की खपत को मापती है। एक अनुमान के मुताबिक महाकुंभ में एक जगह पर अमूमन 1 घंटे में 800 से 1000 लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। एक सदस्य का कहना है कि अमूमन जब श्रद्धालु बैठ कर प्रसाद ग्रहण करते हैं तब यह मात्रा 750 ग्राम के आसपास होती है। लेकिन जब लोग खड़े होकर या चलते-चलते प्रसाद ग्रहण करते हैं तो यह मात्रा घटकर 350-400 ग्राम पर आ जाती है।*

### लगातार होती है ट्रैकिंग

*भले ही अडाणी-इस्कॉन के प्रसाद वितरण करने वाली टीम के पास जोमैटो और स्विगी जैसे फूड एप्स जैसे ट्रैकिंग सिस्टम नहीं हैं लेकिन फिर भी प्रसाद वितरण को लगातार ट्रैक किया जाता है। इसे ट्रैक करने के लिए 4-5 लोगों की एक टीम है जो रसोई से खाना बाहर निकलने के बाद उसकी खपत को लगातार ट्रैक करती है। जिन स्थानों पर प्रसाद वितरण चल रहा है वहां पर मौजूद टीम के सदस्य वक्त-वक्त पर प्रसाद की उपलब्धता और खपत की जानकारी देते रहते हैं।*

## दिल्ली हार के बाद पहली बार जुटेंगे कांग्रेसी नेता, खरगे की अध्यक्षता में बैठक आज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अखिल भारतीय कांग्रेस संगठन में 2 महासचिवों और 9 प्रभारियों की नियुक्ति के बाद पहली बार बुधवार को समूचे संगठन की बैठक आहूत की है। जिम्मेदारियों पर बात होगी। हार से कैसे संगठन को उबारा जाए इस पर विमर्श होगा। संगठन का कोष कैसे स्वस्थ रखा जाए, इस पर चर्चा होगी।

सबसे महत्वपूर्ण ऐसे नेताओं की पहचान कर प्रदेश में जिम्मेदारी देने पर विस्तार से चर्चा होगी कि जिनकी कांग्रेसी विचारधारा से कनेक्ट हो। कुछ ऐसे ही विमर्श के लिए लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने वरिष्ठ, अनुभवी और युवा नेताओं को मिलाकर 47 सदस्यीय स्टियरिंग कमेटी का गठन किया था। उस वक्त माना जा रहा था कि सीडब्लूसी के भी ताकतवर होगी स्टियरिंग कमेटी, लेकिन बमुश्किल एकाध बैठक ही कमेटी की हो सकी। नये कलेवर, नये तेवर के साथ आकार ले रही एआईसीसी को नए रूपरंग में ढालने की कवायद बुधवार की बैठक के बाद शुरू की जाएगी। कुछ प्रदेश अध्यक्षों को बदला जाना है। सभी नॉन-परफॉर्मिंग प्रदेश अध्यक्षों की पहचान कर ली गई है। कुछ प्रदेश अध्यक्षों का कार्यकाल पूरा हो गया है। सूत्रों ने बताया कि एक साथ आधा दर्जन प्रभारियों को हटाकर सीधे 9 प्रभारियों की नियुक्ति कर कांग्रेस अध्यक्ष ने बोल्ड निर्णय लिये जाने का स्पष्ट संकेत दे दिया है। छत्तीसगढ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की जगह पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को पीसीसी की कमान दी जा सकती है।

### उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता से पूछा

## आप बिना शादी बेशर्मी से रह रहे तो लिव इन पंजीकरण से निजता पर हमला कैसे हो गया?

एजेंसी ▶▶ नैनीताल

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में हाल में लागू यूसीसी में लिव-इन संबंध के अनिवार्य पंजीकरण को चुनौती देने वाली एक याचिका पर टिप्पणी की कि 'जब आप बेशर्मी से बिना शादी किए एक साथ रहते हैं तो फिर यह आपकी निजता पर हमला कैसे हुआ? याचिकाकर्ता ने यूसीसी में सहजीवन संबंधों का अनिवार्य रूप से पंजीकरण किए जाने या कैद की सजा और जुर्माना भरने के यूसीसी के प्रावधान के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था। याचिकाकर्ता ने कहा कि वे यूसीसी के इस प्रावधान से व्यथित हैं क्योंकि उनकी गोपनीयता पर हमला किया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि अंतरधार्मिक युगल होने के नाते उनके लिए समाज में रहना और अपने रिश्ते को पंजीकृत कराना मुश्किल है।



### समाज जान चुका आपके रिश्ते

*याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने दलील दी कि अनेक सहजीवन संबंध सफल विवाहों में बदले हैं और इस प्रावधान से उनके भविष्य और निजता में बाधा उत्पन्न हो रही है। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जी नरेंदर और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने कहा कि आप समाज में रह रहे हो, न कि जंगल की किसी दूर दराज की गुफा में। पड़ोसियों से लेकर समाज तक सबको आपके रिश्ते के बारे में पता है।*

### 'परीक्षा पे चर्चा-2025' का अंतिम आठवां एपिसोड प्रसारित

## बोर्ड व अन्य परीक्षाओं के टॉपर्स ने दिया वॉरियर बनने का मंत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन पर आधारित 'परीक्षा पे चर्चा-2025' (पीपीसी) का मंगलवार को अंतिम आठवां एपिसोड प्रसारित किया गया। जिसमें देश के विभिन्न बोर्ड से लेकर आईआईटी-जेईई और यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं के 8 टॉपर्स ने अपनी सफलता की अनोखी कहानियों के जरिए छात्रों को एग्जाम वॉरियर बनने के लिए कई जरूरी मंत्र दिए। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक वीडियो साझा कर यह जानकारी दी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर




पोस्ट में छात्रों से परीक्षा पे चर्चा के इस आखिरी रोचक एपिसोड को देखने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस एपिसोड में एग्जाम वॉरियर्स आपको बताएंगे कि कैसे वे तनाव पर विजय पाते हैं और परीक्षा के दौरान प्रेरित रहते हैं?

### इस वर्ष पीपीसी का था आठवां संस्करण

*इस वर्ष पीपीसी का आठवां संस्करण आयोजित किया गया था। जिसमें देशभर के अलग-अलग स्कूलों से चुने हुए 36 बच्चों से प्रधानमंत्री ने बीते 10 फरवरी को राजधानी के सुंदर नर्सरी में संवाद किया था। 2025 के संस्करण से जुड़े इस अहम आयोजन में भाग लेने के लिए कुल करीब 5 करोड़ से अधिक छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था।*

### यह 8 टॉपर्स हुए शामिल

*अंतिम एपिसोड में जो 8 टॉपर शमिल हुए। इनमें सीबीएसई टॉपर-राधिका सिंघल, आईसीएसई टॉपर शुचिस्मिता अधिकारी, दो पीपीसी के पूर्व छात्र ब्रह्मचारिमयम निष्ठा (एमबीबीएस छात्रा, मणिपुर विवि) और आईआईटी दिल्ली के छात्र आशीष कुमार वर्मा आदि शामिल हुए।*

### परीक्षाओं को पूरा जीवन समझना बड़ी भूल

*टॉपर्स ने छात्रों से अपील की कि वो परीक्षाओं को कभी भी अपना पूरा जीवन मानकर न चलें। क्योंकि ये हमारे जीवन का एक हिस्सा मात्र हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से पहले 360 डिग्री की अप्रोच अपनानी चाहिए। परीक्षा की तैयारी के दौरान सात से आठ घंटे तक पढ़ाई करो, फिर अपनी कोई हॉबी को फॉलो करो। पर्याप्त नींद लेना बेहद जरूरी है। पढ़ाई के साथ बाकी गतिविधियां इसलिए जरूरी हैं। क्योंकि परीक्षा पास करके आपको अच्छे संस्थान या विश्वविद्यालय में दाखिला मिल सकता है। बाकी गतिविधियों का हिस्सा बनकर आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने का गुण उत्पन्न होता है।*

वायु सेना प्रमुख की फटकार पर बोले एचएएल चीफ

# 2027 तक दे देंगे 30 तेजस लड़ाकू विमान, जल्द से जल्द करेंगे डिलीवरी
## तीसरे प्लांट में काम शुरू हो गया, मार्च में देंगे पहला जेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने तेजस फाइटर जेट की डिलीवरी में देरी पर नाराजगी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की लेटलतीफी से वायु सेना की क्षमता प्रभावित हो रही है। वायु सेना प्रमुख की इस नाराजगी पर अब एचएएल के चेयरमैन डीके सुनील ने कहा कि वायु सेना को जल्दी से जल्दी तेजस फाइटर जेट्स की डिलीवरी शुरू की जाएगी। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि एचएएल तेजस विमानों की सप्लाई बढ़ाने के लिए नासिक वाले तीसरे प्लांट में काम शुरू हो चुका है। एचएएल चेयरमैन ने कहा कि इंजन एक बड़ी बाधा थी, लेकिन अब तकनीकी समस्याएं हल हो गई हैं और जीई (जनरल इलेक्ट्रिक) पहला इंजन तैयार कर रहा है। मार्च में वे हमें दे देंगे। जीई इस साल कुल 12 इंजन दे देगी।





### उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर 500 करोड़ रुपए का निवेश किया

तीसरे प्रोडक्शन लाइन के लिए और 500 करोड़ मंजूर

अमेरिकी कंपनी से इंजन नहीं मिलने से आई समस्या

### प्राइवेट सेक्टर को भी शामिल कर रहे

उन्होंने बताया कि तेजस की सप्लाई में तेजी लाने के लिए उत्पादन में प्राइवेट सेक्टर को भी शामिल किया जा रहा है। हमने वेम टेक्नोलॉजीज, एलएंडटी, टाटा जैसी निजी क्षेत्र की कंपनियों को तैयार फ्यूजलेज बनाने के ऑर्डर दिए हैं। यह काम अभी चल रहा है। उन्होंने कुछ सामान दिया है, लेकिन हमें इसे पूरा करना है। डायनेमिक्स ने अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि इसलिए, हमारे पास निजी क्षेत्र में अतिरिक्त क्षमता भी है। मुझे उम्मीद है कि आने वाले साल में यह बढ़ेगी। फिर हमारे पास 24 से ज्यादा की क्षमता होगी और जैसे-जैसे निजी क्षेत्र भी आगे बढ़ेगा, मेरी उम्मीद है कि 2027 तक यह संख्या 30 तक पहुंच जाएगी। नासिक प्लांट पहले ही शुरू हो चुका है और पहला विमान उपकरण लगाने के चरण में है। मुझे उम्मीद है कि मार्च में पहला विमान तैयार हो जाएगा।

**नासिक का प्लांट शुरू हो चुका है**

एचएएल चेयरमैन ने कहा कि हमारा ध्यान उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर है। हमने 500 करोड़ रुपए निवेश किए हैं और तीसरी प्रोडक्शन लाइन के लिए 500 करोड़ रुपए और मंजूर किए हैं। हमने निजी कंपनियों को भी आदेश दिए हैं कि वे हमें तैयार फ्यूजलाज उपलब्ध कराएं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले साल में उत्पादन बढ़ेगा। मेरी उम्मीद है कि 2027 तक 30 विमान तैयार हो जाएंगे। नासिक का प्लांट शुरू हो चुका है और पहला विमान मार्च में तैयार हो जाना चाहिए।

### आत्मनिर्भर भारत अभियान

दरअसल, मोदी सरकार सैन्य साजो-सामान के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के मिशन में है। इसी के तहत वायु सेना को स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) से लैस करने का लक्ष्य रखा गया है। तेजस मार्क1 हल्का युद्धक विमान ही है। अभी वायु सेना के पास दो एलसीए तेजस मार्क1 की स्क्वाड्रन हैं, जिन्हें तमिलनाडु के सुलूर एयरबेस पर तैनात किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना को मार्क 1ए के कुल 83 विमानों की मंजूरी दी है। लक्ष्य है कि 220 एलसीए विमानों से वायुसेना के मिग 21, मिग 29 और मिराज विमानों को रिप्लेस किया जाए। सरकार एलसीए के मार्क 2 वर्जन यानी मीडियम वेट फाइटर एयरक्राफ्ट बनाने की भी मंजूरी दे चुकी है।

---

### खबर संक्षेप


#### शहजादी को दुबई में अभी नहीं होगी फांसी

नई दिल्ली। यूपी के बांदा की रहने वाली शहजादी को फिलहाल फांसी नहीं होगी। यूएई अधिकारियों ने भारतीय दूतावास को सूचित किया है। शहजादी पर एक बच्चे की मौत का आरोप है। उसकी देखभाल में बच्चे की जान गई थी। उसकी पुनर्विचार याचिका पर विचार चल रहा है। विदेश मंत्रालय घटना पर नजर रखे हुए है।




#### सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारी

उधमपुर। जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि जवान जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर टिकरी इलाके में तैनात 'सड़क खोलने वाले दल' का हिस्सा था।



#### आतंकी हमले में पाक के 4 सैनिकों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तानी सेना की राहत सामग्री ले जा रहे ट्रकों पर पहले हुए हमले में चार सैनिकों की मौत हो गई। आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया और इस दौरान हुई गोलीबारी में पाकिस्तानी सेना के चार जवान मारे गए।



---

'रणनीतिक साझेदारी' में तब्दील हुए भारत और कतर के द्विपक्षीय संबंध

# दोनों ने 2030 तक व्यापार को दोगुना कर 28 बिलियन डॉलर पहुंचाने का रखा लक्ष्य

व्यापार, निवेश, तकनीक नवाचार ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा को देंगे बढ़ावा

भारत-कतर के बीच हुए कुल 7 समझौतों-एमओयू पर हस्ताक्षर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच मंगलवार को राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में पीएम नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर दोहरे कराधान सहित कुल 7 समझौतों और एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। रणनीतिक साझेदारी के तहत दोनों के बीच व्यापार, निवेश, तकनीक-नवाचार, ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। भारत और कतर ने आगामी पांच वर्षों में यानी 2030 तक अपने द्विपक्षीय व्यापार को 14.8 बिलियन डॉलर से दोगुना कर 28 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विदेश मंत्रालय ने बैठक के बाद एक संयुक्त बयान किया गया। मंत्रालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में सचिव (सीपीवी और ओआईए) अरुण चटर्जी ने बताया कि दोनों शीर्ष नेताओं की बैठक में जहां आपसी संबंधों को रणनीतिक स्तर तक पहुंचाने की सहमति प्रदान की गई।



### राष्ट्रपति भवन में हुआ स्वागत

बैठक से पूर्व कतर के अमीर का पीएम मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में औपचारिक रूप से जोरदार अंदाज में स्वागत किया। जिसमें शेख अल थानी ने भवन के प्रांगण में तीनों सशस्त्र सेनाओं द्वारा दिए गए संयुक्त गार्ड ऑफ आर्नर का निरीक्षण किया। मालूम हो कि कतर के अमीर अपने एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बीते सोमवार से भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे थे। जिसके तहत 18 फरवरी को उनकी पीएम मोदी के साथ बैठक हुई।

### क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की

मंत्रालय में सचिव ने कहा कि दोनों देशों ने बहुआयामी साझेदारी से जुड़े विभिन्न पहलुओं, इजराइल-हमास संघर्ष के बीच जारी शांति प्रक्रिया सहित साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया विवाद पर एक-दूसरे से अपना पक्ष साझा किया। भारत और कतर के बीच बैठक के बाद 2 समझौतों और 5 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचाने के लिए कतर के पीएम और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल सानी और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के बीच समझौते का आदान-प्रदान किया गया।

#### भारत को मिलेगी 7.5 मिलियन टन एलएनजी

कतर भारत के लिए एलएनजी का बड़ा स्रोत है। दोनों देशों के बीच फरवरी 2024 में एक समझौता हुआ जिसमें कतर की पेट्रोएनर्जी लिमिटेड द्वारा भारत को प्रतिवर्ष 7.5 मिलियन मीट्रिक टन एलएनजी की वार्षिक सप्लाई की जाएगी। इसकी शुरुआत 2028 से होगी और समझौता 20 वर्षों के लिए मान्य होगा। कतर भारत में निवेश का बड़ा भागीदार है। उनके इंवेस्टमेंट फंड ने वर्तमान में देश में 1.5 बिलियन डॉलर एफडीआई का बिजली, आईटी, शिक्षा, स्वास्थ्य निवेश किया है।

### व्यापार में सहयोग

#### इन्वेस्ट कतर और इन्वेस्ट इंडिया के बीच समझौता




केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-कतर की भावी साझेदारी को आधार स्थिरता, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता तथा ऊर्जा है। भारत-कतर संयुक्त व्यापार मंच के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर कतर के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी मुख्य अतिथि थे। गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी विश्वास, व्यापार और परंपरा की बुनियाद पर टिकी है। उन्होंने कहा कि व्यापार की शर्तें बदल रही हैं, ऊर्जा व्यापार से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर आदि जैसी उभरती हुई तकनीकें भी इसमें शामिल हैं। भू-राजनीतिक तनाव, जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा खतरों और दुनिया भर में स्थानीयकरण पर ध्यान केंद्रित करने के संदर्भ में संपूर्ण विश्व एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और कतर एक दूसरे के पूरक हैं और समृद्धि तथा बेहतर भविष्य के लिए संयुक्त रूप से कार्य कर सकते हैं। दोनों देश मिलकर व्यापार, निवेश के मामले में बदलाव के लिए तैयार हैं।

---

युद्धविराम की कोशिशें जारी

# रूस बोला- जेलेंस्की के साथ बात करने को पुतिन हैं तैयार



एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस की सरकार ने एक बड़ा बयान जारी करते हुए कहा है कि अगर जरूरी है तो राष्ट्रपति पुतिन, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बात करने के लिए तैयार हैं। रूस की तरफ से यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम की कोशिश हो रही है और इसे लेकर सऊदी अरब में रूसी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की यूक्रेन युद्ध को लेकर बैठक हुई है। मंगलवार को रूस के शीर्ष अधिकारी सऊदी अरब पहुंचे। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने बताया कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज से मुलाकात की। अमेरिका-रूस के अधिकारी यूक्रेन में शांति और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने को लेकर वार्ता के लिए उच्च स्तरीय दल बनाने पर सहमत हो गए हैं।

### वार्ता के नतीजे स्वीकार्य नहीं

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उनका देश युद्ध समाप्त करने के लिए इस सप्ताह अमेरिका-रूस वार्ता में भाग नहीं लेगा। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि यूक्रेन इस वार्ता में भाग नहीं लेगा इसलिए वह वार्ता के नतीजों को भी स्वीकार नहीं करेगा। अमेरिका के मुताबिक वार्ता यह जानने के लिए पहला कदम है कि क्या रूस युद्ध समाप्त करने के लिए 'गंभीर' है, जबकि रूस का कहना है कि इसका लक्ष्य अमेरिका के साथ संबंधों को सामान्य बनाना है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ही रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने की बात कही थी। ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका द्वारा कीव को अरबों डॉलर की सैन्य मदद देने के फैसले की भी आलोचना की।

#### यूरोप को यूक्रेन का समर्थन जारी रखें: स्कोल्ज

जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने कहा कि यूरोप को यूक्रेन का समर्थन जारी रखना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन पर कोई तानाशाही शांति नहीं थोपी जा सकती। यूक्रेन को यह भरोसा होना चाहिए कि यूरोप उसके साथ खड़ा है और उसकी मदद करता रहेगा। स्कोल्ज ने यह बयान एक आपातकालीन बैठक के बाद दिया, जिसे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने बुलाया था। यह बैठक रूस और अमेरिका के बीच होने वाली वार्ता से पहले हुई, जिसमें यूरोपीय देशों ने अपनी रणनीति पर चर्चा की। स्कोल्ज ने कहा कि यूक्रेन किसी भी ऐसी शांति को स्वीकार नहीं कर सकता जो जबरदस्ती थोपी जाए।

---

अमेरिका में ट्रंप और मस्क का विरोध तेज

# सड़कों पर उतरे हजारों लोग, लगाए 'नो किंग ऑन प्रेसिडेंट डे' के नारे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क का विरोध तेज हो गया है। सोमवार को कड़ाके की ठंड के बीच अमेरिका में जगह जगह लोगों ने ट्रंप और उनकी नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किए। लोगों ने नो किंग ऑन प्रेसिडेंट डे के नारे लगाए। इस दौरान ट्रंप के आव्रजन प्रवर्तन वाले विधेयक के विरोध में लोगों ने एरिजोना स्टेट हाउस में घुसने की कोशिश की। एरिजोना, फ्लोरिडा और कैलिफोर्निया के अलावा बोस्टन में भी लोग सड़क पर उतरे। यहां करीब एक हजार लोगों ने स्टेटहाउस से सिटी हॉल तक बर्फ में मार्च किया। उन्होंने एलन मस्क को जाना होगा के नारे लगाए।



### मस्क की पहुंच में होगा संवेदनशील डाटा

एलन मस्क के नेतृत्व विभाग वाले सरकारी दक्षता विभाग को अमेरिका के करदाताओं के संवेदनशील डाटा तक पहुंच मिल सकती है। विभाग ने इंटीग्रेटेड डाटा रिट्रीवल सिस्टम तक पहुंच देने की मांग की है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता हैरिसन फील्ड्स ने संकेत दिए कि दक्षता विभाग को आईआरएस डाटा तक पहुंच दी जा सकती है। अगर मंजूरी मिल जाती है तो दक्षता विभाग के कर्मचारियों को उन लाखों फाइल्स तक पहुंच मिल जाएगी, जिन्हें आमतौर पर गुप्त रखा जाता है। इसमें करदाताओं के बैंक रिकॉर्ड और अन्य संवेदनशील दस्तावेज शामिल हैं। वहीं, ट्रंप प्रशासन ने संघीय नागरिक उड्डयन प्रशासन (एफएए) में छंटनी शुरू कर दी है। यह छंटनी ऐसे वक्त हुई है, जब एफएए पहले से ही स्टाफ की कमी से जूझ रहा है।

---

लोकसभा महासचिव ने सुनक का स्वागत किया

# पूर्व ब्रिटिश पीएम सुनक ने परिवार संग संसद भवन का किया दौरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यूनाइटेड किंगडम के पूर्व पीएम ऋषि सुनक ने मंगलवार को अपनी पत्नी श्रीमती अक्षता मूर्ति और बेटियों कृष्णा और अनुष्का के साथ संसद भवन का दौरा किया। अक्षता मूर्ति की मां राज्यसभा से सांसद सुधा मूर्ति भी उनके साथ थीं। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने सुनक और उनके परिवार का स्वागत किया। अपने दौरे के दौरान, सुनक परिवार ने संसद भवन परिसर का दौरा किया और



इसकी वास्तुकला की भव्यता की प्रशंसा की। उन्होंने गैलरी, चैंबर, संविधान हॉल और संविधान सदन जैसे प्रमुख स्थलों का दौरा किया। यह दौरा सुनक के हाल के भारतीय कार्यक्रमों का हिस्सा है।

इसके बाद पूर्व पीएम और उनके परिवार ने पीएम नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की।

---

हिज्बुल्ला के साथ युद्ध विराम समझौते का किया पालन

# इजराइल ने लेबनानी गांवों से वापस बुलाई सेना, 5 स्थानों पर कब्जा रखा

एजेंसी ▶▶ तेलअवीव

इजराइल की सेना दक्षिणी लेबनान के गांवों से हट गई है, लेकिन पांच स्थानों पर अब भी मौजूद है। हिज्बुल्ला के साथ युद्ध विराम समझौते के तहत सेना वापसी की समय सीमा मंगलवार को समाप्त हो गई। इजराइल ने लेबनान से सेना की पूरी वापसी को 18 फरवरी तक के लिए टाल दिया था। इजराइल ने वापसी की समय सीमा से कुछ घंटे पहले घोषणा की थी कि वह सीमा के पास 'पांच रणनीतिक बिंदुओं' पर सैनिकों को रखेगा। मंगलवार को उसके रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने तैनाती की पुष्टि की और हिज्बुल्ला द्वारा किसी भी 'उल्लंघन' का जवाब देने की बात कही। लेबनान के एक सुरक्षा सूत्र ने बताया कि 'इजराइली सेना पांच बिंदुओं को छोड़कर सभी सीमावर्ती गांवों से हट गई है।'



### लेबनान ने विस्फोटकों की जांच की

लेबनान की सेना ने पहले इलाके की जांच की और फिर सड़कों पर इजराइली सैनिकों द्वारा लगाए गए अवरोधों को हटाया। लोगों को अपने-अपने घर जाने की इजाजत नहीं दी गई थी क्योंकि लेबनान की सेना इलाके में विस्फोटकों की जांच कर रही थी। इजराइली सेना ने भी ड्रोन के जरिए हालात पर निगरानी रखी। इजराइल और हिज्बुल्ला के बीच भले ही युद्धविराम हो गया है, लेकिन अब भी एक मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों में तनाव है। दरअसल इजराइली सेना ने पांच रणनीतिक तौर पर अहम पोस्ट खाली नहीं किए हैं। इजराइल का कहना है कि वे इन पोस्ट से निगरानी जारी रखेंगे।

---

अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामला

# आरोपी क्रिश्चियन मिशेल को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड मामले में छह साल से हिरासत में बंद ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जमानत दे दी। मिशेल अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले में कथित तौर पर बिचौलिया था। सीबीआई और ईडी 3600 करोड़ रुपए के 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर्स की खरीद में उसकी भूमिका की जांच कर रही है। उसे दुबई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद दिसंबर 2018 में हिरासत में लिया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जेम्स पिछले छह



साल से हिरासत में है, जबकि मामले की जांच अभी भी जारी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जेम्स को निचली अदालत द्वारा तय शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाएगा। जेम्स ने मामले में जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। क्रिश्चियन मिशेल जेम्स ब्रिटेन का निवासी है। उसे दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पित किया गया था।

---

बांग्लादेश की अपदस्थ पूर्व पीएम शेख हसीना का यूनुस को पैगाम

# इंशाअल्लाह लौटूंगी और आतंकवादियों की सरकार खत्म कर दूंगी

छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक आंदोलन के दौरान दर्जनों पुलिस अधिकारियों की हत्या

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश की अपदस्थ पूर्व पीएम शेख हसीना ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को 'आतंकवादी' करार दिया है। साथ ही उन्होंने मुल्क में हुई पुलिसकर्मियों की हत्या का बदला लेने की भी कसम खाई है। बीते साल जून-अगस्त में हुए प्रदर्शनों के दौरान 800 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी, जिसमें कई पुलिसकर्मी भी मारे गए थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हसीना ने हाल ही में जूम लिंक के जरिए 5 विधवाओं और उनके बच्चों से बात की थी। इस वर्चुअल मीटिंग को आवामी लीग के अध्यक्ष नजरुल इस्लाम की तरफ से आयोजित किया गया था।

1 जूम के जरिए 5 विधवाओं और उनके बच्चों से बात की थी

2 भागी इसलिए ताकि एक बार फिर देश की सेवा कर सकूं



### यूनुस को सरकार चलाने का अनुभव नहीं

पूर्व पीएम शेख हसीना ने कहा कि यूनुस के पास सरकार चलाने का अनुभव नहीं है। उन्होंने सभी जांच समितियों को भंग कर दिया है और लोगों को मारने के लिए आतंकवादियों को आजाद कर दिया है। वे बांग्लादेश को तबाह कर रहे हैं। हम आतंकवादियों की इस सरकार को बाहर कर देंगे। इंशाअल्लाह। उन्होंने कहा कि मैं लौटूंगी और हमारे पुलिसकर्मियों की मौत का बदला लूंगी। बता दें, हिंसा के दौरान कई पुलिसकर्मियों को भी निशाना बनाया गया था। सिराजगंज में एक दर्जन से ज्यादा पुलिस अधिकारियों की हत्या कर दी गई थी और उनके शवों को जला दिया गया था।


### मेरा वादा है पुलिसकर्मियों की मौत का बदला लूंगी

हसीना ने कहा कि यूनुस ने अपनी अंतरिम सरकार में एक तथाकथित छात्र नेता को शामिल किया है, जो कहते हैं कि पुलिसवालों को मारे बगैर आंदोलन नहीं हो सकता। छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक आंदोलन के दौरान दर्जनों पुलिस अधिकारियों की हत्या हुई लेकिन यूनुस चुप रहे और अराजकता को पनपने दिया। इस अराजकता को हमें खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त 2024 को वह भीड़ के चंगुल से भागकर आई हैं, ताकि एक बार फिर बांग्लादेश की जनता की सेवा कर सकें। उन्होंने कहा कि मैं आपसे सभी से अनुरोध करती हूं कि शांत रहें और एकजुट रहें। मैं वापस लौटूंगी और हमारे शहीदों का बदला लूंगी। मैं पहले की तरह न्याय करूंगी। मेरा वादा है।

---

## टोरंटो में यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त, सभी सेफ

टोरंटो। कनाडा के टोरंटो में सोमवार को एक बड़ा विमान हादसा हुआ जब मिनियापोलिस से आ रही डेल्टा एयरलाइंस की फ्लाइट लैंडिंग के दौरान रनवे पर संतुलन खो बैठी और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में विमान में सवार सभी 80 यात्री सुरक्षित बच गए हालांकि 18 लोग घायल हो गए। हादसे के दौरान विमान तेज हवा (61 किमी/घंटा) के कारण असंतुलित हो गया और लैंडिंग के तुरंत बाद उसका एक पंख टूट गया। इसके बाद विमान पलट गया जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। चालक दल के सदस्यों ने सतर्कता दिखाते हुए सभी यात्रियों को जल्दी से विमान से सुरक्षित बाहर निकाल लिया।



# चैंपियंस ट्रॉफी 2025: दुबई में इन भारतीय गेंदबाजों ने चटकाए हैं सर्वाधिक विकेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से होना है। इस बार ये टूर्नामेंट मेजबान पाकिस्तान और दुबई में खेला जाना है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ खेलेगी। बता दें कि आगामी संस्करण में भारतीय टीम अपने सभी मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलेगी। इस मैदान पर सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाजों के बारे में जानते हैं।




## कुलदीप यादव (10 विकेट)

कुलदीप यादव दुबई में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय हैं। क्रिकइंफो के अनुसार, कुलदीप ने इस मैदान पर 6 वनडे मैचों में 23.70 की औसत से 10 विकेट लिए हैं। इस बीच उनकी इकॉनमी रेट 4.08 की रही है। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 45 रन देकर 3 विकेट लेना रहा है। कुल मिलाकर वनडे क्रिकेट में कुलदीप ने 108 मैचों में 26.22 की औसत से 174 विकेट लिए हैं।

## जसप्रीत बुमराह (8 विकेट)

जसप्रीत बुमराह इस बार चैंपियंस ट्रॉफी की टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह चोट के चलते इस टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। वह दुबई के मैदान पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने दुबई में 4 मैचों में 16 की औसत से 8 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/37 रहा है। कुल मिलाकर उन्होंने अपने वनडे करियर में 23.55 की औसत से 149 विकेट लिए हैं।




## रविंद्र जडेजा (7 विकेट)

दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविंद्र जडेजा का रिकॉर्ड अच्छा है। उन्होंने यहां 4 मैचों में 22.28 की औसत से 7 विकेट लिए हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ पिछली घरेलू वनडे सीरीज में अच्छी लय में दिखे थे और अपनी लय को बरकरार रखना चाहेंगे। जडेजा चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 25.18 की औसत से 16 विकेट अपने नाम किए थे।

## इन भारतीय गेंदबाजों ने लिए हैं 6-6 विकेट

युजवेंद्र चहल ने दुबई में 5 पारियों में 32.83 की औसत और 4.47 की इकॉनमी रेट के साथ 6 विकेट लिए हैं। पूर्व भारतीय खिलाड़ी केदार जाधव ने 5 पारियों में 23.16 की औसत और 3.97 की इकॉनमी रेट के साथ 6 ही विकेट लिए थे। भारतीय टीम से फिलहाल बाहर चल रहे भुवनेश्वर कुमार ने दुबई में 5 पारियों में 29.33 की औसत के साथ 6 विकेट लिए थे।

## खबर संक्षेप



### भारत को बुमराह की कमी बहुत खलेगी : धवन

**दुबई।** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि भारत को चैंपियन्स ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह की कमी बहुत खलेगी लेकिन टीम के हालिया फॉर्म और कई मैच विजेता खिलाड़ियों की मौजूदगी में उनके पास टूर्नामेंट जीतने का शानदार मौका है। धवन ने आईसीसी के कॉलम में लिखा, ''मेरी चिंता यह है कि उन्हें जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। मेरे हिसाब से वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं और उनकी सटीकता को दोहराना मुश्किल है। वह बहुत शांत स्वभाव के हैं। इस तरह की बड़ी आईसीसी प्रतियोगिताओं में यह बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि धवन ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभमन गिल और हर्षित राणा का समर्थन किया।

### पारिवारिक कारणों से द. अफ्रीका लौटे गेंदबाजी कोच मोर्कल



**दुबई।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल पारिवारिक इमरजेंसी के कारण दक्षिण अफ्रीका अपने घर रवाना हो गए। मोर्कल को पिछले साल सितंबर में भारत का गेंदबाजी कोच बनाया गया था। वह शनिवार को भारतीय टीम के साथ दुबई पहुंचे और बुधवार से शुरू हो रही चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले शुरूआती अभ्यास सत्र में भी मौजूद थे। वह सोमवार को दूसरे अभ्यास सत्र में भारतीय टीम के साथ नहीं थे।भारत को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलना है। भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर है जिससे तेज आक्रमण का दारोमदार मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा पर है जबकि हार्दिक पंड्या चौथा विकल्प हैं।

### नामधारी को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंचा रियल कश्मीर



**श्रीनगर।** ब्राजील के स्ट्राइकर पाउलो सीजर के सातवें मिनट में पेनल्टी पर किए गए गोल के दम पर रियल कश्मीर ने घरेलू मैदान पर अपना शानदार रिकार्ड बरकरार रखते हुए मंगलवार को यहां नामधारी एफसी को 1–0 से हराकर आईलीग फुटबॉल टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया। रियल कश्मीर की पिछले सात मैच में यह पांचवीं जीत है जिससे वह खिताब की दौड़ में शामिल हो गया है। चर्चिल ब्रदर्स 28 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर काबिज है। रियल कश्मीर वर्तमान सत्र में एकमात्र टीम है जिसने अभी तक अपना कोई घरेलू मैच नहीं गंवाया है। उसने अपने घरेलू मैदान पर छह मैच जीते हैं जबकि तीन मैच ड्रॉ रहे। उसके अब 15 मैच में 26 अंक हो गए हैं और वह नामधारी की जगह दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

## करांची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैच दोपहर 2:30 बजे से

# पूर्व चैंपियन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच भिड़ंत से आज होगा चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले मैच में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम से आज बुधवार 19 फरवरी को होगा। हाल ही में सम्पन्न हुई त्रिकोणीय वनडे सीरीज के फाइनल में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया था। ऐसे में कीवी टीम आत्मविश्वास से लबरेज होगी।

दूसरी तरफ पाकिस्तानी टीम अपने घर पर इस आईसीसी टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगी। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला यह मैच 19 फरवरी को कराची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान ने जीते हैं ज्यादा वनडे मैच

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच पहला वनडे 1973 में खेला गया था। दोनों टीमों के बीच 118 वनडे मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से कीवी टीम ने 53 मैच जीते हैं और उसे 61 मैच में हार मिली है। 1 मैच टाई रहा है और 3 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।पाकिस्तान ने अपने घर पर खेलते हुए न्यूजीलैंड को 22 मैच में हराया है और सिर्फ 8 मुकाबलों में कीवी टीम को जीत मिली है।



### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

विलियमसन ने चैंपियंस ट्रॉफी के अपने 6 मैचों में 69.00 की औसत से 345 रन बनाए हैं, जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 24 पारियों में 56.08 की औसत से 1,290 रन बनाए हैं। फखर ने चैंपियंस ट्रॉफी के 4 मैचों में 63.00 की औसत से 252 रन बनाए हैं। शाहीन ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध 11 वनडे में 22.87 की औसत से 24 विकेट लिए हैं।

### इस संयोजन के साथ उतर सकती है पाकिस्तानी टीम

पाकिस्तान की टीम त्रिकोणीय वनडे सीरीज में फखर जमान और बाबर आजम की सलामी जोड़ी के साथ उतरी थी और सम्भवतः यही जोड़ी पारी की शुरुआत करेगी।दूसरी तरफ मेजबान टीम अबरार अहमद के रूप में इकलौते विशेषज्ञ स्पिनर के साथ मैदान पर उतर सकती है।

**संभावित एकादशः** फखर जमान, बाबर आजम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर/कप्तान), सलमान आगा, तैयब ताहिर, खुशदिल शाह, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, नसीम शाह और अबरार अहमद।

### न्यूजीलैंड की टीम

न्यूजीलैंड के लॉकी फर्ग्यूसन पैर की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं। कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी थी। अच्छी फॉर्म में चल रहे कॉनवे न्यूजीलैंड से पारी की शुरुआत कर सकते हैं।

**संभावित एकादशः** रचिन रविंद्र , डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, डेरिल मिचेल, टॉम लैथम (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सेंटनर (कप्तान), नाथन स्मिथ, मैट हेनरी और विलियम ओरूके।

## तैयारी

# 90 मीटर के स्तर तक पहुंचने कर रहा हूं कड़ी मेहतन : नीरज चोपड़ा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने खुलासा किया है कि उनके नए कोच यान जेलेजनी ने उनकी तकनीक में गलतियों का पता लगा लिया है और अब वह 90 मीटर के स्तर को हासिल करने के लिए उनके थ्रो करने के तरीकों में कुछ बदलाव करेंगे। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा पिछले महीने पूर्व टेनिस खिलाड़ी हिमानी मोर के साथ अपनी शादी के बारे में भी बताया। चोपड़ा ने कहा कि उनका रिश्ता पहले एक साधारण दोस्ती थी लेकिन धीरे-धीरे उन्हें प्यार हो गया।

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड तोड़ेंगे


चोपड़ा 90 मीटर के स्तर को छूने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था। उनका सत्र मई में डाइमंड लीग के साथ शुरू होगा और यह पूर्व ओलंपिक तथा विश्व चैंपियन जेलेजनी के साथ उनकी साझेदारी की प्रतिस्पर्धी शुरुआत होगी जिनके नाम भाला फेंक में विश्व रिकॉर्ड (98.48 मीटर) भी है। चोपड़ा ने कहा, ''मुझे लगता है कि 90 मीटर से अधिक का थ्रो जल्द आ सकता है। उन्होंने (यान जेलेजनी) मेरे खेल में कुछ तकनीकी समायोजन किए हैं।''

### बदलावों से मैं और बेहतर हो जाऊंगा

उन्होंने कहा, ''उन्हें लगता है कि उनके बदलाव से मुझे मदद मिलेगी। मैं समझ पाया हूं कि वह मेरे से क्या उम्मीद करते हैं। उन्होंने मुझे जो गलतियां बताईं उनमें से एक यह थी कि मैं पेरिस में भी भाला बहुत नीचे फेंक रहा था और मेरा झुकाव बाईं ओर था।'' चोपड़ा ने कहा, ''अगर मैं उन बदलावों को शामिल करने में सक्षम रहा तो मुझे लगता है कि मैं बहुत बेहतर हो जाऊंगा।'' पानीपत के इस खिलाड़ी ने हालांकि जोर देते हुए कहा कि देश के लिए पदक जीतना महत्वपूर्ण है। चोपड़ा ने कहा, ''मैं ऐसा करना चाहूंगा।

## टेनिस

# अजारेंका दुबई ओपन के दूसरे दौर में, अनिसिमोवा हारी




एजेंसी ▶▶| दुबई

दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी विक्टोरिया अजारेंका ने एक सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अन्हेलिना कालिनिना को 2-6, 7-6, 6-4 से हराकरदुबई टेनिस चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। पैंतीस वर्ष की अजारेंका दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने अगले पांच अंक लगातार लेकर दूसरा सेट जीता। अब वह दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक से खेलेंगी जिन्हें दूसरे दौर में बाय मिला है।

### इन खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

वहीं दो दिन पहले दोहा में कतर ओपन खिताब जीतने वाली अमांडा अनिसिमोवा पहले दौर में अमेरिका की ही मैकार्टनी केसलेर से 2-6, 3-6 से हार गई। 11वीं वरीयता प्राप्त डायना स्नाइडेर ने मैगडालीना फ्रेच को 6-2, 6-2 से हराया। 12वीं रैंकिंग वाली मीरा आंद्रीवा ने एलिना एवानेसियान को 6-2, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना 2023 विम्बलडन चैम्पियन मार्केटा वोंड्रोउसोवा से होगा। दसवीं रैंकिंग वाली डारिया कासात्किना को सोराना क्रिस्टी ने 6-1, 6-4 से हराया। 13वीं रैंकिंग वाली बीट्रिज हदाद माइया को अनास्तासिया पोटापोवा ने 6-3, 6-0 से शिकस्त दी। पूर्व विम्लबडन चैम्पियन ओंस जबाउर को अमेरिका की पेटोन स्टीयर्न्स ने 7-6, 6-4 से हराया।


### सिलिच को हराकर अल्काराज कतर ओपन के अंतिम 16 में



**दोहा।** शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने क्रोएशिया के अनुभवी मारिन सिलिच को 6-4, 6-4 से हराकर कतर ओपन टेनिस के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। अमेरिकी ओपन 2014 चैम्पियन 36 वर्ष के सिलिच घुटने की चोट से उबरने के बाद इस सत्र का पहला मैच खेल रहे थे। विश्व रैंकिंग में भी वह 192वें स्थान पर खिसक गए हैं। अब अल्काराज का सामना चीन के झांग झिजेन या इटली के लूका नार्डी से होगा। इससे पहले सातवीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को जिरि लेहेका ने 6-4, 6-4 से हराया। आठवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने एलेक्सी पोपिरिन को 6-2, 7-6 से मात दी और अब वह आस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओकोनेल से खेलेंगे।

# फर्ग्यूसन चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, काइल को मिली जगह

एजेंसी ▶▶| दुबई



न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन पैर की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं। फर्ग्यूसन को रविवार को कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी थी। प्रारंभिक चिकित्सा जांच से पता चला है कि वह टूर्नामेंट के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाएंगे। यह कीवी टीम के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि फर्ग्यूसन उनकी गेंदबाजी इकाई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

### काइल जैमीसन टीम में शामिल

तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को टीम में फर्ग्यूसन की जगह चुना गया है। वह 18 फरवरी को पाकिस्तान के लिए रवाना हुए। जैमीसन पीठ में चोट के कारण 10 महीने के ब्रेक के बाद घरेलू क्रिकेट में लौटे हैं। उनके प्रदर्शन ने उनकी घरेलू टीम कैंटरबरी किंग्स को पिछले दिसंबर में ड्रीम11 सुपर स्मैश टूर्नामेंट के ग्रैंड फ़ाइनल तक पहुँचने में मदद की थी।

# मैरी कॉम बोलीं- मैने इस्तीफा नहीं दिया है, कार्यकाल पूरा करूंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ के खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष और महान मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम ने मंगलवार को इन खबरों का खंडन किया कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी बात को गलत समझा गया और वह अपना कार्यकाल पूरा करेंगी।

लंदन ओलंपिक 2012 कांस्य पदक विजेता मणिपुर की 42 वर्ष की इस मुक्केबाज ने पिछले सप्ताह राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में हलद्वानी में एक 'खराब होटल' में ठहराये जाने पर नाराजगी जताई थी। मैरी कॉम ने कहा



कि उनकी नाराजगी को इस्तीफा मान लिया गया। उन्होंने कहा ,'' मैने इस्तीफा नहीं दिया है । मैं अपना कार्यकाल (2026 के अंत तक) पूरा करूंगी। मैं कुछ कह रही थी, समझा गया कुछ और उन्होंने कहा मैं अपने साथी सदस्यों (खिलाड़ियों के आयोग में) से इतना ही कह रही थी कि आगे से ऐसा हुआ तो मैं इस्तीफा दे सकती हूं । मैने यह कभी नहीं कहा कि मैं इस्तीफा दे रही हूं। आईओए मेरा परिवार है और अगर मैं किसी बात को लेकर नाराज हूं तो मुझे उसे व्यक्त करने का पूरा अधिकार है।'' मैरी कॉम को 2022 में पैनल में चुना गया था जिसमें टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल उपाध्यक्ष हैं।

## प्लेयर्स के परिवारों के लिए बनाए नियमों में बीसीसीआई ने दी थोड़ी ढील

# चैंपियंस ट्रॉफी में साथ ले जा सकते हैं परिवार, मगर कुछ शर्तों के साथ!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान खिलाड़ियों को अपने परिवार के साथ रहने की छूट दे दी है, लेकिन यह इजाजत कुछ शर्तों के साथ है। अब खिलाड़ी एक मैच के लिए अपने परिवार के सदस्य को दुबई बुला सकते हैं।

यह बदलाव पिछले महीने की सख्त पाबंदियों के बाद किया गया है। हालांकि, यह अनुमति कुछ खास शर्तों के साथ दी गई है, ताकि खिलाड़ियों को अपने परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिल सके, लेकिन उनके पेशेवर दायित्वों में कोई खलल न हो। इस फैसले से खिलाड़ियों को थोड़ी राहत जरूर मिलेगी, लेकिन बीसीसीआई ने यह भी सुनिश्चित किया है कि प्रतियोगिता के दौरान उनका ध्यान पूरी तरह से खेल पर केंद्रित रहे।



### पहले क्या था नियम और अब क्या है

बीसीसीआई ने पहले ऐलान किया था कि परिवार के सदस्य पूरे दौरे के दौरान खिलाड़ियों के साथ नहीं रह सकते। केवल 45 दिनों से लंबी सीरीज के दौरान परिवार के किसी एक सदस्य को दो सप्ताह तक खिलाड़ियों के पास रहने की अनुमति दी जा सकती थी। अब बीसीसीआई ने फैसला किया है कि चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान खिलाड़ियों को एक मैच के लिए अपने परिवार के किसी सदस्य को दुबई बुलाने की अनुमति होगी। यह फैसला खासकर इस टूर्नामेंट के छोटे होने की वजह से लिया गया है।

### टीम प्रबंधन को सौंपना होगी लिस्ट

टीम प्रबंधन के एक वरिष्ठ सदस्य के अनुसार, अब खिलाड़ियों को यह अधिकार होगा कि वे खुद तय कर सकें कि किस मैच के दौरान वे अपने परिवार के सदस्य को अपने पास बुलाना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें टीम प्रबंधन को एक लिस्ट सौंपनी होगी, जिसमें यह बताया जाएगा कि कौन सा खिलाड़ी किस मैच के लिए अपने परिवार के सदस्य को साथ लाना चाहता है।

### खिलाड़ियों को सीमित समय के लिए मिलेगी राहत

इस नियम में राहत देते हुए बीसीसीआई ने यह स्पष्ट किया है कि यह सुविधा केवल एक मैच के लिए होगी। इस फैसले का कारण यह है कि खिलाड़ियों को अपनी व्यस्तता के बावजूद थोड़ा परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिले, ताकि वे मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रह सकें।

**पाकिस्तान से मैच में पहुंचेंगे परिजन :** अगर एक मैच की बात है, तो यहाँ साफ़ तौर पर कहा जा सकता है कि वह मुकाबला 23 मार्च, यानी रविवार को होने वाला भारत-पाक मैच होगा। इस मैच को ही टूर्नामेंट का सबसे तीव्र मुकाबला माना जा सकता है। टीम इंडिया का पहला मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार को खेला जाना है। इस मैच में पैरेंट्स और पत्नियों के जाने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है।

# ‘शक्ति स्वरूपा’ बैले डांस फॉर्म से होगा ‘नूतन भव्या-2025’ का शुभारंभ

## पहली बार कॉलेज स्तर पर होगा बैले डांस फॉर्म, एक माह की वर्कशॉप में 30 छात्राओं ने सीखा बैले डांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हर एक कॉलेज में प्रत्येक वर्ष वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाता रहा है खासकर फरवरी, मार्च का महीना तो कॉलेज स्तर पर वार्षिकोत्सव के रुप में भी देखा जाता है। इसी कड़ी में शहर के शिवाजी नगर स्थित नूतन कॉलेज के वार्षिक उत्सव का आयोजन भी 3 से 8 मार्च तक किया जा रहा है। 3 मार्च से आयोजित होने वाले नूतन के वार्षिकोत्सव ‘नूतन भव्या-2025’ का शुभारंभ होगा ‘शक्ति स्वरूपा’ बैले डांस फॉर्म से, जिसमें कॉलेज की 30 छात्राएं अलग अलग डांस फार्म में नृत्य प्रस्तुति करेंगी।

**कॉलेज की 30 छात्राएं अलग-अलग डांस फार्म में नृत्य प्रस्तुति करेंगी**

**वार्षिक उत्सव का आयोजन भी 3 से 8 मार्च तक किया जा रहा है**



### कॉलेज स्तर पर नया प्रयोग होगा बैले डांस

‘नूतन भव्या-2025’ की को-ऑर्डिनेटर डॉ नीना श्रीवास्तव ने बताया कि बैले डांस फार्म के लिए छात्राएं एक माह की वर्कशाप में नृत्य सीख रही हैं। जिन्हें रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप के दया बैले डांस मूव्स सिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज स्तर पर यह एक प्रकार से नया प्रयोग होगा, जब एक दो नहीं बल्कि 30 छात्राएं एक घंटे के जिए बैले डांस फार्म को प्रस्तुत करेंगी। नीना कहती हैं कि इसके साथ ही पहली बार नूतन वार्षिकोत्सव में डूडलिंग, स्टैंड अप कॉमेडी और शॉपिंग बेग मेकिंग प्रतियोगिताएं भी होंगी।

### छाऊ नृत्य के साथ क्लासिकल डांस फार्म और कंटेम्परेरी मूव्स होंगे शामिल

छात्राओं को बैले सिखाने वाले दया कहते हैं कि शक्ति स्वरूपा बैले डांस फॉर्म में हमनें अलग अलग डांस फार्म को लिया हैं। जिसमें छाऊ नृत्य के साथ ही क्लासिकल डांस फार्म के मूव्स भी शामिल हैं। इसके साथ ही कंटेम्परेरी और एक्सपेरिमेंटल मूवमेंट के रूप में शक्ति का प्रदर्शन उनके अलग अलग रुपों में होगा। इस प्रस्तुति में मां दुर्गा के अलग अलग रुपों को छात्राएं प्रदर्शित करेंगी।

### ‘नूतन भव्या-2025’ के अंतर्गत होने वाली प्रस्तुतियां

- 3 मार्च को द्वार सज्जा, मेहंदी, शॉपिंग बेग मेकिंग, फायरलैस कुकिंग
- 4 मार्च को नृत्य नाटिका, ट्रेजर हंट, स्टैंड अप कॉमेडी, तात्कालिक भाषण
- 5 मार्च को सलाद सज्जा, डूडलिंग, नूतन कोकिला, गेस्ट फैकल्टी परफॉर्मेंस समूह नृत्य प्रतियोगिता
- 6 मार्च को नूतन भव्या का चयन
- 8 मार्च को नूतन कार्निवाल

### नूतन कॉर्निवाल में दिखेगी अलग-अलग राज्यों की संस्कृति

कॉलेज की प्राचार्य डॉ दीप्ति श्रीवास्तव ने कहा कि नूतन कॉलेज हमेशा से ही वार्षिकोत्सव के रुप में



सांस्कृतिक गौरव बढ़ाने के प्रयास में करता है और इस बार नूतन भव्या नाम रखने का उद्देश्य भी आदि शक्ति के भव्य रुप से लिया गया है। जिसमें हमनें वार्षिकोत्सव के समापन अवसर 8 मार्च को ‘एक भारत श्रेष्ठ भारत’ थीम पर नूतन कॉर्निवाल का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें 28 स्टॉल पर देश के अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को छात्राओं द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें छात्राएं संबंधित राज्य की वेशभूषा में वहां की संस्कृति को दिखाने का प्रयास करेंगी।

---

## खबर संक्षेप

### ‘राजघाट से राजपाट तक’ का लोकार्पण आज

**भोपाल।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा वरिष्ठ व्यंग्यकार अशोक व्यास की पुस्तक ‘राजघाट से राजपाट तक’ का विमोचन 19 फरवरी को शाम 4 बजे दुष्यंत कुमार पाण्डुलिपि संग्रहालय में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ जीवन एस रजक, वरिष्ठ साहित्यकार होंगे एवं कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि अभा साहित्य परिषद की राष्ट्रीय मंत्री व निराला सृजनपीठ की निदेशक डॉ साधना बलवटे रहेंगी। अध्यक्षता अभा साहित्य परिषद भोपाल इकाई अध्यक्ष एवं निदेशक उर्दू अकादमी डॉ नुसरत मेहदी करेंगी।

### इतिहासविद धर्मपाल की जयंती पर व्याख्यान आज

**भोपाल।** विख्यात विचारक एवं इतिहासविद धर्मपाल की जयंती अवसर पर आज दोपहर 3 बजे स्वराज सभागार, रवीन्द्र भवन परिसर में ‘भारत का स्वधर्मः धर्मपाल की दृष्टि में’ विषय पर व्याख्यान आयोजित होगा। मुख्य वक्ता मनोज श्रीवास्तव, राज्य निर्वाचन आयुक्त, मप्र होंगे एवं अध्यक्षता डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव, प्राचार्य, सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय द्वारा की जाएगी।

### 24 फरवरी को मंचित होगा ‘आधी रात के बाद’

**भोपाल।** रंग संस्था कारवां आगामी 24 फरवरी को शहीद भवन में डॉ शंकर शेष द्वारा लिखित नाटक ‘आधी रात के बाद’ का मंचन करेगा। जिसमें निर्देशन किया है वरिष्ठ निर्देशक, लेखक नजीर कुरैशी ने। नाटक में रोमांच एवं व्यंग के साथ जीवन और समाज से जुड़े मूल मुद्दों पर प्रश्न खड़े किये गये हैं और यह सब उत्पन्न होता है एक चोर और जज के बीच के संवादों से। यह अदालत में नहीं होते बल्कि आधी रात में चोर जज के घर में घुसता है और फिर उनके संवादों के बीच बीच में हास्य भी पैदा होता है।

---

### भारत भवन में आयोजित 43वें वर्षगांठ समारोह में हुई विविध सांगीतिक प्रस्तुति

# सांझ के खूबसूरत राग मारवा में कलाकार ने किया शास्त्रीय कला का समृद्ध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन में आयोजित 43वे वर्षगांठ समारोह में मंगलवार को पुणे के गायक कलाकार राहुल देशपांडे का शास्त्रीय गायन हुआ। विविध कलाओं के इस उत्सव में राहुल देशपांडे ने शास्त्रीय रागों के आरोह अवरोह का बेहतर तालमेल अपनी प्रस्तुति में पेश किया। खास बात यह है कि इस प्रस्तुति के लिए राहुल ने सांझ के खूबसूरत राग मारवा का चयन किया। इसमें उन्होंने दो रचनाएं पेश की।

### विलंबित एक ताल में रचना ये माती चली चमकत...



*पहली प्रस्तुति विलंबित एक ताल में रचना ये माती चली चमकत...को सुनाया। इसके बाद कलाकार ने इसी राग में विलंबित द्रुत एक ताल में बंदिश बोलन जिन कभी... रचना की मनमोहक प्रस्तुति कलाप्रेमियों की स्मृति में रच बस गई। मारवा रागों का प्रमुख राग है। इस राग में कोमल रे का अधिक इस्तेमाल होता है और सा का जान-बूझकर परित्याग किया जाता है।*

### मध्यलय तीन ताल में बंदिश फूल बिन सेज संवारु...

प्रस्तुति को विस्तार देते हुए राहुल ने राग भूप में मध्यलय तीन ताल में बंदिश फूल बिन सेज संवारु... बंदिश पेश की। इसके बाद उन्होंने पहले दादरा की प्रस्तुति के बाद कबीर का निर्गुणी भजन कि प्रस्तुति दी। अंत में राहुल ने अभंग की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम को विराम दिया। राहुल की इस प्रस्तुति में तबले पर निखिल पाठक, हारमोनियम पर अभिनय में संगत दी। इस अवसर पर भारत भवन न्यास के अध्यक्ष डॉ वामन केंद्रे मुख्यरूप से उपस्थित हुए।

### पूर्वरंग में बाल कलाकारों ने दी प्रस्तुति

पूर्वरंग में नाट्य संगीत की प्रस्तुति हुई। इसमें चिल्ड्रन्स थियेटर अकादमी के कलाकारों ने सुश्रुत गुप्ता के निर्देशन में प्रस्तुति की शुरुआत जुगलबंदी से की जिसमे सारंगी, स्वर, और तबले का गठजोड़ हुआ। उसके बाद निराला की रचना वर दे वीणा वादिनी और कबसे में पथ देख रही प्रिय, ले धनिया ले मेथी पर बाल कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

### बिना कट की नाट्य प्रस्तुति, अपने आप में एक नया प्रयोग

प्रस्तुति में तीन हारमोनियम, एक सारंगी, तबला ढोलक और नगाड़े का उपयोग हुआ। प्रस्तुति को एक नाटक की तरह ही पिरोया गया जिसके बीच में कोई कट नहीं रहा ये अपने आप में एक नया प्रयोग है। लगभग 17 से 20 कलाकारों ने इसे जीवंत किया।



---

### स्कोप ग्लोबल स्किल्स में होगा आयोजन

# वनमाली कथा समय एवं राष्ट्रीय विष्णु खरे कविता सम्मान समारोह आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कहानी और कविता पर केंद्रित भव्य समागम 19 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। कला, साहित्य एवं संस्कृति के लिये समर्पित वनमाली सृजनपीठ द्वारा वनमाली के शिष्य एवं प्रखर कवि, आलोचक, अनुवादक, पत्रकार विष्णु खरे की स्मृति में राष्ट्रीय कविता सम्मानों की घोषणा की गई है। तीन दिवसीय वनमाली कथा समय एवं राष्ट्रीय विष्णु खरे कविता सम्मान समारोह रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एवं स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में होगा। 19 एवं 20 फरवरी को रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि में कथा समय का एवं 21 फरवरी को ‘विष्णु खरे कविता सम्मान’ का आयोजन स्कोप ग्लोबल स्किल्स विवि के वनमाली सभागार में होगा।

### विष्णु खरे की कविताओं पर आधारित नाट्य प्रस्तुति होगी खास

इसमें पहले दिन ‘समकालीन साहित्यिक पत्रकारिता का परिदृश्य’ और वनमाली कथा, ‘परिचर्चाः मलयालम में हिंदी के रचनाकार’ विषयों पर सत्रों का आयोजन होगा। समारोह के अंतर्गत होने वाली संगोष्ठी का विषय ‘कृत्रिम बुद्धिमत्ता के परिपार्श्व में कहानी का भविष्य’ है। इस अवसर पर ‘विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड-2025’ का पोस्टर रिलीज किया जाएगा। शाम के सत्र में ‘नाज मैं किस पर करूं’ की नाट्य प्रस्तुति होगी जो कि विष्णु खरे की कविताओं पर आधारित है।

### यह साहित्यकार होंगे सम्मानित

चार अलग-अलग श्रेणियों में रचनाकारों को सम्मानित किया जाएगा
विष्णु खरे अनुवाद सम्मान से वरिष्ठ अनुवादक ए. अरविंदाक्षन (केरल),



विष्णु खरे आलोचना सम्मान से वरिष्ठ आलोचक, कवि, अनुवादक नंदकिशोर आचार्य (बीकानेर)



विष्णु खरे कविता सम्मान से सुप्रसिद्ध साहित्यकार, कवि, अनुवादक एवं आलोचक लीलाधर मंडलोई (नई दिल्ली)

विष्णु खरे युवा कविता सम्मान से युवा कवियत्री पार्वती तिर्की (झारखंड) को सम्मानित किया जाएगा।



---

# कलाघर में कविता पाठ ‘कविताओं की दुनिया’ का आयोजन

## प्रतिष्ठित कवियों की रचनाओं के वाचन से सजी ‘कविताओं की दुनिया’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरंभ थिएटर एंड सोशियो वेलफेयर सोसायटी द्वारा कविता पाठ ‘कविताओं की दुनिया’ का आयोजन मंगलवार को कलाघर में किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित कवियों की रचनाओं का वाचन किया गया, जिससे साहित्य प्रेमियों को काव्य की गहराइयों को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में मृदुला शर्मा ने सरोजिनी नायडू की कविताओं का पाठ कर नारी के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

**प्रतिष्ठित कवियों की रचनाओं का वाचन किया गया**

**नारी का महत्व प्रभावी ढंग से किया प्रस्तुत**



### विशेष आकर्षण का केंद्र रही ‘मुलाकात’ कविता

*वहीं राम्या शर्मा (रजनी) ने अमृता प्रीतम की प्रसिद्ध रचनाएं पढ़ीं, जिसमें ‘मुलाकात’ कविता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। अमित जाट ने रामधारी सिंह दिनकर की ओजस्वी कविताओं का पाठ किया, जबकि संदीप पाटिल ने रवींद्रनाथ टैगोर की कविताओं को प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। अमित जाट ने कविताओं के अर्थ का विस्तारपूर्वक व्याख्यान करते हुए दर्शकों को उनकी गहराई से अवगत कराया।*

### राज्यपाल पटेल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की भेंट



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सौजन्य भेंट के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राजभवन पहुंचे। राज्यपाल पटेल को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्पगुच्छ भेंट किया। उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की।

---

राजधानी

### रोमांचक बैलगाड़ी दौड़ बसारी के राव बहादुर सिंह स्टेडियम में आयोजित

# बुंदेली उत्सवः सबसे तेज दौड़ी हरनारायण की बैलगाड़ी, 20 प्रतिभागियों को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

बुंदेली विकास संस्थान द्वारा बसारी के राव बहादुर सिंह स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे बुंदेली उत्सव के 26वें संस्करण के चौथे दिन रोमांचकारी बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता हुई, जिसमें नैगुवां के हरनारायण अग्निहोत्री की बैलगाड़ी सबसे आगे रही। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 20 अन्य प्रतिभागियों को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही आयोजन स्थल पर आधा दर्जन से अधिक बुंदेली फिल्मों का प्रदर्शन भी हुआ।

बैलगाड़ी दौड़ का शुभारंभ संस्थान के संरक्षक शंकर प्रताप सिंह बुंदेला मुन्ना राजा और अध्यक्ष आदित्य शंकर बुंदेला ने चौथे दिन के खास मेहमान विशेष क्षेत्र प्राधिकरण खजुराहो के पूर्व अध्यक्ष डॉ अवध अवस्थी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कालीचरण पटेल और राजनगर के पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष डॉ मुराद अली के साथ किया। बैलगाड़ी दौड़ की इस रोमांचक प्रतियोगिता को देखने के लिए क्षेत्र के सैकड़ों लोग आयोजन स्थल पर पहुंचे थे, जिन्होंने अपने शोरगुल से प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

**खास बातें**

- आधा दर्जन से अधिक बुंदेली फिल्मों का प्रदर्शन भी हुआ
- रोमांचकारी बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता हुई



### टपरा टाकीज में हुआ बुंदेली सिनेमा का प्रदर्शन

*आयोजन के चौथे दिन टपरा टॉकीज में आधा दर्जन से अधिक बुंदेली फिल्मों और वेब सीरीज का प्रदर्शन हुआ, जिनका आनंद लेने के लिए हर वर्ग के लोग पहुंचे। टपरा-टॉकीज में इश्तियाक आरिफ खान द्वारा निर्देशित बुंदेली वेब सीरीज कृपया ध्यान दीजिए के अलावा अनूप चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित बुंदेली फिल्म चैत की कटाई, हिमालय यादव द्वारा निर्देशित घर में सुपा, काज में फूफा, कन्दू रैकवार द्वारा निर्देशित मूसरचंद, मनोज कुशवाहा द्वारा निर्देशित गगरी की उतराई, जय हिंद यादव द्वारा निर्देशित होली पे लड़ाई और कमल चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित मूंगफली की पटवाई फिल्म का प्रदर्शन किया गया।*

### बीना के नाम रहा पुरुष वर्ग खो-खो का खिताब

बुंदेली उत्सव के तीसरे दिन देर रात तक चली पुरुष वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता का खिताब इस वर्ष बीना के नाम रहा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुरुष वर्ग खो-खो का पहला सेमीफाइनल बसारी और बीना के बीच हुआ, जिसमें बीना विजेता रही। दूसरा सेमी फाइनल दमोह और पन्ना के बीच था, जिसमें दमोह को हराकर पन्ना विजय हुई। प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला पन्ना और बीना के मध्य हुआ, जिसमें रोमांचक ढंग से बीना की टीम ने जीत हासिल की। विजेता बीना को 5100 रुपए की नगद राशि तथा शील्ड और उपविजेता पन्ना को 3100 रुपए की नगद राशि तथा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका में हरिओम बीना और पुष्पेंद्र यादव बसारी रहे, जबकि स्कोरिंग का जिम्मा श्यामलाल पाल बसारी ने संभाला।



### किड्जी लांबाखेड़ा और लिटिल मिलेनियम का वार्षिकोत्सव आयोजित



**भोपाल।** रवीन्द्र भवन में मंगलवार को किड्जी लांबाखेड़ा और लिटिल मिलेनियम कोलार का वार्षिकोत्सव आरोहन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल डीसीपी भोपाल के घनश्याम मालवीय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की भव्यता और बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि एडिशनल डीसीपी घनश्याम मालवीय ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया से बच्चों को पूरी तरह से दूर रखना उचित नहीं है। बल्कि, माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को इसके सकारात्मक उपयोग के प्रति जागरुक करें और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन दें।

### कटारे के नेतृत्व में लोकायुक्त डीजी से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

**भोपाल।** परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की परिवहन विभाग में अनुकंपा नियुक्ति को लेकर कांग्रेस ने पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह को सह आरोपी बनाने की मांग की है। विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल लोकायुक्त कार्यालय पहुंचा और लोकायुक्त डीजी जयदीप प्रसाद को शपथ पत्र के साथ शिकायत सौंपी है। लोकायुक्त डीजी से मुलाकात के बाद उप नेता प्रतिपक्ष ने मीडिया से कहा- हमारा एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर शिकायती आवेदन सौंपा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930